शनिवार, 25 अक्टूबर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 33 |
| आर्द्रता | 72% |
| सूर्योदय: 5:37 | सूर्यास्त: 17:05 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
Epaper.samagya.in
# समाज्ञा


आंध्र प्रदेश के कुरनूल में निजी बस में आग लगी, 20 लोगों की मौत पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक शुक्लपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जीवन में सफल होने के लिए खुद की मेहनत पर भरोसा करना चाहिए।




**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

**समाज्ञा हिन्दी दैनिक**
कॉर्पोरेट आफिस :
230, चित्तरंजन एवेन्यू, 3सरा तल्ला
कोलकाता–700 006

# भारतीय रिफाइनरी पश्चिम एशिया से अधिक तेल खरीदेंगी, अमेरिका ले सकता है रूस की जगह



**नयी दिल्ली :** दो रूसी तेल उत्पादक कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भारतीय रिफाइनरी कंपनियां रूस से कच्चे तेल आयात में होने वाली कमी की भरपाई के लिए पश्चिम एशिया, लातिन अमेरिका और अमेरिका से कच्चे तेल की खरीद बढ़ा सकती हैं। सूत्रों और विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है। अमेरिकी सरकार ने 22 अक्टूबर को रूस के दो सबसे बड़े कच्चे तेल उत्पादकों रॉसनेफ्ट और ल्यूकऑयल पर प्रतिबंध लगा दिए। इसके साथ सभी अमेरिकी संस्थाओं और व्यक्तियों को इन कंपनियों के साथ व्यापार करने से रोक दिया गया है। प्रतिबंधित रूसी तेल कंपनियों या उनकी अनुषंगी इकाइयों के साथ लेनदेन करते पाए जाने पर गैर–अमेरिकी फर्मों को भी दंड का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिकी वित्त विभाग ने कहा है कि रॉसनेफ्ट और ल्यूकऑयल से जुड़े सभी मौजूदा लेनदेन 21 नवंबर तक समाप्त हो जाने चाहिए। इस समय भारत के कच्चे तेल आयात में लगभग एक तिहाई हिस्सा रूस का है। रूस ने भारत को वर्ष 2025 में औसतन लगभग 17 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का निर्यात किया। इसमें से लगभग 12 लाख बैरल प्रतिदिन तेल सीधे रॉसनेफ्ट और ल्यूकऑयल से आया। इनमें से ज्यादातर तेल निजी रिफाइनरी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और नायरा एनर्जी ने खरीदा था। सरकारी रिफाइनरी कंपनियों की इसमें कम हिस्सेदारी ही रही है। केप्लर के प्रमुख शोध विश्लेषक (रिफाइनिंग और मॉडलिंग) सुमित रितोलिया ने कहा कि 21 नवंबर तक रूसी कच्चे तेल की आवक 16–18 लाख बैरल प्रतिदिन के दायरे में रहने की उम्मीद है, लेकिन उसके बाद रॉसनेफ्ट और ल्यूकऑयल से सीधे आयात में गिरावट आ सकती है। जाहिर है कि भारतीय रिफाइनरी कंपनियां अमेरिकी प्रतिबंधों के किसी भी जोखिम से बचना चाहती हैं। सूत्रों ने बताया कि रॉसनेफ्ट के साथ पांच लाख बैरल प्रतिदिन तक कच्चा तेल खरीदने का 25 साल का अनुबंध रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज उससे तेल आयात रोकने वाली पहली कंपनी हो सकती है।

## जम्मू कश्मीर में राज्यसभा की 4 में से 3 सीटों पर नेशनल कॉन्फ्रेंस का कब्जा, एक बीजेपी के खाते में

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर में राज्यसभा की चार सीटों पर हुए चुनाव के नतीजों का ऐलान हो गया है। चार में से तीन सीटों पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है जबकि चौथी सीट बीजेपी ने जीती है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के चौधरी मोहम्मद रमजान, सज्जाद अहमद किचलू और शमी ओबेरॉय चुनाव जीते हैं जबकि चौथी सीट पर बीजेपी के सत शर्मा की जीत हुई है। सत शर्मा को 32 वोट मिले हैं। सत शर्मा मौजूदा समय में जम्मू कश्मीर बीजेपी के अध्यक्ष हैं।पार्टी बयान के मुताबिक, नेशनल कॉन्फ्रेंस के चौधरी मोहम्मद रमजान ने जीत दर्ज की है। उन्हें 58 वोट मिले।

## भारत जल्दबाजी में या 'दबाव में आकर' व्यापार समझौते नहीं करता: गोयल



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत जल्दबाजी में या 'किसी तरह के दबाव में आकर' व्यापार समझौते नहीं करता है। गोयल ने कहा कि भारत की यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका सहित विभिन्न देशों एवं समूहों के साथ व्यापार समझौतों पर सक्रिय रूप से बातचीत जारी है। गोयल ने जर्मनी में आयोजित 'बर्लिन संवाद' में कहा, ''हम यूरोपीय संघ के साथ सक्रिय बातचीत कर रहे हैं। हम अमेरिका से भी बात कर रहे हैं लेकिन हम जल्दबाजी में कोई समझौता नहीं करते और न ही कोई समयसीमा तय करके या फिर किसी तरह के दबाव में आकर कोई समझौता करते हैं।'' वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री इस संवाद कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए बर्लिन में हैं। यह द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए नेताओं और जर्मन व्यवसायों की एक बैठक। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी भी व्यापार समझौते को दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए।

## भारत, अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब

भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को अंतिम रूप देने के 'बेहद करीब' हैं, क्योंकि दोनों पक्ष अधिकांश मुद्दों पर सहमति की तरफ बढ़ रहे हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते के प्रावधानों और शर्तों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, जहां तक अमेरिका के साथ समझौते की बात है तो हम इसे अंतिम रूप देने के बेहद करीब हैं। अधिकारी ने कहा, समाधान के लिए अब अधिक मसले नहीं बचे हैं। समझौते पर बातचीत प्रगति पर है और अब कोई नया मुद्दा वार्ताओं में बाधा नहीं बन रहा है।

# पश्चिम बंगाल में 'एसआईआर' प्रक्रिया नवंबर से, जनवरी तक पूरा होगा कार्य

### पूरी प्रक्रिया होगी डिजिटल

**कोलकाता, समाज्ञा :** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया नवंबर के पहले सप्ताह में शुरू होने जा रही है। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय के एक वरिष्ठ सूत्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने गुरुवार को दिल्ली में हुई राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) की बैठक में इस संबंध में संकेत दिया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने की, जबकि आयोग के अन्य सदस्य सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी उपस्थित रहे। आगामी वर्ष पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। इन पांचों राज्यों के सीईओ के साथ आयोग की फुल बेंच ने अलग–अलग बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। आयोग सूत्रों के अनुसार, इन राज्यों को 'एसआईआर' प्रक्रिया में विशेष प्राथमिकता दी जाएगी ताकि जनवरी के अंत तक सभी कार्य पूरे किए जा सकें। चूंकि, इन राज्यों में अप्रैल के अंत तक चुनाव कराना है, आयोग ने मैदान स्तर पर कार्यरत अधिकारियों जिला चुनाव अधिकारी, चुनाव पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), सहायक ईआरओ और बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) के प्रशिक्षण व नियुक्ति पर विशेष जोर दिया है। सूत्रों का कहना है कि इस बार 'एसआईआर' प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी। इसके लिए नई मोबाइल एप्लीकेशन विकसित की जा रही हैं, जिससे मतदाता सूची के अद्यतन का कार्य अधिक पारदर्शी और सरल बनेगा।

**बीएलओ और ईआरओ की भूमिका निर्धारित**

आयोग ने स्पष्ट किया कि बीएलओ की भूमिका केवल घर–घर जाकर मतदाता सूची से संबंधित फॉर्म वितरित करने, संग्रह करने और मतदाता की उपस्थिति की पुष्टि तक सीमित है। आयोग ने यह भी जोर दिया कि फर्जी नामों को हटाने का अंतिम निर्णय ईआरओ लेंगे। आवश्यकता पड़ने पर वे स्थल पर जांच भी कर सकते हैं। यदि किसी बीएलओ पर किसी राजनीतिक दल से दबाव डाला जाता है, तो उन्हें सीधे आयोग को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद, आयोग आवश्यकतानुसार पुलिस कार्रवाई करेगा और आवश्यकता होने पर कानून के अनुसार सुरक्षा या कानूनी कदम उठाएगा।

## आज नहाए खाए के साथ शुरू होगा छठ महापर्व



**कोलकाता, समाज्ञा :** लोक आस्था का महापर्व छठ की शुरुआत आज से नहाए खाए के साथ शुरू होगा। वैदिक पंचांग के अनुसार, हर साल छठ पर्व का आरंभ कार्तिक मास में आने वाली शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से होता है। इस बार, 25 अक्टूबर, शनिवार को शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि है। आज नहाय–खाय है और इस दिन, व्रती सबसे पहले पवित्र नदी में स्नान करती है, जिसके बाद भोजन किया जाता है। इसे ही नहाय–खाय कहा जाता है। व्रती भोजन में चावल, चने की दाल, कद्दू की सब्जी लेगीं। इसके बाद, दूसरे दिन रविवार को खरना है जहां पूरे दिन उपवास रखकर चूल्हे पर खीर बनायी जायेगी और छठ मैया को अर्पित के बाद प्रसाद खाया जायेगा। उसके बाद, 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जायेगा। सोमवार को भगवान भास्कर को संध्याकालीन अर्घ्य पहला अर्घ्य है। अर्थात, डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। मंगलवार को सूर्य देव को प्रातःकालीन अर्घ्य प्रदान किया जाएगा। इस दिन, छठ का चौथा दिन दूसरे अर्घ्य व समापन का दिन है। उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठव्रती परिवार में सुख शांति–समृद्धि की प्रार्थना करेंगी। इधर, छठ पूजा को लेकर महानगर के तमाम बाजारों में छठ पूजा में उपयोग होने वाले फल व जरूरी सामग्री की कीमतें आसमान छू रही है। जानबाजार से लेकर खिदिरपुर बाजार में अचानक बढ़ी कीमतों के कारण हर तबका परेशान है। चूंकि, नहाय खाय के लिए कद्दू भात के लिए कद्दू की अनिवार्यता के कारण इसके भाव प्रति पीस से किलो तक पहुंच गए। महानगर के बाजारों में कद्दू (लौकी) प्रति एक 80 रुपये से लेकर 150 रुपये तक में बेचा जा रहा था और व्रती इसे लेने के लिए मजबूर थीं।

## पति के अधिकार पर सवाल उठाना और उसकी मां पर निंदनीय आरोप लगाना मानसिक क्रूरता: दिल्ली उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि पति के अधिकार पर सवाल उठाना और उसकी मां के खिलाफ निंदनीय आरोप लगाना मानसिक क्रूरता के समान है, जो तलाक का ठोस आधार बन सकता है। न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने परिवार अदालत के तलाक संबंधी आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि अपमानजनक भाषा, शारीरिक हिंसा और सामाजिक अलगाव जैसे व्यवहार अपने आप में विवाह विच्छेद के लिए पर्याप्त हैं। मामले में महिला भारतीय रेलवे यातायात सेवा की ग्रुप 'ए' अधिकारी है, जबकि पति पेशे से वकील हैं। दोनों ने जनवरी 2010 में विवाह किया था और मार्च 2011 में अलग हो गए थे। परिवार अदालत ने 2023 में पति के पक्ष में तलाक का आदेश दिया था।

## 'अबकी बार मोदी सरकार' नारा लिखने वाले 'एड गुरु' पीयूष पांडे का निधन




**मुंबई :** भारतीय विज्ञापन जगत में देसी तड़का और इसकी मिट्टी की खुशबू मिलाने वाले और विज्ञापन जगत के दिग्गजों में से एक पीयूष पांडे का शुक्रवार को मुंबई में निधन हो गया। देश के 2014 के संसदीय चुनावों का लोकप्रिय नारा 'अबकी बार, मोदी सरकार' पीयूष पांडे ने ही लिखा था। भारत के 'एड गुरु' पीयूष पांडे ने भारतीय हास्य बोध और देसी अंदाज के साथ हिंदी को मुख्यधारा में लाकर देश में विज्ञापन जगत को नए तेवर दिए और अंग्रेजी–प्रधान विज्ञापनों को पीछे धकेल दिया। पांडे 1982 में 'ओगिल्वी इंडिया' से जुड़े और बाद में कंपनी के 'ग्लोबल क्रिएटिव हेड' के शीर्ष स्तर तक पहुंचे। उन्होंने विज्ञापनों में स्थानीय भाषा, देसी अंदाज और भावनाओं को शामिल कर भारतीय विज्ञापन जगत में नयी क्रांति पैदा की। उनके द्वारा तैयार किए गए लोकप्रिय विज्ञापन देश की संस्कृति और लोगों की यादों का हिस्सा बन चुके हैं जिनमें कैडबरी के 'कुछ खास है' व 'असली स्वाद जिंदगी का', एशियन पेंट्स का 'हर खुशी में रंग लाए' और फेविकोल का 'ये फेविकोल का जोड़ है, टूटेगा नहीं' व 'अंडे वाला' विज्ञापन शामिल हैं। पांडे को 2016 में पद्मश्री और 2024 में 'लंदन इंटरनेशनल अवार्ड्स' के 'लेजेंड अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। उन्हें 2004 में कान्स लायंस जूरी की अध्यक्षता करने वाले पहले एशियाई होने का गौरव भी हासिल हुआ। पीयूष पांडे को क्रिकेट में भी खास दिलचस्पी थी।

## महागठबंधन है 'महालठबंधन', नीतीश के नेतृत्व में राजग सभी चुनावी रिकॉर्ड तोड़ेगा: प्रधानमंत्री मोदी



**समस्तीपुर/बेगूसराय :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार में अपने चुनावी अभियान का आगाज करते हुए महागठबंधन पर तीखा हमला बोला और इसे ''महालठबंधन'' करार दिया तथा यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पिछले सभी चुनावी रिकॉर्ड तोड़ देगा। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि इन दलों के नेता ''सबसे भ्रष्ट और जमानत पर छूटे हुए लोग हैं।'' प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित होने के बाद शुक्रवार को अपनी पहली जनसभा समस्तीपुर में की। इसके बाद उन्होंने बेगूसराय में भी एक जनसभा को संबोधित किया। बिहार में महागठबंधन के नाम से जाने जाने वाले विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इसे ''महालट्ठबंधन'' करार दिया। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि 'इंडिया' गठबंधन के दो सबसे बड़े घटक दल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस के नेता सबसे भ्रष्ट और जमानत पर छूटे हुए लोग हैं'' और दशकों से सत्ता से बाहर रहने के बावजूद वे इतने अहंकारी हैं कि वे झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) जैसे गठबंधन सहयोगियों को नजरअंदाज कर रहे हैं और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) को धोखा दे रहे हैं। मोदी ने कहा कि वीआईपी को सीटों में उचित हिस्सा नहीं मिला, लेकिन उसके संस्थापक मुकेश सहनी को उपमुख्यमंत्री का पद देने का वादा किया गया है। महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव पर परोक्ष तौर पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''बिहार के लोग उन लोगों पर भरोसा नहीं कर सकते जो जमानत पर छूटे हुए लोग हैं।''



## प्रतिबंध से घातक मिठास पर प्रहार

सेहतवर्धक बताकर विभिन्न खाद्य-पेय उत्पाद बेचना आज के बाजार की मुनाफा रणनीति का हिस्सा बन चुका है। भले ही वह आम लोगों की सेहत से खिलवाड़ करता हो। ऐसे में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण यानी एफएसएसएआई ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक फॉर्मूलेशन के अनुरूप न होने वाले किसी भी पेय पदार्थ के लेबल पर 'ओआरएस' यानी ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्ट शब्द लिखने पर प्रतिबंध लगा दिया है। निस्संदेह, यह एक जन-स्वास्थ्य की दिशा में हासिल एक बड़ी सफलता है, जिसकी लंबे समय से प्रतीक्षा की जा रही थी। दरअसल, यह आदेश हैदराबाद की बाल रोग विशेषज्ञ शिवरंजनी संतोष द्वारा आठ साल की लंबी लड़ाई के बाद सामने आया है। वास्तव में उन्होंने यह उजागर करने के लिये लंबा संघर्ष किया था कि कैसे कई चीनी युक्त कथित ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय पदार्थों को चिकित्सकीय समाधान के रूप में बेचने के लिये भ्रामक रूप से 'ओआरएस' शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि सालों से अभिभावक इस पेय पदार्थ की पैकेजिंग पर कारोबारियों द्वारा लिखे 'ओआरएस' शब्द पर भरोसा करते हुए बीमार बच्चों को पिलाते रहे हैं। वे इस बात से बेखबर थे कि पेय पदार्थ में चीनी की उच्च सांद्रता निर्जलीकरण की स्थिति को बढ़ावा दे सकती है। विशेष रूप से बच्चों को देने पर दस्त की स्थिति में यह घातक हो सकती थी। यहां उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुमोदित ओआरएस घोल में सावधानीपूर्वक ग्लूकोज और इलेक्ट्रोलाइट्स का एक संतुलित मिश्रण निर्धारित होता है। जिसे बीमार बच्चों या व्यक्ति को शरीर में तरल पदार्थों व लवणों की कमी की पूर्ति के लिये तैयार किया जाता है। जबकि हकीकत यह है व्यावसायिक दृष्टि से बेचे जा रहे पेय पदार्थों का भले ही चिकित्सा वैधता का दावा किया जाए, लेकिन वे मीठे घोल के अलावा कुछ नहीं होते। जबकि हकीकत यह है कि इन बाजारू पेय पदार्थों की बिक्री से मोटा मुनाफा ही कमाया जा रहा था।

यह तथ्य भी चौंकाने वाला ही है कि भारत में इस तथाकथित मीठे 'ओआरएस पेय' का सारा कारोबार लगभग एक हजार करोड़ रुपये के लगभग है। यहां तक कि कुछ पेय पदार्थों के ब्रांड मालिकों ने केवल तीन वर्षों में पांच गुना बिक्री का दावा किया है। उन्होंने ओआरएस बिक्री के चौदह फीसदी से अधिक हिस्से पर अधिकार करने का उल्लेख किया है। दरअसल, विभिन्न स्वाद वाले पेय पदार्थ को स्वास्थ्यवर्धक के रूप में पेश करके कंपनियों को अपने कारोबार में तेजी लाने का आसान मौका मिल जाता है। हकीकत में इसका लाभ कंपनियां अपने ब्रांड का भरोसा बढ़ाने और फार्मेसियों और किराने की दुकानों में समान रूप से उपभोक्ताओं को आकर्षित करने में कामयाब होने में उठाती हैं। यह विडंबना है कि देश में कमजोर नियामक निगरानी के चलते ही इस मुनाफे के घातक कारोबार के विस्तार के लिये अनुकूल वातावरण बन पाया है। अब विश्वास किया जाना चाहिए कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की सख्ती से इस मुनाफाखोरी के घातक कारोबार पर अंकुश लगाने में कामयाब मिल सकेगी। इस सारे प्रकरण का एक सबक यह भी है कि कैसे सतर्क नागरिक और नैतिक रूप से सजग चिकित्सक सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा करने में सक्षम हो सकते हैं। खासकर उन क्षेत्रों में जहां अकसर प्रवर्तन कार्रवाई की कमी नजर आती है। निश्चित रूप से यह प्रकरण खाद्य विपणन और वैज्ञानिक प्रमाणों के बीच की खाई को भी उजागर करता है। दरअसल, यह जन स्वास्थ्य से जुड़ी एक ऐसी खाई है जिसे हमारी नियामक एजेंसियों को पाटने के लिये निरंतर सजग रहने की सख्त आवश्यकता है। ओआरएस जैसी साधारण, लेकिन जीवन रक्षक पेय की शुद्धता की रक्षा करते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने एक बार फिर से पुष्टि की है कि स्वास्थ्य की रक्षा कोई मार्केटिंग का नारा नहीं हो सकता। निश्चित रूप से विश्वास किया जाना चाहिए कि इस हालिया प्रतिबंध से आने वाले समय में मीठे-मीठे झूठों का अंत हो सकेगा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 25 अक्टूबर, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक शुक्लपक्ष चतुर्थी, 27:47 तक, नक्षत्र : अनुराधा, 07:44 तक, योग : सौभाग्य, 05:52 तक, सूर्योदय: 5:37, सूर्यास्त: 17:05, चन्द्रोदय : 08:47, चन्द्रास्त: 19:28, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 08:30 से 09:55

## राशिफल

**मेष :** आज आप पूरी मेहनत व लग्न से कामों में जुटेंगे, जिससे आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे और संतान की संगति पर आप थोड़ा ज्यादा ध्यान दें। काम को लेकर बाहर आना जाना लगा रहेगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए जीवन स्तर में सुधार लेकर आएगा। ऑफिस में आपको काम को लेकर अपने जूनियर से कोई मदद लेनी पड़ सकती है। अच्छे काम के लिए किसी सम्मान की प्राप्ति होगी।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है, क्योंकि आपके लाभ के रास्ते खुलेंगे और आपके मन में काम को लेकर नए-नए आइडिया आएंगे।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। आप अपने कामों में यदि कोई बदलाव करेंगे, तो वह आपके लिए कमजोर रहेंगे। अपने बढ़ते खर्चों पर कंट्रोल करने की आवश्यकता है।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए कामों में एकाग्र होकर जुटने के लिए रहेगा। आपकी कुछ निकटतम लोगों से मुलाकात होगी, लेकिन आप अपनी वाणी पर संयम रखें।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याग्रता बढ़ेगी। दोस्तों के साथ किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं।

**तुला :** आज आपके विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। आप अपने कामों पर ही फोकस करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप अपने बिजनेस की योजनाएं को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं करेंगे। संतान को संस्कारों व परंपराओं का पाठ पढ़ाएंगे।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए खर्चों भरा रहने वाला है। यदि आपका धन कहीं फंसा हुआ था तो उसके आपको मिलने की संभावना है और प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी।

**मकर :** व्यापार कर रहे लोगों के लिए आज दिन बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

**कुम्भ :** आज आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसे पूरा करने में समस्या आएगी और नौकरी में भी कुछ समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। आपको अपने समय का सदुपयोग करना होगा।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए अध्यात्म के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं को पहचानने की आवश्यकता है।

# झींगा से लेकर सॉफ्टवेयर तक - नए व्यापार समझौते से भारत के लिए बड़ा बाजार खुला



पीयूष गोयल

भारत ने समृद्धि का एक और दरवाजा खोल दिया है। उसने प्रति व्यक्ति 100,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक आय वाले यूरोपीय देशों के एक धनी समूह के साथ एक नए व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इससे भारतीय किसानों, मछुआरों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए एक आकर्षक बाजार में पहुंचने का रास्ता खुल गया है और प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत 2047 मिशन को पर्याप्त गति मिलेगी।

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) - स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन - के साथ हुआ व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) ऐतिहासिक है। यह समझौता 1 अक्टूबर को शुभ नवरात्रि के दौरान लागू हुआ। ईएफटीए के सदस्य देशों ने 15 वर्षों में 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश का संकल्प लिया है - जो दुनिया में किसी भी व्यापार समझौते में जतायी गई पहली ऐसी प्रतिबद्धता है। इस समझौते के जरिए, ईएफटीए के सदस्य देशों की सरकारें भारत में निवेश को बढ़ावा देंगी, कम से कम दस लाख रोजगार सृजित करेंगी और प्रधानमंत्री मोदी के 'मेक इन इंडिया' मिशन को गति प्रदान करेंगी।

**विकसित भारत हेतु व्यापार की रणनीति:** मोदी सरकार ने अतीत की झिझक को छोड़कर मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को अपनाया है। ये समझौते हमारे उत्पादों और सेवाओं को प्रीमियम एवं विकसित बाजारों में पहुंचाते हैं। ये समझौते न सिर्फ नए दरवाजे खोलते हैं, बल्कि हमारे उद्योगों को सशक्त बनाते तथा हमें आगे बढ़ने में मदद करने वाले प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता का संचार भी करते हैं। भारत ने जहां जुलाई 2025 में यूनाइटेड किंगडम के साथ एक ऐतिहासिक समझौता किया, वहीं यूरोपीय संघ के साथ बातचीत भी अच्छी तरह आगे बढ़ी है। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक प्रयासों से ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात के साथ दोनों पक्षों के लिए लाभदायक समझौते हुए।

प्रतिस्पर्धा के बीच आगे बढ़ते हुए वैश्विक मंचों पर अपनी छाप छोड़ने के आत्मविश्वास से भरा हुआ, भारतीय उद्योग जगत आज बुलंदियों पर खड़ा है। यूपीए शासन के दौरान किए गए जल्दबाजी भरे सौदों के उलट, गहन विचार-विमर्श के बाद तैयार किए गए मोदी-युग के हर मुक्त व्यापार समझौते का उद्योग जगत के विभिन्न हितधारकों ने खुले दिल से स्वागत किया है। यूपीए शासन के सौदे बिना किसी जानकारी के और अक्सर उन प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं के साथ किए गए थे, जिन्हें हमारे बाजारों तक पहुंच तो मिली, लेकिन उन्होंने अपने दरवाजे पर्याप्त रूप से नहीं खोले।

**भारत को आकर्षक बनाना -** यह बदलाव 11 वर्ष पहले शुरू हुआ था, जब प्रधानमंत्री मोदी ने हमारी अर्थव्यवस्था को नाजुक पांच के तमगे से उबारकर इसे व्यापार एवं पूंजी के लिए एक आकर्षण का केन्द्र बनाया। मोदी सरकार ने बुनियादी सुधारों के जरिए विरासत में मिली समस्याओं, गतिरोध, उच्च मुद्रास्फीति, भ्रष्टाचार और अक्षमताओं को दूर किया। अकेले उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने मार्च 2025 तक कुल 1.76 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है, जिससे 12 लाख से अधिक नौकरियां सृजित हुई हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति एवं राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति ने लागत में कमी की है और बुनियादी ढांचे को सुव्यवस्थित किया है। हमारी डिजिटल रीढ़ - जन-धन, यूपीआई और ट्रेड कनेक्ट - ने अवसरों का लोकतंत्रीकरण किया है और छह वर्षों में कुल 12,000 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 65,000 करोड़ लेनदेन को संभव बनाया है। इससे वंचित वर्ग अब वित्तीय मुख्यधारा में आ गया है।

**निवेश और रोजगार सृजन -** अब, ईएफटीए के 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश से दस लाख प्रत्यक्ष और अनगिनत अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का वादा किया गया है। यह निवेश पिछले 25 वर्षों में इन देशों से प्राप्त मात्र 11.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से कहीं अधिक बड़ा है। वर्ष 2024-25 में भारत का कुल एफडीआई 81 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने के साथ, जोकि 14 प्रतिशत की वृद्धि है, वास्तविक प्रवाह जतायी गई प्रतिबद्धताओं को पीछे छोड़ सकता है।

सका श्रेय दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था में मौजूद अवसरों और मजबूत बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) कानूनों को जाता है, जिनका प्रभावी ढंग से पालन किया जाता है। टीईपीए प्रवर्तन एवं सुव्यवस्थित सुरक्षा उपायों के मामले में बेहतर सहयोग के जरिए आईपीआर को मजबूत करता है, नवोन्मेषकों को सशक्त बनाता है और ठोस नियामक संबंधी निश्चितता के बीच उच्च-तकनीक से संबंधित पूंजी को आकर्षित करता है।

**किसान और मछुआरे -** प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के अलावा, वस्त्र तथा रत्न एवं आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आएगी।

ससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। ईएफटीए के समृद्ध उपभोक्ता हमारे कृषि उत्पादों, चाय और कॉफी के लिए लालायित रहते हैं। भारत ने जहां डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को संरक्षण दिया है, वहीं चावल, ग्वार गम, दालें, अंगूर, आम, सब्जियां, बाजरा और काजू के व्यापार को अवसर प्रदान किए हैं। बिस्कुट, कन्फेक्शनरी, चॉकलेट और सॉस जैसे प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर शुल्क में कटौती से यह सौदा और भी बेहतर हो गया है। मछुआरे इस बात से खुश हैं कि निर्बाध मानक सहयोग के जरिए फ्रोजन झींगा, प्रॉन्स और स्किड का निर्यात बढ़ेगा।

**आकांक्षी भारतीय:** टीईपीए द्वारा नर्सिंग, अकाउंटेंसी और आर्किटेक्चर के क्षेत्र में पारस्परिक मान्यता से संबंधित समझौतों का मार्ग प्रशस्त होने से इन सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा, जिससे भारतीय पेशेवरों के लिए ईएफटीए में प्रवेश आसान हो जाएगा। सक्रिय नियामक वार्ताओं के जरिए तकनीकी बाधाओं के कम होने से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), व्यवसाय, सांस्कृतिक, मनोरंजन, शिक्षा और दृश्य-श्रव्य सेवाओं के लिए द्वार खुलेंगे।

**बाधाओं की समाप्ति:** टीईपीए टैरिफ से आगे बढ़कर खाद्य सुरक्षा, पशु एवं पादप स्वास्थ्य, उत्पादों की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं उपभोक्ता संरक्षण के संबंध में निष्पक्ष व पारदर्शी नियम तैयार करता है। स्पष्ट सूचना साझाकरण, सत्यापन, आयात संबंधी जांच एवं प्रमाणन इन्हें व्यापार से संबंधित मकड़जाल बनने से रोकते हैं, भारतीय वस्तुओं के लिए ईएफटीए तक पहुंचने का मार्ग सुगम बनाते हैं और साथ ही उद्योग जगत को घरेलू मानकों को ऊंचा उठाने के लिए प्रेरित करते हैं। हमारे किसान और उत्पादक सुरक्षित निर्यात, कीट-मुक्त उत्पाद, वैश्विक स्तर के मानकों के अनुरूप उत्पाद तैयार करेंगे, जिससे घरेलू गुणवत्ता भी बढ़ेगी। बेहतर जांच और अनुपालन का अर्थ है प्रत्येक भारतीय परिवार के लिए स्वास्थ्यवर्धक भोजन और विश्वसनीय उत्पाद।

बेहतर भविष्य: ये समझौते निर्माताओं, सेवा प्रदाताओं और आम नागरिकों के बीच उत्साह जगाते हैं, जो गहरे आर्थिक संबंधों के जरिए उच्च-गुणवत्ता वाले वैश्विक उत्पादों का आनंद लेते हैं। टीईपीए अपने मूल में स्थिरता को समाहित करता है, समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाले व्यापार को बढ़ावा देता है, गरीबी से लड़ता है और हमारे पर्यावरण की रक्षा करता है। पेरिस समझौते और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के मूल सिद्धांतों की पुष्टि करते हुए, यह जलवायु संबंधी कार्रवाई, लैंगिक समानता तथा जैव विविधता संरक्षण से संबंधित सहयोग को बढ़ावा देता है और उचित वेतन, सुरक्षित रोजगार एवं एक हरी-भरी धरती सुनिश्चित करता है। हरित प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान एवं सहयोग के जरिए, यह श्रमिकों का उत्थान करता है, असमानता को कम करता है और हमारे बच्चों के लिए एक समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करता है। मोदी के भारत में जन्मे बच्चे को घर पर भी उतने ही अवसर मिलते हैं, जितने कि आल्प्स की पहाड़ियों वाली भूमि, आग एवं बर्फ वाली भूमि या फिर मध्यरात्रि के सूर्य वाली भूमि में!

भारत की नियति में अलगाव नहीं, बल्कि सक्रिय भागीदारी है। जिस तरह पुरानी सभ्यता वाले हमारे राष्ट्र के प्राचीन नाविकों ने साहस के साथ अज्ञात जलमार्गों पर यात्रा की थी, ठीक उसी तरह आज के 140 करोड़ भारतीय - आत्मविश्वास एवं दृढ़निश्चय के साथ और एकजुट होकर - आगे बढ़ रहे हैं। लक्ष्य है - अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करना, शिक्षा एवं डिजिटल क्रांति के जरिए सशक्त बनना और एक टिकाऊ भविष्य का निर्माण करना। हम सबको मिलकर वाणिज्य के क्षेत्र में भारत को एक ऐसे अग्रणी देश के रूप में पुनर्स्थापित करना है, जहां व्यापार एवं प्रौद्योगिकी मानवता की सेवा करें और नवाचार एवं समावेशन कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ें। **-लेखक केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री हैं**

# बिहार में तेजस्वी के नाम पर मुहर मजबूरी भरी स्वीकृति



ललित गर्ग

बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान की तिथियां जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, चुनाव के सतरंगी रंग देखने को मिल रहे हैं। बिहार की राजनीति में आखिरकार उस घोषणा का रंग भी देखने को मिल ही गया, जिसका सबको इंतज़ार था। आखिरकार तेजस्वी यादव को महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर दिया गया है। यह निर्णय 'देर आए, दुरुस्त आए' की कहावत को चरितार्थ करता है। लंबे समय से इस पर राजनीतिक अटकलें लगाई जा रही थीं कि कांग्रेस क्या तेजस्वी के नेतृत्व को खुले तौर पर स्वीकार करेगी या नहीं? अंततः उसने तेजस्वी पर भरोसा जताया, पर यह भरोसा एक प्रकार की मजबूरी भरी स्वीकृति भी लगती है, न कि उत्साहपूर्ण गठबंधन की रचनात्मक एकजुटता। यह घोषणा कांग्रेस नेता अशोक गहलोत की ओर से की गई। इसी के साथ विकासशील इंसान पार्टी यानी वीआइपी के प्रमुख मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम का चेहरा घोषित किया गया। अशोक गहलोत की इस घोषणा से पता चलता है कि बिहार में कांग्रेस की स्थिति मजबूत नहीं है, उसने मुख्यमंत्री का चेहरा अनिच्छा से ही उजागर नहीं किया था, इस अनिच्छा से यही झलका कि कांग्रेस अभी भी गठबंधन राजनीति के धर्म का मर्म समझने में उलझी है, यह राहुल गांधी की नाकाम राजनीति का भी द्योतक है, ऐसे मामलों में वे अपरिपक्वता का ही परिचय देते रहे हैं।

क्या कांग्रेस ऐसा कुछ मानकर चल रही थी कि महागठबंधन के जीतने की सूरत में तेजस्वी यादव के अतिरिक्त अन्य कोई मुख्यमंत्री का दावेदार हो सकता है? उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि वह बिहार में अपनी राजनीतिक महत्ता बनाए रखने के लिए राजद पर ही निर्भर है। उसकी ऐसी ही निर्भरता अन्य राज्यों में भी वहां के क्षेत्रीय दलों पर है। जब तक वह अपने बलबूते चुनाव लड़ने की सामर्थ्य नहीं जुटा लेती, तब तक उसे उन्हें दबाव में लेने की चेष्टा नहीं करनी चाहिए। उसके पास न प्रभावशाली चेहरा है, न जनाधार। हाल के चुनावों में उसका प्रदर्शन लगातार निराशाजनक रहा है। ऐसे में कांग्रेस के पास कोई विकल्प नहीं था कि वह नेतृत्व की भूमिका की बजाय सहयोगी भूमिका निभाए। तेजस्वी यादव के रूप में राजद आज बिहार में विपक्ष की सबसे बड़ी ताकत है। यह भी एक वास्तविकता है कि जिस तरह से नीतीश कुमार का जनाधार खिसक रहा है, तेजस्वी उस रिक्त स्थान को भरने की क्षमता रखते हैं। तेजस्वी यादव ने पिछले कुछ वर्षों में अपने नेतृत्व को निखारा है। उन्होंने 'नौकरी, विकास और सम्मान' जैसे मुद्दों को अपने राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनाया है। उनकी भाषा में युवाओं की बेचैनी, बेरोज़गारी का दर्द और अवसरों की तलाश झलकती है। बिहार के युवा अब जातीय राजनीति से ऊपर उठकर रोज़गार और जीवन की गुणवत्ता के सवाल पूछने लगे हैं, और तेजस्वी इन्हीं सवालों को अपनी ताकत बना रहे हैं। हाल के वर्षों में उनके तेवर में जो परिपक्वता आई है, वह बताती है कि वे अब सिर्फ 'लालू के पुत्र' नहीं, बल्कि स्वयं का राजनीतिक ब्रांड बन चुके हैं। उनका 'जनादेश' अब सिर्फ परंपरा या पारिवारिक विरासत पर आधारित नहीं है, बल्कि नये बिहार की आकांक्षाओं से जुड़ने की कोशिश है।



एनडीए ने पहले ही अपने पत्ते खोल दिए थे और सीट बंटवारे की घोषणा कर दी थी। लेकिन, उन्होंने किसी एक चेहरे को मुख्यमंत्री उम्मीदवार के तौर पर पेश नहीं किया है। यह अपने आप में एक बड़ा बदलाव है, क्योंकि पिछले दो दशकों से नीतीश कुमार ही एनडीए का चेहरा रहे हैं। महागठबंधन ने तेजस्वी को सीएम उम्मीदवार बनाकर एनडीए पर दबाव बनाने की कोशिश की है। यह चुनाव बिहार के लिए बहुत महत्वपूर्ण एवं दिलचस्प है और इसमें वादों का दौर भी जारी है। नीतीश सरकार ने कई घोषणाएं की हैं, तो वहीं तेजस्वी यादव ने भी जनता से कई वादे किए हैं। महागठबंधन का घोषणापत्र आने वाला है, जिसमें कई बड़े वादे होने की उम्मीद है। यह देखना दिलचस्प होगा कि जनता किस वादे पर भरोसा करती है और बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन बनता है। ताजा परिदृश्यों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के विकास की राजनीति ही बढ़त बनाये हुए है। भाजपा ने बिहार में धीरे-धीरे अपना जनाधार बढ़ाया है, अब भी वह स्वतंत्र चुनाव न लड़कर क्षेत्रीय दलों के सहारे आगे बढ़ रही है। भले ही नीतीश कुमार, जिन्होंने वर्षों तक 'सुशासन बाबू' की छवि से राजनीति की, अब थके हुए और अविश्वसनीय से प्रतीत होने लगे हैं। बार-बार गठबंधन बदलने, राजनीतिक अवसरवाद और प्रशासनिक निष्क्रियता ने उनकी साख को गहरी चोट पहुंचाई है। जनता अब बदलाव चाहती है। यह बदलाव किस रूप में सामने आयेगा, यह भविष्य के गर्भ में हैं। यदि यह बदलाव तेजस्वी के नेतृत्व में संभव होता है तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक पीढ़ी परिवर्तन भी होगा। हालांकि तेजस्वी के चेहरे पर सहमति एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन यह गठबंधन की एकजुटता की गारंटी नहीं। कांग्रेस और वाम दलों के बीच सीट बँटवारे को लेकर असहमति फिर उभर सकती है। बिहार का मतदाता जातीय समीकरणों से प्रभावित रहता है, और भाजपा-जेडीयू गठबंधन इस बिंदु पर अब भी मजबूत स्थिति में है। इसके अलावा, तेजस्वी को छवि सुधार और जनसंपर्क के नए मॉडल पर भी काम करना होगा- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और अस्थिरता के पुराने आरोपों से वे अब भी पूरी तरह मुक्त नहीं हुए हैं। अगर वे इस बार भी भावनाओं की राजनीति पर अटके रहे, तो जनता का भरोसा खिसक सकता है।

तेजस्वी यादव का मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनना बिहार की राजनीति में एक जनसांस्कृतिक परिवर्तन का संकेत भी है। यह निर्णय दिखाता है कि अब राजनीतिक विमर्श का केंद्र युवा आकांक्षाओं, आर्थिक अवसरों और विकास की बराबरी की ओर बढ़ रहा है। कांग्रेस का झुकना केवल राजनीतिक गणित नहीं, बल्कि यह स्वीकारोक्ति है कि अब बिहार में नई पीढ़ी के नेतृत्व से ही राजनीतिक भविष्य तय होगा। तेजस्वी यादव का उदय केवल एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं है, बल्कि बदलते समय की पुकार है। बिहार की जनता लंबे समय से ठहरे हुए शासन और खोखले वादों से थक चुकी है। अब वह ऐसे नेतृत्व की तलाश में है जो न केवल सत्ता चाहता हो, बल्कि संवेदना और संघर्ष का प्रतीक भी बने। कांग्रेस ने भले ही देर से यह निर्णय लिया हो, पर यदि महागठबंधन इस घोषणा को एकजुट रणनीति में बदल सके, तो यह बिहार की राजनीति में एक नया अध्याय खोल सकता है, जहाँ देर आए, पर दुरुस्त आए केवल कहावत नहीं, बल्कि राजनीतिक सच्चाई बन जाए।

तेजस्वी यादव को सीएम पद का प्रत्याशी घोषित करने के साथ-साथ वीआइपी प्रमुख मुकेश सहनी को जिस तरह डिप्टी सीएम के रूप में आगे लाया गया, उससे उनकी राजनीतिक हैसियत का अनुमान लगता है, लेकिन उनकी पार्टी तो महज 15 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और कांग्रेस उससे चार गुने से अधिक सीटों पर। हालांकि अशोक गहलोत ने यह स्पष्ट किया है कि और भी डिप्टी सीएम बनाए जाएंगे, पर इससे यह संदेश ओझल नहीं होता कि कांग्रेस की राजनीतिक ताकत वीआइपी से भी कम है। निःसंदेह अशोक गहलोत की घोषणा से महागठबंधन और विशेष रूप से उसका नेतृत्व कर रहे राजद को लाभ मिल सकता है, लेकिन यह कहना सही नहीं होगा कि अब इस गठबंधन में सब कुछ सही हो गया है। महागठबंधन के 10 से अधिक प्रत्याशी एक-दूसरे के सामने हैं। महागठबंधन की राजनीति चुनाव होने एवं चुनाव परिणाम के बाद भी कई रंग बदलेगी, इसलिये उसकी डगर निष्कंटक तो नहीं कही जा सकती। महागठबंधन के जीतने की सूरत में तेजस्वी यादव के अतिरिक्त अन्य कोई मुख्यमंत्री का दावेदार हो सकता है, यह भी प्रश्न तैरता रहेगा। फिलहाल तेजस्वी के मुख्यमंत्री का फैसला महागठबंधन के लिए एक बड़ी जीत है क्योंकि इससे उनकी एकजुटता का संदेश पूरे बिहार में जाएगा। -लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## विदेश की खबरें

### भारत और चीन के बीच उड़ानों का संचालन फिर से शुरू होना एक सकारात्मक कदम: चीन

**बीजिंग :** चीन ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत के साथ अपने संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक नजरिये से देखने का इच्छुक है और आगामी रविवार से दोनों देशों के बीच उड़ानों का फिर से शुरू होना 2.8 अरब लोगों के बीच मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। भारत ने दो अक्टूबर को घोषणा की थी कि चीन के लिए सीधी उड़ानों का संचालन 26 अक्टूबर से फिर से शुरू होगा। इसके बाद, इंडिगो ने कहा कि वह 26 अक्टूबर से कोलकाता से गुआंगझोउ और 10 नवंबर से दिल्ली से गुआंगझोउ के लिए उड़ानों का संचालन फिर से शुरू करेगा। चीनी एयरलाइन 'चाइना ईस्टर्न' ने घोषणा की है कि वह नौ नवंबर से शंघाई से दिल्ली के लिए उड़ान परिचालन पुनः शुरू करेगी। पांच साल के अंतराल के बाद रविवार से दोनों देशों के बीच उड़ानों का संचालन फिर से शुरू होने के बारे में पूछे जाने पर, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने यहां प्रेस वार्ता में कहा कि यह दोनों देशों के बीच बनी सहमति को लागू करने की दिशा में नवीनतम प्रगति है। उन्होंने कहा कि यह चीन और भारत के 2.8 अरब से अधिक लोगों के बीच मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाने के लिए एक सकारात्मक उपाय भी है। उन्होंने कहा कि चीन, भारत के साथ मिलकर काम करने को तैयार है ताकि चीन-भारत संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य से देखा जा सके, द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा दिया जा सके, दोनों देशों और उनके लोगों को बेहतर लाभ पहुंचाया जा सके और एशिया तथा विश्व में शांति और समृद्धि बनाए रखने में उचित योगदान दिया जा सके।

## वर्ग पहेली नं. 3243

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | | ■ | 7 | | | | ■ | |
| 8 | 9 | | ■ | | ■ | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | 11 | | ■ | 12 | 13 | | ■ |
| 14 | | | | ■ | 15 | ■ | 16 | | 17 |
| 18 | | ■ | ■ | 19 | | | | ■ | |
| ■ | 20 | 21 | | | ■ | ■ | 22 | | |
| 23 | ■ | | ■ | 24 | | ■ | | ■ | |
| 25 | | | ■ | | ■ | 26 | | | |

*बायें से दायें:-* 2) अनुपयोगी, 4) ख़फ़गी; नाखुशी, 7) हड़बड़ी, 8) अपेक्षा; बराबरी, 10) एक वृक्ष, 11) बारी, 12) उष्ण, 14) मोहक, 16) बहुत सुंदर, 18) अधर्म, 19) पीठ की और वाला बाह्य भाग, 20) उपदेश, 22) आसान, 24) हस्तगत, 25) दुर्जन; नीच, 26) मूल्यातीत.

*ऊपर से नीचे:-* 1) लेकिन, 2) अपरिचित; पराया, 3) विवशता, 4) अवयस्क, 5) सहमत, 6) सियार, 9) बचपन, 10) क्रोधी, 11) स्वच्छ; पवित्र, 13) चालचलन; जीवननिर्वाह का ढंग, 14) होश, 15) अन्य; कोई और, 17) एक कंद *(सागसब्जी)*, 19) मृत, 21) डींग मारना, 23) सही.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | ला | य | म | ■ | दे | हां | त | ■ | कु |
| ह | ठी | ■ | न | का | र | ■ | न | क | टी |
| ब | ■ | आ | का | श | ■ | दू | ■ | ट | र |
| त | ब | का | ■ | ■ | ठो | स | ■ | घ | ■ |
| ■ | त | र | बू | ज | ■ | रा | म | रा | म |
| ठे | ला | ■ | झ | ड़ | प | ■ | ख़ | ■ | ला |
| ■ | ना | च | ना | ■ | र | स | म | ला | ई |
| भू | ■ | म | ■ | पाँ | व | ■ | ली | न | ■ |
| त | न | क | र | च | ल | ना | ■ | त | था |

## सुडोकू-पहेली-3200

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | | | 4 | |
| | | 4 | | 8 | 9 | | | |
| 1 | | 2 | 7 | | | | | |
| 4 | | | | 3 | | 7 | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | | | |
| 2 | | | | | 7 | | 1 | |
| | | | | | | 2 | 3 | |
| 3 | | | | | | 4 | | |
| | | 8 | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3199 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 | 8 |
| 5 | 3 | 1 | 7 | 8 | 4 | 2 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 9 | 2 | 5 | 3 | 4 | 7 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 7 | 6 | 4 | 3 |
| 6 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 6 | 4 |
| 2 | 4 | 3 | 8 | 7 | 6 | 1 | 5 | 9 |
| 1 | 8 | 6 | 9 | 4 | 5 | 3 | 2 | 7 |

## चुनाव से पहले बढ़ी हलचल

# बंगाल में एसआईआर को लेकर जिलाशासकों को कड़े निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में किसी भी समय स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न (एसआईआर) की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। इसको लेकर राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला शासकों को तत्काल तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय चुनाव आयोग के साथ हुई बैठक के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सभी लंबित कार्यों को जल्द पूरा किया जाए और एसआईआर की घोषणा के लिए पूरी तरह तैयार रहें। निर्देशानुसार, शुक्रवार से मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कार्यालय 24 घंटे खुला रहेगा, और इस कार्य से




जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। प्रत्येक जिले के जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) और इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अधिकारी (ईआरओ) को एसआईआर से संबंधित हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। एसआईआर की घोषणा होते ही अगले दिन सर्वदलीय बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक न केवल राज्य स्तर पर बल्कि हर जिले में जिला शासकों द्वारा भी बुलाई जाएगी। बैठक में हुई सभी चर्चाओं की रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेजनी होगी। आयोग के सूत्रों के अनुसार, एसआईआर प्रक्रिया शुरू होते ही प्रवासी मजदूरों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। खासतौर पर शहरी क्षेत्रों में काम करने वाले अन्य राज्यों के मजदूरों और कर्मचारियों की सुविधा के लिए विशेष हेल्प डेस्क खोले जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया है कि एसआईआर की घोषणा होते ही प्रत्येक जिले में अनुवाद टीम तैयार रखी जाए, ताकि आवश्यक दस्तावेजों को बंगला भाषा में अनुवादित किया जा सके। इसके अलावा, घोषणा के बाद बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए सात दिन का प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अतिरिक्त अधिकारी सभी जिलों के चुनाव अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में रहेंगे। वहीं, संयुक्त निर्वाचन अधिकारी स्तर के अधिकारी सीधे इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अधिकारियों से संपर्क बनाए रखेंगे। राज्य में चुनावी माहौल के बीच इस तैयारी से स्पष्ट है कि आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए आयोग ने पूरी मशीनरी को अलर्ट मोड पर डाल दिया है।

## कृष्णानगर में टिन की शेड गिरने से बच्चा व महिला समेत पांच घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कृष्णानगर कोतवाली थाना अंतर्गत जात्रापुर गांव में शुक्रवार की सुबह कंक्रीट की छतरी गिरने से एक बच्चा, एक महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह में जात्रापुर गांव निवासी उपेन मंडल के घर में टिन की शेड मरम्मत का काम चल रहा था। सोनारुल शेख नाम का एक निर्माण मजदूर काम कर रहा था। उस समय घर के सदस्य घर की शेड के नीचे बैठे थे। अचानक कंक्रीट की छतरी उनके ऊपर गिर गई। उनकी चीख-पुकार सुनकर तुरंत पड़ोसी वहां पहुंचे। इस हादसे में घर के मालिक उपेन मंडल, उनके बेटे और पोते, एक महिला रिश्तेदार और निर्माण मजदूर सोनारुल शेख गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय निवासियों ने तुरंत घायलों को शक्तिनगर जिला अस्पताल ले गये। वहां उनका इलाज चल रहा है। शुरुआती अनुमान है कि पुराने छतरी में दरार आने के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा रद्द**

ई-निविदा सं. 158_2025-26, दिनांक: 23.10.2025, वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, हावड़ा, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व में प्रकाशित, जो कि कुछ तकनीकी कारणों से रद्द कर दी गई है। (HWH-359/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स**

**पूर्णकालिक अनुबंध के आधार पर अनुबंध मेडिकल चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु सूचना**

**सं. जीएमए/जीएमए/जीएस/1521(सीएमपी)(4)-पीटी-III । दिनांक 21.10.2025 ।** भारत सरकार के रेल मंत्रालय के अधीन चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स (सीएलडब्ल्यू) 01 (यूआर-01) रिक्त पद पर निश्चित मासिक पारिश्रमिक पर पूर्णकालिक अनुबंध के आधार पर वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से एक (01) वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अनुबंध मेडिकल चिकित्सकों (सीएमपी) की नियुक्ति करना चाहता है। इस संबंध में अधिसूचना सीएलडब्ल्यू वेबसाइट **(https://clw.indianrailways.gov.in) → पर समाचार एवं भर्ती → समाचार एवं घोषणा लिंक** के अंतर्गत अपलोड कर दी गई है। पात्र डॉक्टरों को सलाह दी जाती है कि वे दिनांक 17.10.2025 की अधिसूचना के साथ अनुलग्नक-ए के रूप में आवेदन प्रारूप भरें और **दिनांक 11.11.2025 (10.00 बजे)** वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन को रिपोर्ट करें।

PR8/232 एपीओ (गज.) कृते सीपीओ/सीएलडब्ल्यू/सीआरजे.

www.facebook.com/clwrailways पर हमें फॉलो करें

## कल्याणी में एक शख्स के बैग से मिले सैकड़ों वोटर कार्ड, मचा हड़कंप

### व्यक्ति गिरफ्तार, जिला मजिस्ट्रेट से रिपोर्ट तलब

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कल्याणी में एक शख्स के पास सैकड़ों वोटर कार्ड बरामद होने से हड़कंप मच गया। उस व्यक्ति के पास इतने सारे वोटर कार्ड कहां से आए? क्या ये सभी असली हैं या नकली? पुलिस इसकी जांच कर रही है। पुलिस ने इस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा, राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने जिला मजिस्ट्रेट से रिपोर्ट मांगी है। पता चला है कि यह घटना कल्याणी जिले के वार्ड 7 के मध्य चार इलाके में हुई है। शुक्रवार की सुबह दो स्थानीय युवकों को उस व्यक्ति को देखकर शक हुआ। इसके बाद,



उन्होंने उस व्यक्ति से पूछताछ शुरू की। उसका बैग खोलने पर उन्हें कई वोटर कार्ड मिले। फिर, स्थानीय लोगों ने संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस पहुंची और पूछताछ शुरू की। पता चला है कि वह व्यक्ति हुगली जिले के हिंदमोटर का रहने वाला है। उसका नाम उत्तम प्रसाद है। वह कल्याणी सीमा पर अपनी बहन के घर आया था। उसका कहना है कि रास्ते में टहलते हुए उसकी नजर घास के नीचे दबे वोटिंग कार्ड पर पड़ी। उसने घास हटाकर उन्हें अपने पास रख लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, संदिग्ध व्यक्ति के पास से लगभग सौ वोटर कार्ड बरामद हुए हैं। इनमें से तीन असम के हैं। बाकी कल्याणी के अलग-अलग वार्डों के हैं। लेकिन क्या ये कार्ड वाकई इकट्ठा किए गए थे? या वह व्यक्ति कुछ छिपाने की कोशिश कर रहा है? और अगर उसकी बात सच है, तो इतने सारे वोटर कार्ड सड़क किनारे किसने छोड़े? ये सारे सवाल चुनाव से पहले पूछे जा रहे हैं।

## भांगड़ में अवैध निर्माण रोकने गई पुलिस कर्मियों पर हमला, तीन गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** भांगड़ के उत्तर काशीपुर थाना अंतर्गत दक्षिण बमुनिया इलाके में शुक्रवार को अवैध निर्माण रोकने की कोशिश कर रही पुलिस पर स्थानीय लोगों ने 'हमला' किया। आरोप है कि एक कांस्टेबल की पिटाई के बाद उसके हाथ में दांत काट लिया गया। सहकर्मी को बचाने की कोशिश में कई और पुलिस कर्मी भी घायल हो गये। पता चला है कि पुलिस ने इस घटना में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि उत्तर काशीपुर थाने को शिकायत मिली थी कि उक्त इलाके में एक जमीन पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। बताया गया कि यह काम लंबे समय से चल रहा था। इस दिन, जांच के लिए पुलिस कर्मियों की एक टीम इलाके में भेजी गई। अधिकारियों ने मौके पर जाकर सब कुछ का निरीक्षण किया। फिर, अधिकारियों ने निर्माण कार्य रोकने को कहा। कथित तौर पर, इसके बाद ही उपद्रव शुरू हुआ। पता चला है कि पुलिस द्वारा काम रोकने के बाद पहले कुछ महिलाओं ने पुलिस कर्मियों को घेर लिया। फिर, बहस शुरू हो गयी। उस समय पुलिस कर्मियों की कथित तौर पर पिटाई की गई। आरोप है कि एक पुलिस कांस्टेबल के हाथ का मांस काट लिया गया। आरोप है कि सहकर्मी को बचाने की कोशिश में अन्य लोग भी घायल हो गए। पुलिस ने घटना की जांच के बाद तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जांच शुरू हो गई है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एमसी_डब्ल्यूसी_बायोलैबसीपी_25, दिनांक: 18.10.2025।** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, रूम संख्या 42, पहली मंज़िल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के लिए पर्याप्त अनुभव एवं आर्थिक क्षमता रखने वाले सम्माननीय ठेकेदारों से निर्धारित निविदा प्रपत्र में 'एकल लिफाफा प्रणाली' में मुहरबंद खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/विवरण:** एक वर्ष के लिए चितपुर कोचिंग डिपो लेबोरेटरी में जांच के लिए कन्ज्यूमेबल एवं रासायनिक के साथ एफ्लुएंट टेस्टिंग इक्विपमेंट की आपूर्ति एवं फिटमेंट। **निविदा मूल्य:** ₹ 47,24,098.24। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 94,500। **ठेके की अवधि:** 12 महीना। **बोली शुरू होने की तारीख:** 27.10.2025। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 10.11.2025 को दोपहर 1.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 10.11.2025 को दोपहर 1.00 बजे। ई-निविदा सूचना एवं कार्य हेतु पात्रता की शर्तों सहित निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** (वेबसाइट यूआरएल) पर देखा एवं से डाउनलोड किया जा सकता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। (SDAH-236/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा, पिन - 711101 (पश्चिम बंगाल) द्वारा 03 वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग लॉट के परिचालन हेतु अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। और अधिक विवरण एवं ई-नीलामी में भाग लेने के लिए कृपया **ई-नीलामी लीजिंग** मॉड्यूल के जरिये वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** देखें। **कैटेलॉग संख्या: पार्क-एचडब्ल्यूएच-ओसीटी-10। नीलामी शुरू होने की तारीख/समय:** 06.11.2025 को दोपहर 2.00 बजे। **क्रम संख्या; लॉट संख्या** और **स्टेशन का नाम** निम्नानुसार है: **1** ; पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एडीएसटी-टीडब्ल्यू-266-25-1 (पार्किंग- टू व्हीलर) और आदिसप्तग्राम। **2** ; पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-जेओएक्स-टीडब्ल्यू-288-25-1 (पार्किंग- टू व्हीलर) और जनाई रोड। **3** ; पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-पीबीजेड-टीडब्ल्यू-116-25-1 (पार्किंग- टू व्हीलर) और पोड़ाबाज़ार। **4**; पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीडीसी-टीडब्ल्यू-48-25-1 (पार्किंग- टू व्हीलर) और बैंडेल। **5**; पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीजेडएलई-टीडब्ल्यू-36-25-2 (पार्किंग- टू व्हीलर) और बाज़ारसौ। **6**; पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-जेओएक्स-टीडब्ल्यू-264-25-1 (पार्किंग- टू व्हीलर) और जनाई रोड। **7**; पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-आईपीआरए-टीडब्ल्यू-289-25-1 (पार्किंग- टू व्हीलर) और इस्लामपाड़ा हाल्ट। **8**; पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एमयूयू-टीडब्ल्यू-64-25-1 (पार्किंग- टू व्हीलर) और मानकुण्डू। **9**; पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एजीएई-टीडब्ल्यू-86-23-1 (पार्किंग- टू व्हीलर) और अग्रद्वीप। **10**; पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एएमपी-एमएक्स-टीडब्ल्यू-155-23-1 (पार्किंग- मिक्स्ड) और अहमदपुर। (HWH-357/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

## कोलकाता पुलिस ने 132 लोगों को किया गिरफ्तार

### 365 पर यातायात नियम तोड़ने पर कार्रवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उसने अनुचित आचरण और पटाखे फोड़ने सहित विभिन्न अपराधों के लिए 132 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक बयान के अनुसार, गुरुवार को अनुचित आचरण के आरोप में 122 लोगों और प्रतिबंधित पटाखे फोड़ने के मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस अभियान के दौरान पुलिस ने 3.7 किलो प्रतिबंधित पटाखे और 4.2 लीटर अवैध शराब भी जब्त की। इसी के साथ, यातायात पुलिस ने अलग अभियान चलाकर 365 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। इनमें दोपहिया वाहन



चलाते समय हेलमेट न पहनने पर 119 लोगों को पकड़ा गया, तेज रफ्तार से वाहन चलाने पर 71 लोगों के खिलाफ और नशे में वाहन चलाने पर 65 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। शेष 110 लोगों पर विभिन्न नियमों के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया।

## शुभेंदु अधिकारी को मिली सुरक्षा कवच को हाई कोर्ट ने लिया वापस, 15 एफआईआर निरस्त

### चार मामलों की जांच संयुक्त एसआईटी को सौंपने का आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता व नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को बड़ा झटका देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वर्ष 2022 में दी गई सुरक्षा कवच (प्रोटेक्शन) को वापस ले लिया है। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की खंडपीठ ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया। इसके साथ ही अदालत ने शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ दर्ज 15 एफआईआर को भी निरस्त कर दिया। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2022 में न्यायमूर्ति राजाशेखर मंथा की पीठ ने शुभेंदु अधिकारी को सुरक्षा कवच देते हुए राज्य पुलिस द्वारा दर्ज 26 एफआईआर पर रोक लगा दी थी और यह निर्देश दिया था



कि उनके खिलाफ कोई नई एफआईआर दर्ज करने से पहले अदालत की अनुमति आवश्यक होगी। इस आदेश के कारण बीते दो वर्षों में उनके खिलाफ नए मामले दर्ज नहीं हो सके थे। राज्य सरकार ने हाल ही में इस आदेश को चुनौती दी थी, यह कहते हुए कि इससे जांच प्रक्रिया बाधित हो रही है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सुरक्षा कवच हटाने का फैसला सुनाया। अदालत ने साथ ही यह भी कहा है कि यदि शुभेंदु अधिकारी के वकीलों की ओर से कोई लिखित आपत्ति या स्पष्टीकरण देना हो, तो वह सोमवार तक प्रस्तुत किया जा सकता है। दूसरी,तरफ, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ दर्ज चार मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और राज्य पुलिस की संयुक्त विशेष जांच टीम (एसआईटी) को सौंपने का निर्देश दिया।

**चंदननगर में जगद्धात्री पूजा के दौरान हावड़ा मंडल के तहत ट्रेनों के आवागमन की विशेष व्यवस्था**

**ईएमयू स्पेशल ट्रेनें**

हावड़ा मंडल के तहत **चंदननगर** में **श्री श्री जगद्धात्री पूजा** के अवसर पर यात्रियों/आगंतुकों की अपेक्षित भारी भीड़ को संभालने के लिए, **हावड़ा और बैण्डेल के बीच पाँच जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेनें एवं हावड़ा और बर्द्धमान के बीच एक जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेन** दिनांक 27/28.10.2025 की मध्यवर्ती रात से दिनांक 01/02.11.2025 की मध्यवर्ती रात तक और साथ ही हावड़ा और बैण्डेल के बीच एक जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेन दिनांक 02.11.2025 **(विसर्जन दिवस)** को चलाई जाएंगी। ये ईएमयू स्पेशल ट्रेनें मार्ग में सभी स्टेशनों पर रुकेंगी। इन ईएमयू स्पेशल ट्रेनों की संक्षिप्त समयसूची निम्नानुसार हैं:

**अप ईएमयू स्पेशल**

| अप ईएमयू स्पेशल चलेगी → | | दिनांक 28.10.25, 29.10.25, 30.10.25, 31.10.25 एवं 01.11.25 को | | | दिनांक 27/28.10.25, 28/29.10.25, 29/30.10.25, 30/31.10.25 31.10/01.11.25 एवं 01/02.11.25 को | दिनांक 28.10.25, 29.10.25, 30.10.25, 31.10.25, 01.11.25 एवं 02.11.2025 को | | केवल दिनांक 02.11.2025 (विसर्जन दिवस) को |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पहला | दूसरा | तीसरा | चौथा | पाँचवाँ | *छठवाँ | |
| हावड़ा ↓ | प्र. | 17.20 | 19.55 | 20.35 | 23.30 | 00.30 | 01.15 | 02.35 |
| बैण्डेल | आ/प्र | 18.25 | 21.00 | 21.40 | 00.30 | 01.35 | 02.20/22 | 03.45 |
| बर्द्धमान | आ. | – | – | – | – | – | 03.50 | – |

**डाउन ईएमयू स्पेशल**

| डाउन ईएमयू स्पेशल चलेगी → | | दिनांक 28.10.25, 29.10.25, 30.10.25, 31.10.25 एवं 01.11.25 को | | | दिनांक 27/28.10.25, 28/29.10.25, 29/30.10.25, 30/31.10.25 31.10/01.11.25 एवं 01/02.11.25 को | दिनांक 28.10.25, 29.10.25, 30.10.25 31.10.25, 01.11.25 एवं 02.11.2025 को | | केवल दिनांक 02.11.2025 (विसर्जन दिवस) को |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पहला | दूसरा | तीसरा | *चौथा | पाँचवाँ | छठवाँ | |
| बर्द्धमान | प्र. | – | – | – | 22.30 | – | – | – |
| बैण्डेल ↓ | आ/प्र | 18.35 | 21.20 | 21.55 | 23.53/55 | 01.00 | 02.00 | 04.00 |
| हावड़ा | आ. | 19.40 | 22.30 | 23.00 | 01.00 | 02.05 | 03.05 | 05.10 |

* ईएमयू स्पेशल हावड़ा और बर्द्धमान के बीच (बैण्डेल होकर) चलेगी।

**ट्रेन आवागमन की अन्य व्यवस्थाएँ**

उपर्युक्त के अलावा, यात्रियों की सुविधा के लिए निम्नलिखित विशेष व्यवस्थाएँ भी की गई हैं। • **दिनांक 28.10.2025, 29.10.2025, 30.10.2025, 31.10.2025 और 01.11.2025 को,** 36087 हावड़ा- मसाग्राम ईएमयू लोकल (हावड़ा प्रस्थान 19.27 बजे) को बर्द्धमान तक बढ़ाया जाएगा और वही रेक डाउन दिशा में बर्द्धमान से हावड़ा तक बैण्डेल होकर एक और स्पेशल ट्रेन के रूप में **दिनांक 28/29.10.2025, 29/30.10.2025, 30/31.10.2025, 31.10/01.11.2025 और 01/02.11.2025** की मध्यवर्ती रात को चलगी (बर्द्धमान प्रस्थान 22.10 बजे, बैण्डेल आगमन/प्रस्थान 23.30/23.31 बजे, हावड़ा आगमन 00.35 बजे)। इसके परिणामस्वरूप, 36088 मसाग्राम-हावड़ा लोकल की सेवा **दिनांक 28.10.2025, 29.10.2025, 30.10.2025, 31.10.2025 और 01.11.2025** को डाउन दिशा में **रद्द** रहेगी।
• अप दिशा में, 63501 हावड़ा - बर्द्धमान फास्ट एमईएमयू लोकल (हावड़ा प्रस्थान 01.45 बजे) **दिनांक 29.10.2025, 30.10.2025, 31.10.2025, 01.11.2025 और 02.11.2025** को हावड़ा और बैण्डेल के बीच मार्ग में सभी स्टेशनों पर रुकेगी और डाउन दिशा में, 53002 आजिमगंज-हावड़ा पैसेंजर ट्रेन (बैण्डेल प्रस्थान 01.28 बजे) **दिनांक 29.10.2025, 30.10.2025, 31.10.2025, 01.11.2025 और 02.11.2025** को बैण्डेल और हावड़ा के बीच मार्ग में सभी स्टेशनों पर रुकेगी। • 37924 कटवा-हावड़ा ईएमयू लोकल (बैण्डेल प्रस्थान 17.08 बजे) दिनांक **28.10.2025, 29.10.2025, 30.10.2025, 31.10.2025 और 01.11.2025** को हुगली, चुचड़ा, चंदननगर, मानकुंडु, भद्रेश्वर, बैद्यबाटी, श्रीरामपुर, रिसड़ा, कोन्नगर, हिंदमोटर, उत्तरपाड़ा, बाली, बेलुड़ और लिलुआ में रुकेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

## छठ पूजा से पहले घाटों पर जोर-शोर से चल रही तैयारियां

**कोलकाता, समाज्ञा :** आगामी छठ पूजा को लेकर कोलकाता नगर निगम और प्रशासन पूरी तरह तैयारियों में जुट गया है। हर साल की तरह इस बार भी गंगा के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसी को देखते हुए सफाई, सुरक्षा और मरम्मत के कार्य पहले से ही शुरू कर दिए गए हैं। शहर के बाबू घाट, प्रिन्सेप घाट, आउटराम घाट और दही घाट समेत कई प्रमुख घाटों पर नगर निगम के कर्मचारी बैरिकेड लगाने, घाट की मरम्मत, रोशनी की व्यवस्था और सफाई का काम तेज़ी से कर रहे हैं। छठ पूजा की पूर्व संध्या और मुख्य दिन हजारों श्रद्धालु गंगा में स्नान कर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करने पहुंचते हैं। भीड़ नियंत्रण और किसी भी दुर्घटना से बचाव के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और सिविक



वॉलंटियर्स की तैनाती की जाएगी। कोलकाता नगर निगम की ओर से बताया गया है कि सभी घाटों पर पर्याप्त रोशनी, पेयजल की व्यवस्था और अस्थायी शौचालयों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही, नौ पुलिस और आपदा प्रबंधन टीम के सदस्य भी किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहेंगे। नगर निगम सूत्रों के अनुसार, नागरिकों की सुरक्षा और स्वच्छता सुनिश्चित करना ही मुख्य लक्ष्य है ताकि लोग इस पर्व की खुशी को बिना किसी परेशानी के मनाया सकें।

## पत्नी के साथ विवाहेत्तर संबंध के संदेह में एक दोस्त ने दूसरे दोस्त पर किया जानलेवा हमला

❑ **घायल व्यक्ति अस्पताल में भर्ती, आरोपी गिरफ्तार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के बासंती स्टेट हाईवे के पास घटकपुकुर चौराहे पर एक दोस्त और दूसरे की पत्नी के बीच विवाहेतर संबंध के शक में खूनी संघर्ष हुआ। बताया गया है कि गुरुवार की रात एक दोस्त पर पेशे से फल व्यापारी दोस्त को भरे बाजार में हसुआ से घोंपने का आरोप है। हमले के कारण व्यापारी के माथे पर गहरा जख्म हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने आनन-फानन में घायल व्यापारी को बचाया और अस्पताल पहुंचाया। आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी का नाम सुब्रत नस्कर है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुरुवार की रात घटकपुकुर ट्रैफिक पुलिस बूथ पर सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने बाजार में एक व्यापारी को हसुआ से घोंपा है। खबर मिलते ही ट्रैफिक सार्जेंट नूरुल इस्लाम मोल्ला और देबाशीष हलदर तुरंत मौके पर पहुंचे। और सुब्रत नस्कर नाम के व्यक्ति को पकड़ लिया। पुलिस ने घटकपुकुर बाजार के प्रबीर मंडल नामक फल व्यापारी को खून से लथपथ वहां पड़ा देखा। ट्रैफिक पुलिस ने घायल प्रबीर मंडल को तुरंत नलमुड़ी ग्रामीण अस्पताल भेजा और सुब्रत नस्कर को भांगड़ थाने को सौंप दिया। पुलिस पहले ही सुब्रत नस्कर को धारदार हथियार से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार कर चुकी है। पता चला है कि सुब्रत नस्कर और प्रबीर मंडल भांगड़ के कालिकापुर गांव के निवासी हैं। सुब्रत को शक है कि प्रबीर का उसकी पत्नी के साथ विवाहेतर संबंध है। पुलिस का माननाहै कि उसने अपनी पत्नी के अपने दोस्त के साथ वैवाहिक संबंध के शक में यह हमला किया।

## आज मुख्य सचिव ने नवान्न में बुलाई आपात बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में सरकारी अस्पतालों की सुरक्षा और बचाव उपायों पर नवान्न में एक आपात बैठक बुलाई गई है। यह आदेश स्वयं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दिया है। बताया जा रहा है कि मुख्य सचिव मनोज पंत ने उनके आदेश पर बैठक बुलाई है। बताया जा रहा है कि बैठक में राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों के सुरक्षा उपायों पर चर्चा की जाएगी, साथ ही निजी अस्पतालों के सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने पर भी चर्चा की जाएगी। मुख्य सचिव मनोज पंत आज दोपहर 12 बजे से यह उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। इस बैठक में सभी सरकारी अस्पतालों के प्राचार्यों और अधीक्षकों को शामिल होने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही सभी जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त और पुलिस अधीक्षक भी बैठक में मौजूद रहेंगे। वहीं, खबर है कि कोलकाता पुलिस आयुक्त को भी इस बैठक में मौजूद रहने का आदेश दिया गया है।

## जेल के बाहर खाद्य पदार्थ और हस्तशिल्प सामग्री बेचती हैं राज्य की कैदी महिलाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** हर शाम कोलकाता के अलीपुर महिला सुधार गृह की ऊंची दीवारों के बाहर आलू के पकौड़ों और कटलेट की खुशबू हवा में घुलती है। राहगीर नाश्ते के लिए बीच राह में ठहरते हैं, लेकिन उन्हें इस बात का इल्म नहीं होता कि इन चीजों को बनाने और पैक करने वाली महिलाएं सजायाफ्ता कैदी हैं। इन महिला कैदियों के लिए, जेल के गेट के ठीक बाहर एक छोटी सी दुकान कारावास और समाज के बीच सेतु की तरह काम करती है। यह उन्हें आत्मावलोकन करने, बाहरी दुनिया से जुड़ने और अकेलेपन में अक्सर खोई हुई गरिमा को पुनः प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है। वे पश्चिम बंगाल सुधार सेवा विभाग द्वारा जुलाई में शुरू की



गई एक अभिनव पहल 'अभिन्नो' (एकीकृत) का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य कैदियों को जेल में रहते हुए आजीविका कमाने और आत्मविश्वास हासिल करने में मदद करना है। इस कार्यक्रम के तहत, कैदी सुधार गृह के प्रवेश द्वार के बाहर स्थित स्टॉलों पर सीधे जनता के लिए भोजन, हस्तशिल्प और अन्य सामान तैयार करते और बेचते हैं, जिसे अधिकारी 'सम्मान के साथ पुनर्वास' कहते हैं। पश्चिम बंगाल के सुधार सेवा मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा ने कहा कि 'अभिन्नो' जेल सुधार में एक नया मानक स्थापित कर रहा है। सिन्हा ने कहा कि कैदियों द्वारा बनाए गए उत्पाद जेल परिसर के बाहर इन दुकानों के माध्यम से बेचे जाते हैं। एक गैर-सरकारी संगठन उन्हें प्रशिक्षित करता है और इससे होने वाली कमाई कैदियों के कल्याण कोष में जाती है। कैदियों को वेतन भी मिलता है, जो रिहाई के बाद उन्हें सौंप दिया जाता है। अलीपुर महिला सुधार गृह में एक साधारण प्रयोग के रूप में शुरू हुआ यह कार्यक्रम जल्द ही बंगाल की जेलों में आदर्श बन गया है। अलीपुर में लगभग 25 कैदी इस पहल का हिस्सा हैं, जिनमें से आठ रोजाना दुकान चलाती हैं जिसमें खाना पकाने, परोसने, हस्तशिल्प बेचने और निगरानी में हिसाब-किताब का काम करना शामिल है। प्रेसिडेंसी रेंज के डीआईजी (कारागार) देबाशीष चक्रवर्ती ने कहा कि हम इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि रिहाई के बाद कैदियों का काम उन्हें कैसे सहारा दे सकता है। इससे उनके कौशल के लिए एक व्यवस्थित मंच बनाने का विचार आया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भेजे गए इस प्रस्ताव को तुरंत मंजूरी मिल गई। चक्रवर्ती ने कहा कि उन्होंने इसे केवल मंजूर ही नहीं किया, बल्कि खुद इसका नाम 'अभिन्नो' भी रखा।

www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# एसएसकेएम में नाबालिग से यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी को 31 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत

❑ **घटना के विरोध में कांग्रेस और एसयूसीआई ने अस्पताल परिसर में किया प्रदर्शन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर के सरकारी एसएसकेएम (सेठ सुखलाल करनानी मेमोरियल) अस्पताल के परिसर में 15 वर्षीय नाबालिग का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार किए गए संस्थान के पूर्व 'वार्ड बॉय' एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी अमित मलिक को शुक्रवार को यहां एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया जिसने उसे 31 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। अभियोजन पक्ष के वकील ने बताया कि अलीपुर की एक अदालत ने पीड़िता के रिकॉर्ड किए गए और हस्ताक्षरित बयान के आधार पर पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत आरोपी के डीएनए और रक्त के नमूने की जांच के अलावा चिकित्सा-विधिक जांच की भी अनुमति दे दी। पुलिस सूत्रों ने पुष्टि की है कि उन्होंने अस्पताल से सीसीटीवी कैमरे की फुटेज प्राप्त कर ली है, जिसमें मलिक को लड़की को इमारत के अंदर ले जाते हुए और बाद में जल्दबाजी में अकेले ही वहां से निकलते हुए देखा



जा सकता है। सरकारी वकील ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने मामले में आगे की जांच के लिए चार नवंबर तक आरोपी की पुलिस हिरासत का अनुरोध किया था। हमने पीड़िता और आरोपी दोनों के रक्त के नमूने और डीएनए जांच, मजिस्ट्रेट के समक्ष उनके बयान दर्ज किए जाने और आरोपी की मेडिको-लीगल जांच कराए जाने का अनुरोध किया था। दूसरी तरफ, इस दिन, कांग्रेस और एसयूसीआई (सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया) ने एसएसकेएम अस्पताल परिसर के अंदर अलग-अलग विरोध प्रदर्शन किया और संस्थान के अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर अस्प-ताल के अंदर सुरक्षा खामियों को दूर करने के लिए सक्रिय कदम उठाने की मांग की।

❑ **स्वास्थ्य भवन ने मांगी रिपोर्ट**

एसएसकेएम अस्पताल में हुए इस गंभीर मामले पर स्वास्थ्य विभाग ने रिपोर्ट तलब की है। सवाल उठ रहे हैं कि ट्रॉमा केयर जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग के अंदर आरोपित कैसे पहुंचा और घटना कैसे घटी। स्वास्थ्य विभाग ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसकेएम के एमएसवीपी से रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के मुताबिक, स्वास्थ्य सचिव स्वयं मामले की निगरानी कर रहे हैं और उन्होंने एमएसवीपी को 72 घंटे के भीतर पूरे घटनाक्रम का विस्तृत ब्यौरा सौंपने का निर्देश दिया है।

## उच्च माध्यमिक तृतीय सेमेस्टर का परिणाम 31 अक्टूबर को घोषित होगा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने तृतीय सेमेस्टर (कक्षा 12 के प्रथम चरण) के परिणाम की घो-षणा की तारीख तय कर दी है। परिषद की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, 31 अक्टूबर को परिणाम प्रकाशित किए जाएंगे।

शुक्रवार को जारी नोटिस में बताया गया कि 31 अक्टूबर दोपहर 1 बजे के बाद से परी-क्षार्थी ऑनलाइन माध्यम से अपना परिणाम देख सकेंगे। परिणाम में छात्रों को कुल प्राप्तांक, विषयवार अंक और विषयवार परसेंटाइल की जानकारी मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि उच्च माध्यमिक की तृतीय सेमेस्टर




परीक्षा 22 सितंबर को समाप्त हुई थी। परीक्षा खत्म होने के 39 दिन बाद परिणाम घोषित किया जा रहा है। परिषद ने पहले ही संकेत दिया था कि अक्टूबर के अंत तक परिणाम जारी कर दिया जाएगा, और अब तय तिथि पर ही यह घोषणा होने जा रही है।

राज्य में अब उच्च माध्यमिक परीक्षा सेमेस्टर प्रणाली के तहत आयोजित की जाती है, और यह उसका तीसरा सेमेस्टर है।

## हिंगलगंज में नहर से नवजात शिशु का शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के हिंगलगंज थाना अंतर्गत काठपोल इलाके में शुक्रवार को नहर से एक नवजात शिशु का शव बरामद हुआ। इस घटना से इलाके में काफी हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, दोपहर में स्थानीय लोगों ने काठपोल इलाके में एक नहर में एक नवजात शिशु का शव तैरता देखा। यह नजारा देखकर हर कोई स्तब्ध रह गया। इसके बाद, नहर के आसपास भीड़ जमा होने लगी। स्थानीय लोगों ने हिंगलगंज थाने को सूचना दी। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने नवजात शिशु का शव बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए बशीरहाट उपजिला अस्पताल भेज दिया गया है। लेकिन, नवजात शिशु का शव कहां से आया? किसके परिवार के बच्चे का शव? क्या किसी ने जानबूझकर ऐसी घटना को अंजाम दिया? पुलिस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कोलाघाट में 5 साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में नाबालिग गिरफ्तार

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के कोलाघाट में शुक्रवार के तड़के पुलिस ने 5 साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में एक 14 साल के लड़के को हिरासत में लिया। पूर्व मेदिनीपुर जिला पुलिस के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि आरोपी नाबालिग है और उसे दोपहर बाद उसी जिले के किशोर न्याय न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी पर यह भी आरोप है कि उसने पीड़िता को उसके साथ हुए यौन अपराध के बारे में अपने माता-पिता सहित किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पता चला है कि पीड़िता 22 अक्टूबर की सुबह आरोपी के घर गई थी। पीड़िता के माता-पिता द्वारा दर्ज कराई गई पुलिस शिकायत के अनुसार, आरोपी ने घर पर परिवार के अन्य सदस्यों की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर अपने घर पर उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया।

## पैटन इंटरनेशनल जल संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में रोटरी नेशनल सीएसआर अवॉर्ड से सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पैटन इंटरनेशनल लिमिटेड को जल, स्वच्छता और हाइजीन (बड़ी श्रेणी) में रोटरी नेशनल सीएसआर अवॉर्ड (ईस्टर्न रीजन) से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान कंपनी के समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले प्रयासों के लिए दिया गया। अवॉर्ड पैटन ग्रुप की अध्यक्ष प्रियम बुधिया ने प्राप्त किया, जिन्होंने स्वच्छ जल उपलब्ध कराना, ग्रामीण महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाना और बेहतर स्वच्छता जागरूकता फैलाने के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल की है।

पैटन की परियोजनाएं जैसे वॉटर-ऑन-व्हील्स रोलर टैंक, कॉन्टैक्टलेस सेफ हैंडवॉश स्टेशन और रेनवॉटर हार्वेस्टिंग न केवल तकनीकी नवाचार का उदाहरण हैं, बल्कि इनसे ग्रामीण और शहरी समुदायों का जीवन सुधार




पैटन ग्रुप की अध्यक्ष प्रीयम बुधिया ने राष्ट्रीय सीएसआर अवॉर्ड प्राप्त किया।

रहा है। कंपनी के प्रयास संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों जैसे स्वच्छ जल और स्वच्छता, लैंगिक समानता, उत्तम स्वास्थ्य और कल्याण और जलवायु कार्रवाई के अनुरूप हैं। विशेष रूप से वॉटर-ऑन-व्हील्स एक 90-लीटर की रोलिंग जल टैंक है, जो ग्रामीण महिलाओं और बच्चों को पांच गुना अधिक पानी कम प्रयास में ले जाने में मदद करती है। वहीं, पैटन का कॉन्टैक्टलेस सेफ हैंडवॉश स्टेशन सार्वजनिक और संस्थागत क्षेत्रों में जल और साबुन की बचत करते हुए स्वच्छता सुनिश्चित करता है।

पैटन इंटरनेशनल की यह उपलब्धि यह दर्शाती है कि व्यावसायिक सफलता और सामाजिक कल्याण एक साथ आगे बढ़ सकते हैं। प्रियम बुधिया ने कहा, यह सम्मान हमें प्रेरित करता है कि हम समाज के लिए स्थायी बदलाव लाने का प्रयास जारी रखें और स्वच्छ जल तथा बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में काम करें।

## फरक्का में सरकारी बैंक में ग्राहकों के एक करोड़ रुपये गबन के आरोप में दो बैंक कर्मचारी गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** ग्राहकों के करीब एक करोड़ रुपये गबन करने के आरोप में दो बैंक कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। पता चला है कि गत गुरुवार की रात फरक्का थाने की पुलिस ने पंजाब नेशनल बैंक की फरक्का बैराज शाखा के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी प्रवीण दत्त और कैशियर शुवेंदु साहा को गिरफ्तार किया। शुक्रवार की दोपहर पुलिस ने गिरफ्तार लोगों को जंगीपुर उपजिला न्यायालय पेश किया। बताया गया है कि गिरफ्तार बैंक के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी प्रवीण दत्त फरक्का प्रखंड के बेवा-1 ग्राम पंचायत के पलाशी का निवासी है। हालांकि, वह फरक्का बैराज स्थित अपने आवास में रहता था। वह 2012 से सरकारी बैंक की फरक्का बैराज शाखा में सफाई कर्मी का काम कर रहा था। बैंक में



कर्मचारियों की कमी के कारण उसे सफाई कर्मी के साथ पासबुक अपडेट करने का काम भी करना पड़ता था। दूसरी ओर, गिरफ्तार बैंक कैशियर शुवेंदु साहा का घर भी फरक्का प्रखंड के पलाशी में ही है। बैंक के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी प्रवीण दत्ता पर ग्राहकों के खातों से करीब 30 लाख रुपये गबन करने का आरोप है। उसने ग्राहकों से 28 लाख रुपये जमा करने के लिए थे। खाते में जमा किए बिना उसने इसे पूरी तरह से गबन कर लिया और 64 लाख रुपये के फर्जी एफडी सर्टिफिकेट लिखकर ग्राहकों को पूरी तरह से चूना लगा दिया। प्रवीण दत्ता ने स्थानीय निवासी होने का फायदा उठाकर ग्राहकों का विश्वास हासिल किया। दुर्गा पूजा की छुट्टियों के बाद जैसे ही बैंक खुला, मामला प्रकाश में आते ही ग्राहकों ने बैंक में विरोध प्रदर्शन किया। घटना के बाद प्रवीण दत्ता छिप गया। ग्राहकों की लिखित शिकायत के आधार पर बैंक प्रबंधक अरिंदम मित्रा ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी प्रवीण दत्ता के खिलाफ फरक्का थाने में मामला दर्ज कराया। घटना की जांच करते हुए फरक्का थाने की पुलिस ने गुप्त सूत्र से सूचना मिलने के बाद गुरुवार की रात न्यू फरक्का बस स्टैंड से प्रवीण दत्ता को गिरफ्तार कर लिया।

# दुबराजपुर में काली पूजा विसर्जन को लेकर दो पक्षों में झड़प, पांच घायल

**बीरभूम :** काली पूजा विसर्जन के दौरान जुलूस को लेकर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। अचानक हुए हमले में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना गुरुवार की रात बीरभूम जिले के दुबराजपुर थानांतर्गत पदुमा ग्राम पंचायत क्षेत्र के भालुका गांव में हुई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, भालुका गांव के एक रास्ते को लेकर लंबे समय से स्थानीय निवासी चित्तरंजन महादानी के परिवार और गांव के अन्य लोगों के बीच विवाद चल रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि चित्तरंजन महादानी का परिवार उस रास्ते से काली प्रतिमा के विसर्जन जुलूस को गुजरने नहीं देना चाहता था। जब ग्रामीण जुलूस लेकर वहां पहुंचे, तो महादानी परिवार की ओर से उन पर हमला किया गया। हालांकि, महादानी परिवार ने सभी आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि वे अपने घर के सामने खड़े होकर विसर्जन जुलूस देख रहे थे, तभी अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ लोगों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। परिवार की सदस्य बुला महादानी ने आरोप लगाया कि भीड़ ने उनके परिवार के सदस्यों की पिटाई की, गाड़ियों में तोड़फोड़ की और घर में भी नुकसान पहुंचाया। इस झड़प में ग्रामीण शिशिर हाजरा, चंडी माल और राहुल हाजरा के साथ चित्तरंजन महादानी और उनके पुत्र प्रशांत महादानी घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर दुबराजपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चित्तरंजन महादानी की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें दुबराजपुर ग्रामीण अस्पताल से सिउड़ी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है। पुलिस ने घटना में शामिल दो लोगों को हिरासत में लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल किसी भी पक्ष ने लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है, लेकिन पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## छठ पूजा के बाद यात्रियों की वापसी यात्रा को सुगम बनाने के लिए रेलवे पूरी तरह तैयार

**कोलकाता, समाज्ञा**

भारतीय रेल ने छठ पूजा के बाद यात्रियों की सुरक्षित और सुविध-ाजनक वापसी यात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारी की है। त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे ने देशभर में 12,000 से अधिक स्पेशल ट्रेनें संचालित की हैं, जिनमें से 28 अक्टूबर से नवंबर माह तक 6,181 विशेष ट्रेनें वापसी यात्रा के लिए चलाई जाएंगी। प्रमुख स्टेशनों – नई दिल्ली, आनंद विहार, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, पटना, दानापुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गया, सहरसा और गोरखपुर – पर यात्रियों की सुविधा के लिए मौसमरोधी होल्डिंग एरिया, अतिरिक्त टिकट काउंटर और आधुनिक यात्री सुविधाएं स्थापित की गई हैं। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए रेलवे सुरक्षा बल की अतिरिक्त तैनाती की गई है, जबकि सूचना काउंटर, सहायता बूथ और सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली को सशक्त बनाया गया है। रेलवे ने 247 मेडिकल बूथ, आपातकालीन सेवाएं और वार रूम भी सक्रिय किए हैं। भारतीय रेल ने कहा है कि वह यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और विश्वसनीय यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## सैमसंग ने भारत में बनाए विंडफ्री कैसट एसी लॉन्च किए, स्मार्ट और ऊर्जा-कुशल कूलिंग का नया युग

**कोलकाता, समाज्ञा :** सैमसंग ने कोलकाता में अपने मेड इन इंडिया विंडफ्री कैसट एयर कंडीशनर्स की नई श्रृंखला लॉन्च की है। यह रेंज स्मार्ट कनेक्टिविटी, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण-अनुकूल डिज़ाइन का बेहतरीन संयोजन प्रस्तुत करती है। इन एसी में इन-बिल्ट वाई-फाई और स्मार्टथिंग्स ऐप इंटीग्रेशन की सुविधा दी गई है, जिससे उपभोक्ता कहीं से भी तापमान और सेटिंग्स नियंत्रित कर सकते हैं। सैमसंग की विंडफ्री कूलिंग तकनीक तेज ठंडी हवा के झोंकों के बिना शांत और समान ठंडक प्रदान करती है। इनमें ठ32 रेफ्रिजरेंट का उपयोग किया गया है, जो पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव डालता है और लगभग 48% तक ऊर्जा की बचत सुनिश्चित करता है। सैमसंग इंडिया के सिस्टम एसी हेड विपिन अग्रवाल ने कहा कि नए एसी भारतीय जरूरतों के अनुरूप स्मार्ट, टिकाऊ और आधुनिक समाधान प्रदान करते हैं। यह रेंज अक्टूबर 2025 से देशभर में अधिकृत कमर्शियल एसी पार्टनर्स के माध्यम से लगभग 65,000 (जीएसटी अतिरिक्त) की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होगी।

## सैमसंग ने त्योहारों के दौरान 4 घंटे की इंस्टॉलेशन और डेमो सेवा की शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** सैमसंग ने त्योहारों के दौरान ग्राहकों को तेज और परेशानी मुक्त अनुभव देने के लिए अपनी नई 4 घंटे की सुपरफास्ट इंस्टॉलेशन और डेमो सर्विस की घोषणा की है। यह सेवा 22 सितंबर से 21 अक्टूबर 2025 तक रही और नगर सीमा के अंदर उपभोक्ताओं के रिक्वेस्ट करने के चार घंटे के भीतर प्रोडक्ट इंस्टॉल किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य ग्राहकों को तुरंत सेटअप और बिना इंतजार के त्योहारों का आनंद लेने का अवसर प्रदान करना है। इंस्टॉलेशन के साथ ही सैमसंग के प्रशिक्षित इंजीनियर प्रत्येक उत्पाद का व्यक्तिगत डेमो देंगे और स्मार्टथिंग्स ऐप से कनेक्ट करने की जानकारी साझा करेंगे, जिससे उपभोक्ता अपने उपकरणों को स्मार्ट लाइफस्टाइल का हिस्सा बना सकें। सैमसंग इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट (कस्टमर सैटिस्फैक्शन) सुनील कुटिन्हा ने कहा कि यह पहल ग्राहकों के समय और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए त्योहारों को और विशेष बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## एलजी ने पेश की 'एसेंशियल सीरीज': भारतीय जरूरतों के अनुरूप नई मेड फॉर इंडिया लाइन

**कोलकाता, समाज्ञा :** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड (एलजीईआईएल) ने भारतीय उपभोक्ताओं के लिए एलजी एसेंशियल सीरीज नामक नई होम अप्लायंसेस लाइन लॉन्च की है। कोलकाता में हुए लॉन्च कार्यक्रम में कंपनी ने बताया कि यह पहल एलजीईआईएल की सार्वजनिक सूचीबद्धता के बाद भारतीय बाजार में उसकी पहली बड़ी उपभोक्ता पेशकश है। एसेंशियल सीरीज में फ्रोस्ट-फ्री रेफ्रिजरेटर, फुली ऑटोमैटिक टॉप लोड वॉशिंग मशीन, एनर्जी मैनेजर+ फीचर वाला रूम एयर कंडीशनर और भारतीय मेन्यू से लैस कन्वर्टिबल ओवन शामिल हैं। एलजी इंडिया के अध्यक्ष होंग जू जॉन ने कहा कि यह श्रृंखला भारतीय परिवारों की वास्तविक जरूरतों को पूरा करने और 'लाइफ्स गुड' के वादे को हर घर तक पहुंचाने की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

## 2012 में टीईटी पास करने वाले शिक्षकों को मिलेगा प्रमाणपत्र

### शिक्षकों की चिंता दूर करने की तैंयारी में परिषद




**कोलकाता :** 2012 में नियुक्त हुए प्राथमिक शिक्षकों को अब तक टीईटी पास करने का प्रमाणपत्र नहीं मिला था। उस समय प्रमाणपत्र देने का नियम नहीं था, इसलिए केवल मेरिट लिस्ट के आधार पर ही नियुक्ति की गई थी। अब सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद यह कहा गया है कि सभी प्राथमिक शिक्षकों को टीईटी पास करना अनिवार्य है। इस वजह से 2012 में नियुक्त शिक्षक, जिनके पास प्रमाणपत्र नहीं है, वे चिंता में पड़ गए हैं।

शिक्षकों की इस परेशानी को देखते हुए पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा परिषद अब उन्हें प्रमाणपत्र देने पर विचार कर रही है। परिषद का कहना है कि 2015 से ही टीईटी प्रमाणपत्र देने की प्रक्रिया शुरू की गई थी, क्योंकि उस वर्ष से टीईटी पास करने की अवधि तीन वर्ष तय की गई थी।

परिषद के अध्यक्ष गौतम पाल ने कहा, परिषद नहीं चाहती कि शिक्षक किसी भी संकट में पड़ें। हम प्रमाणपत्र देने के पक्ष में हैं, लेकिन पहले यह देखना होगा कि 2012 में नियम क्या थे, और उस समय प्रमाणपत्र क्यों नहीं दिए गए थे। इसके लिए कानूनी सलाह लेकर ही आगे का निर्णय लिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद से ही शिक्षकों में असमंजस की स्थिति थी, लेकिन परिषद के इस कदम से अब उनकी चिंता दूर होने की उम्मीद है।

## छठ पूजा पर रेलवे स्टेशनों पर गूंजे भक्ति गीत, यात्रियों के सफर में घुली आस्था की महक



**कोलकाता, समाज्ञा**

भारतीय रेलवे ने छठ पूजा के पावन अवसर पर देशभर के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर छठ गीतों का प्रसारण शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को त्योहार की पवित्र भावना से जोड़ना और उनके सफर को और अधिक आनंददायक बनाना है। छठ पर्व के दौरान बजने वाले ये भक्तिपूर्ण गीत रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं के लिए एक पवित्र और सांस्कृतिक वातावरण तैयार कर रहे हैं। पटना, दानापुर, हाजीपुर, भागलपुर, जमालपुर, सोनपुर, नई दिल्ली, गाजियाबाद और आनंद विहार टर्मिनल जैसे प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों को इन गीतों के माध्यम से अपने घर और मिट्टी की सुगंध का अनुभव हो रहा है, जिससे उनके सफर में भक्ति, उल्लास और अपनापन घुल गया है।

छठ पर्व के अवसर पर रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों के आराम के लिए होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं, जहां वे ट्रेनों का इंतजार सहजता से कर सकते हैं। इसके साथ ही, सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया गया है – आरपीएफ कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और स्टेशन परिसर में सुव्यवस्थित भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित किया गया है।

### छठ पूजा के अवसर पर सियालदह-बलिया के बीच चलेगी एक और अनारक्षित स्पेशल ट्रेन

रेलवे ने छठ पूजा के अवसर पर सियालदह और बलिया के बीच एक और अनारक्षित विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत, 03181 सियालदह-बलिया अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 25 अक्टूबर को सुबह 10:05 बजे सियालदह से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 4:00 बजे बलिया पहुंचेगी। वहीं, 03182 बलिया-सियालदह अनारक्षित विशेष ट्रेन 26 अक्टूबर को सुबह 7:00 बजे बलिया से रवाना होकर अगले दिन सुबह 1:30 बजे सियालदह पहुंचेगी। यह ट्रेन नैहाटी, बंडेल, वर्दवान, पानागढ़, दुर्गापुर, अंडाल, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसिडीह और सिमुलतला स्टेशनों पर रुककर यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करेगी।

## सिलीगुड़ी के निजी नर्सिंग होम में आग लगने से एक मरीज की मौत

**सिलीगुड़ी :** दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी स्थित एक निजी नर्सिंग होम में गुरुवार की देर रात आग लगने से एक मरीज की मौत हो गई। हालांकि, अस्पताल के कर्मचारियों और पुलिस द्वारा बचाव अभियान में शामिल होने के बाद निजी नर्सिंग होम में भर्ती अन्य मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका।

अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि अस्पताल के गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती मृतक मरीज की मौत आग के धुएं के कारण दम घुटने से हुई या अन्य कारणों से।

आग की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन पुलिस के उपायुक्त राकेश सिंह ने बाद में मीडिया कर्मियों को बताया कि जनरल वार्ड के 12 मरीजों और आईसीयू के पांच मरीजों पर आग का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और वे सभी सुरक्षित हैं।

राकेश सिंह ने कहा कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और कानूनी प्रावधानों के अनुसार उचित कदम उठाएगी।

हालांकि, मरीजों के रिश्तेदारों ने आपातकालीन मामलों से निपटने के लिए पर्याप्त प्रावधानों की कमी के संबंध में नर्सिंग होम अधिकारियों की लापरवाही की शिकायत की है। हालांकि, नर्सिंग होम के अधिकारियों ने इन आर-ोपों से इनकार किया है।

नर्सिंग होम के प्रवक्ता ने कहा कि जब आग लगी, तब अस्प-ताल में पर्याप्त कर्मचारी मौजूद थे। हालांकि, शुरुआत में अफरा-तफरी मची थी, लेकिन संकट को प्रभावी ढंग से संभाल लिया गया। मरीज सुरक्षित हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट था।

## अखिल भारतीय गौड़ ब्राह्मण सभा का दीपावली प्रीति मिलन व अन्नकूट प्रसाद कार्यक्रम संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय गौड़ ब्राह्मण सभा के तत्व-ावधान में बुधवार को दीपावली प्रीति मिलन और अन्नकूट प्रसाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार शर्मा, सतीश शर्मा, (सीसीआई) भंवर लाल जोशी, गोबिंद प्रसाद शर्मा (लाला बाबू), बिष्णु शर्मा, पार्षद महेश शर्मा, विकाश शर्मा, जगमोहन जोशी ने दीप प्रज्वलन कर किया।

कार्यक्रम में सभा अध्यक्ष अनिल दत्त शर्मा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष सुशील ढंड व रवि शर्मा, संयुक्त सचिव गणेश डोकवाल सहित राजेश शर्मा (ऋषि मुनि), रामबल्लभ मिश्रा, आनंद शर्मा (फोरम प्रवेश), बिनोद



कुमार शर्मा, सुनील शर्मा (पतंजलि), सुरेश सहल, बिमलेश शर्मा, वेदप्रकाश जोशी, संतोष थलिया, सुरेश शर्मा (डनलप), दिलीप शर्मा, सज्जन सहल, बनवारी शर्मा, सज्जन शर्मा (बालाजी), अंकुर जोशी, मनोज शर्मा, सुनील सुरोलिया, सचिन शर्मा, सोनू सुरोलिया, अभिषेक दत्त, दीपक पाराशर, आनंद शर्मा (एसएम), सिद्धान्त जोशी, मनीष कौशिक, बजरंग लाल शर्मा, राजकुमार भारद्वाज, सत्यनारायण हरितवाल, कैलाश चंद शर्मा (बांगुर) सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।

## कोल्ड ड्रिंक कारखाने के शौचालय में कर्मचारी का खून से लथपथ शव बरामद

❑ **कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के नरेंद्रपुर में ईएम बाईपास स्थित एक प्रसिद्ध कोल्ड ड्रिंक कंपनी के कारखाने के शौचालय में शुक्रवार को एक कर्मचारी का खून से लथपथ शव मिला। मृतक की पहचान कबीर हुसैन मोल्ला (30) के रूप में हुई है। वह नरेंद्रपुर का निवासी था। कबीर कारखाने में कर्मचारी था। पुलिस के अनुसार, कबीर के शरीर पर कई चोटों के निशान थे, जिससे किसी अनहोनी की आशंका जताई जा रही है। परिवार के अनुसार, 22 अक्टूबर की दोपहर के बाद से कबीर से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा था। आखिरी बार उन्होंने बुधवार को घर पर फोन किया था और बताया था कि वह ड्यूटी पर हैं। उसके बाद मोबाइल बंद मिला। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह 22 अक्टूबर से लापता था। परिजनों की मानें तो कबीर ने उस दिन कारखाने के उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर तो किए थे, लेकिन वह बाहर नहीं गए थे। शुक्रवार की सुबह फैक्ट्री के एक शौचालय को लंबे समय तक बंद देखकर कर्मचारियों ने शक जताया। पुलिस को बुलाया गया, जिसने दरवाजा तोड़ा और अंदर से कबीर का खून से लथपथ शव बरामद किया। शरीर पर कई चोट के निशान मिले हैं। परिवार का आरोप है कि यह योजना बनाकर की गई हत्या है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना के बाद कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन किया। पुलिस ने हालात नियंत्रित करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगालने और कर्मचारियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

## कोलकाता मेट्रो ने मनाया अपना 41वां स्थापना दिवस, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**कोलकाता :** भारत की पहली मेट्रो सेवा के 41 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कोलकाता मेट्रो रेलवे ने शुक्रवार को अपना स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। वर्ष 1984 में इस दिन एस्प्लानेड से भवानीपुर (वर्तमान नेत-ाजी भवन) के बीच मेट्रो सेवा शुरू हुई थी, जिसने देश में मेट्रो परिवहन की नींव रखी थी।

इस अवसर पर न्यू एस्प्लानेड मेट्रो स्टेशन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शुभ्रांशु मिश्रा, महाप्रबंधक, मेट्रो रेलवे ने कोलकाता मेट्रो की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने नेटवर्क विस्तार की योजनाओं का विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि मेट्रो रेलवे पर्यावरण के अनुकूल, आरामदायक, समयनिष्ठ और किफायती परिवहन सेवा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

इस मौके पर प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक




अशोक विश्वनाथन ने भी कोलकाता मेट्रो को 41 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पूरी करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेट्रो केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि कोलकाता की संस्कृति और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा है, जिसने पूरे देश में मेट्रो नेटवर्क के विस्तार का मार्ग प्रशस्त किया।

कार्यक्रम में एक जादू शो का भी आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से यात्रियों को मेट्रो परिसरों की स्वच्छता बनाए रखने और पेपर टिकट या टोकन के स्थान पर स्मार्ट कार्ड के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

मेट्रो रेलवे ने इस अवसर पर यात्रियों से अपील की कि वे मेट्रो को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग करें तथा पर्यावरण-संरक्षण की दिशा में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

# पार्क स्ट्रीट के होटल में बॉक्स बेड से शव बरामद

❑ **पुलिस को मृतक के दो संदिग्ध साथियों की तलाश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पार्क स्ट्रीट के रफी अहमद किदवई रोड स्थित एक होटल से एक युवक का सड़ा-गला शव बरामद हुआ। घटना से हड़कंप मच गया। उक्त होटल के एक कमरे में एक बॉक्स बेड के अंदर से ही उक्त शव मिला। युवक की मौत कैसे हुई, इसे लेकर संशय बना हुआ है। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांचकर्ताओं के अनुसार, रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस का कहना है कि मृत युवक की पहचान तो हो गई है, क्योंकि उसका नाम और पता होटल के रजिस्टर में दर्ज है, लेकिन जांच के लिए इसे गुप्त रखा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, मृतक युवक का




नाम राहुल लाल है। वह पिकनिक गार्डेन इलाके में अपने चाचा के साथ रहता था। पुलिस की माने तो उक्त वारदात में दो संदिग्ध लोगों की तलाश हो रही है। युवक ने इसी महीने की 22 तारीख को होटल में चेक-इन किया था। उसके साथ कुछ लोग भी थे। हालांकि, पता चला है कि युवक ने अपने नाम से चेक-इन नहीं किया था। फिर, उसके साथी कमरे से चले गए। लेकिन एक दिन बीत गया और वह युवक दिखाई नहीं दिया। जिस युवक का शव मिला है वह होटल की तीसरी मंजिल पर एक कमरे में ठहरा हुआ था। घटना की जानकारी सबसे पहले होटल के कर्मचारियों को हुई। कारण उक्त बंद कमरा एक नये ग्रहक को देना था लेकिन वह जब कमरे के पास गया तो वहां उसे सड़ने की गंध मिली। ऐसे में होटल कर्मियों बार-बार बुलाने पर भी कोई जवाब नहीं मिलने पर उन्हें शक हुआ। दरवाजा बंद था। जब दरवाजा तोड़ा गया तो पाया गया कि युवक की हत्या करके उसका शव एक बॉक्स बेड में छिपा दिया गया था। होटल ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस दोपहर करीब 1 बजे पहुंची और शव बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पार्क स्ट्रीट थाना पुलिस और लालबाजार हत्याकांड शाखा के अधिकारी मौके पर पहुंचे है। उन्होंने फिंगरप्रिंट सहित कई अन्य जानकारियां जुटाई हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शव पर खून के धब्बे और कई जगहों पर चोट के निशान पाए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। जांच के लिए अभी कई जानकारियां गुप्त रखी गई हैं। फिंगरप्रिंट लिए गए हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि जिस युवक का शव मिला है वह होटल में कब तक रुका था, उसके साथ कौन से लोग थें और वह किन-किन लोगों से मिला था। होटल में अलग-अलग मंजिलों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। उनकी फुटेज भी देखी जा रही है।

## प्रेमिका के घर आधी रात को मिलने पहुंचा प्रेमी

### प्रेमिका के पिता-भाई पर लगा प्रेमी की आंख फोड़ने का आरोप

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के श्रीरामपुर थाना अंतर्गत के प्रभासनगर स्थित चकला पाड़ा इलाके में देर रात प्रेम प्रसंग को लेकर बवाल मच गया। आरोप है कि प्रेमिका ने अपने प्रेमी को देर रात घर बुलाया फिर उसकी जमकर पिटाई की गई। प्रेमी के ऊपर हमला कर उसकी आंख फोड़ दी गई। घायल युवक की एक आंख गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इसके बाद इलाके में तनाव फैल गया। हालत बेकाबू हो गए। आक्रोशित भीड़ ने प्रेमिका के पिता की दुकान में तोड़फोड़ की। हालात काबू में रखने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल और रैफ तैनात की गई। सूत्रों के मुताबिक, प्रभासनगर चाकलापाड़ा निवासी वैद्यराज बंद्योपाध्याय (25) नामक युवक का घोड़ामारा मल्लिपाड़ा की एक युवती



से लंबे समय से प्रेम संबंध में था। हाल ही में युवती के परिवारवालों ने उसकी शादी किसी और अन्य युवक से तय कर दी। शादी की तारीख 4 दिसंबर निर्धारित की गई।

बताया जाता है कि बुधवार देर रात करीब 1:15 बजे युवती ने अपने प्रेमी को घर बुलाया। प्रेमी वहां पहुंचा और दोनों कमरे में थे, तभी युवती का भाई और पिता को इसकी भनक लग गई। उन्होंने युवक को पकड़कर बुरी तरह पीटा। युवक के दाहिनी आंख पर गहरी चोट लगी। पहले उसे वाल्स अस्पताल ले जाया गया, बाद में हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

परिवार वालों का कहना है कि युवक की एक आंख की रोशनी जा सकती है। गुरुवार को इस घटना की खबर फैलते ही क्षेत्र में भारी उत्तेजना फैल गई। भीड़ ने प्रेमिका के भाई को घेरकर पीटने की कोशिश की, लेकिन पुलिस समय रहते मौके पर पहुंची और उसे भीड़ से बचाया।

फिलहाल इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है। प्रेमी युवक की पिटाई के मामले में श्रीरामपुर थाने में शिकायत दर्ज कर ली गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## शांतिपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के शांतिपुर थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 पर सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान हसीबुर रहमान उर्फ साहेब (38) के रूप में की गई है। वह मुर्शिदाबाद के बेलेडांगा थाना क्षेत्र का निवासी था। सूत्रों के अनुसार, गत गुरुवार की रात वह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 पर बेलेडांगा की ओर जा रहा था। उस समय, शांतिपुर-बेलेडांगा चौराहे पर उसने अपनी बाइक से नियंत्रण खो दिया और दुर्घटना का शिकार हो गया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर शांतिपुर थाने की पुलिस आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंची और शव को बरामद कर थाने ले आई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रानाघाट पुलिस मुर्दाघर भेज दिया है।

## मुख्यमंत्री ने निभाया वादा, मिरिक में बालासन नदी पर बना अस्थायी पुल

**सिलीगुड़ी :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उत्तर बंगाल के लोगों से किया अपना वादा पूरा किया। बालासन नदी पर मिरिक के दूधिया क्षेत्र में अस्थायी पुल का निर्माण पूरा हो गया है। शीघ्र ही इस पुल को यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। इससे सिलीगुड़ी से मिरिक के बीच आवागमन एक बार फिर सुगम हो जाएगा। पर्यटकों और स्थानीय निवासियों में खुशी का माहौल है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में, निम्न दबाव के कारण हुई भारी वर्षा और अचानक आई बाढ़ से उत्तर बंगाल का अधिकांश क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ था। दार्जिलिंग जिले के मिरिक सहित कई इलाकों में भूस्खलन और नदी कटाव से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। बालासन नदी पर स्थित दूधिया पुल पूरी तरह टूट गया था, जो सिलीगुड़ी से मिरिक के बीच संपर्क का प्रमुख मार्ग था। पुल टूटने से आवागमन लगभग ठप हो गया था। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आपदा के बाद उत्तर बंगाल का दौरा कर आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही अस्थायी पुल तैयार कराया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद तेजी से निर्माण कार्य शुरू हुआ और दो सप्ताह के भीतर अस्थायी पुल बनकर तैयार हो गया। इसी बीच, सेना की ओर से क्षेत्र में एक बेली ब्रिज तैयार करने का कार्य भी चल रहा है। वहीं, राज्य सरकार ने स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को स्वीकार करते हुए दूधिया में नया कंक्रीट पुल बनाने की घोषणा की है। पुराने पुल के समानांतर नए पुल का निर्माण कार्य पहले ही शुरू हो चुका है। इसे अगले वर्ष जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## गड़िया में भाईफोटा की रात हुई हिंसा, पटाखों का विरोध करने पर दंपति की पिटाई



❑ **महिला के साथ दुर्व्यवहार का आरोप**

**कोलकाता :** भाईफोटा (भाई दूज) की रात पटाखे फोड़ने का विरोध करना एक दंपति को भारी पड़ गया। घटना दक्षिण कोलकाता के गड़ियाह नेताजी नगर थाना क्षेत्र की है, जहां पटाखों के शोर का विरोध करने पर कुछ युवकों ने दंपति को बेरहमी से पीट दिया। महिला के साथ शारीरिक दुर्व्यवहार और अभद्रता किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

सूत्रों के अनुसार, बुधवार रात इलाके के एक क्लब की प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा निकल रही थी। सड़क किनारे खड़े थे शर्मिष्ठा दास और उनके पति अभिजीत कर। उसी दौरान एक पटाखा महिला के पास आकर फट पड़ा। जब उन्होंने विरोध किया, तो जुलूस में शामिल नशे में धुत कुछ युवकों ने उन्हें बुरी तरह पीटा और महिला को घसीटा। इस हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं।

पीड़ित दंपति ने घटना की शिकायत नेताजी नगर थाने में दर्ज कराई। आरोप है कि शिकायत दर्ज होने के अगले ही दिन, शुक्रवार सुबह, आरोपी युवकों ने दंपति के घर पर हमला किया और यह पूछकर हंगामा किया कि उन्होंने पुलिस को सूचना क्यों दी।

घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हमलावरों की पहचान कर रही है। स्थानीय लोगों ने ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## सनातन सैनिक परिषद ने छठ पूजा के अवसर पर पूजन सामग्री वितरण समारोह किया आयोजित



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा- सनातन सैनिक परिषद आयोजित छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं को पूजन सामग्री भेंट करने का एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों ने भाग लेकर समारोह को गौरवान्वित किया। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, पूर्व सांसद अर्जुन सिंह, पूर्व विधायक तापस राय, डॉ. रथिन चक्रवर्ती, उमेश राय, मनोज पांडेय, गौरंगो भट्टाचार्य, भोला प्रसाद सोनकर, कुंदन सिंह, ओम प्रकाश सिंह, सुभाष झा, लल्लान सिंह, राज कुमार कुंवर, जयंत गुप्ता, सतेंद्र यादव और अमित ठाकुर उपस्थित रहे। समारोह का संयोजन प्रमोद सिंह ने किया।

## अभी गिरफ्तारी नहीं, लेकिन जांच जारी रहेगी, हाई कोर्ट में अर्जुन सिंह को झटका

**कोलकाता :** गोलीबारी के एक मामले में बीजेपी के पूर्व सांसद अर्जुन सिंह मुश्किल में पड़ गए हैं। उन्होंने एफआईआर रद्द करने के लिए जो याचिका दायर की थी, उसे जस्टिस जय सेनगुप्ता ने खारिज कर दिया। उन्होंने साफ कर दिया कि अर्जुन सिंह के खिलाफ जांच जारी रहेगी।

कोर्ट ने निर्देश दिया है कि बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर मुरलीधर शर्मा की निगरानी में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) इस मामले की जांच करेगा। हालांकि, बीजेपी नेता को अग्रिम जमानत के लिए आवेदन करने की छूट दी गई है।

यह मामला 26 मार्च की रात जगद्दल के मेघना मोड़ इलाके में श्रमिकों के बीच हुए विवाद से जुड़ा है। अर्जुन सिंह कुछ लोगों के साथ खबर सुनकर मेघना मोड़ के पास पहुंचे थे। अर्जुन सिंह ने आरोप लगाया था कि बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाते हुए गोली चलाई और भाग गए। उनका पीछा करने के दौरान एक युवक घायल हो गया था। इस घटना से इलाके में तनाव फैल गया था।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और अर्जुन सिंह को दो बार पूछताछ के लिए तलब किया, लेकिन वह हाजिर नहीं हुए। बाद में पुलिस अधिकारियों ने भाटपाड़ा के मजदूर भवन जाकर उनसे पूछताछ की। पूछताछ के बाद अर्जुन सिंह निजी काम से दूसरे राज्य चले गए थे।

इस बीच, बैरकपुर कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई हुई और जज ने बीजेपी नेता के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। हालांकि, अर्जुन सिंह ने कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और उन्हें अंतरिम संरक्षण (रक्षा कवच) भी मिल गया था।

शुक्रवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में अर्जुन सिंह को बड़ा झटका लगा। हाई कोर्ट ने उनकी एफआईआर रद्द करने की अपील को खारिज कर दिया, हालांकि जस्टिस जय सेनगुप्ता ने कहा कि उनके खिलाफ जांच जारी रहेगी।

गौरतलब है कि सिर्फ अर्जुन सिंह ही नहीं, बल्कि विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को भी आज हाई कोर्ट में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। हाई कोर्ट ने 2022 में जस्टिस राजशेखर मान्था द्वारा दिए गए सुरक्षा कवच को वापस ले लिया। इसके चलते, अब राज्य को विरोधी दल के नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए कोर्ट की अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी।

## कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति ने आयोजित किया दीपावली प्रीति सम्मेलन



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति ने अपने कार्यालय 15बी, आरमेनियन स्ट्रीट में आज दीपावली प्रीति सम्मेलन का आयोजन किया। समिति अध्यक्ष महेन्द्र कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष मुरारी लाल सराफ और सचिव नन्द किशोर भूतड़ा ने सभी सदस्यों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम संयोजक मुकेश कुमार गोयल ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। इसके अतिरिक्त सह सचिव दयानंद गुप्ता, कमल चंद बैद, कोषाध्यक्ष बजरंगलाल खेडिया, राजेश कुमार गुप्ता, जनसंपर्क अधिकारी मनोज जैन तथा सदस्य सुशील कुमार मिमाणी, मुकेश कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार चिरानियां, अरुण बागडोदिया, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, गोवर्धनसिंह राजपुरोहित, राकेश कुमार शर्मा, अनिल कुमार गोयल और मनोज कुमार तिवारी भी उपस्थित रहे। सम्मेलन में सदस्य आपसी स्नेह और सौहार्द्र के साथ दीपावली की खुशियाँ साझा करते हुए त्योहार का उल्लास मनाया गया।

## खेजुरी मामले पर हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट तलब किया

**कोलकाता :** खेजुरी में दो बीजेपी कार्यकर्ताओं की रहस्यमयी मौत के मामले में कोलकाता हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। न्यायमूर्ति देबांशु बसाक और न्यायमूर्ति सब्बर राशिद की डिवीजन बेंच ने आदेश दिया है कि राज्य सरकार अगली सुनवाई की तारीख पर दो रिपोर्टें अदालत में जमा करे – पहली, दूसरी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और दूसरी, दोनों रिपोर्टों में पाए गए विरोधाभास की जांच रिपोर्ट।

अदालत ने निर्देश दिया है कि इस विरोधाभास की वजह जानने के लिए एक विशेष मेडिकल टीम गठित की जाए और उसकी रिपोर्ट भी अदालत में सौंपी जाए।

गौरतलब है कि 11 जुलाई को



खेजुरी थाना क्षेत्र के भांगेनमारी गांव में मोहर्रम के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। अगले दिन सुबह पास के इलाके से दो लोगों के शव बरामद हुए – मृतकों की पहचान सुधीर पाइक और सुजीत दास के रूप में हुई। प्रारंभिक तौर पर माना गया कि दोनों की मौत करंट लगने से हुई है। स्थानीय लोगों ने भी यही दावा किया था।

हालांकि, मृतकों के परिजनों ने आरोप लगाया कि यह एक राजनीतिक साजिश के तहत की गई हत्या है। इसी आधार पर मामला दर्ज हुआ और कोलकाता हाईकोर्ट ने दूसरी बार पोस्टमॉर्टम का आदेश दिया।

एसएसकेएम अस्पताल में हुए दूसरे पोस्टमॉर्टम में यह सामने आया कि मृतकों के शरीर पर चोट के निशान थे, जबकि पहली रिपोर्ट – जो मिदनापुर मेडिकल कॉलेज में तैयार हुई थी – में करंट लगने से मौत की बात कही गई थी।

अब अदालत ने राज्य सरकार को दोनों रिपोर्टों और मेडिकल जांच रिपोर्ट के साथ अगली सुनवाई में विस्तृत जानकारी पेश करने का निर्देश दिया है।

## 'यह क्रिकेट का खेल नहीं, निभाएं अपनी जिम्मेदारी'

### तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर ने फिर पार्टी सांसद यूसुफ पठान पर बोला हमला




**मुर्शिदाबाद :** पूर्व क्रिकेटर व तृणमूल सांसद यूसुफ पठान पर अपनी ही पार्टी के भरतपुर के तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर ने निशाना साधा है। बता दें कि वे पहले भी कई बार यूसुफ के खिलाफ आवाज उठा चुके हैं। इस बार, उन्होंने सांसद निधि के दुरुपयोग पर सवाल उठाए हैं। हुमायूं ने आरोप लगाया है कि यूसुफ ने सांसद निधि का पैसा भरतपुर या रेजिनगर में इस्तेमाल नहीं किया है। शुक्रवार की दोपहर भरतपुर के थाना पाड़ा में वस्त्र वितरण शिविर में पहुंचे हुमायूं ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि बहरामपुर के सांसद लालगोला विजया सम्मेलन में शामिल होने जाते हैं, लेकिन तारानगर में नदी कटाव देखने की जरूरत महसूस नहीं हुई, कोई उन्हें अपने साथ नहीं ले गया। जनता ने उन्हें वोट दिया और सांसद बनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें 5.40 लाख वोट मिले, लेकिन आप कुल 18 लाख मतदाताओं के प्रति जिम्मेदार हैं। यह क्रिकेट का खेल नहीं है। जब आप राजनीति में आते हैं, तो आपको 18 लाख लोगों के प्रतिनिधि के रूप में अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी होती है।

❑ **जीवनकृष्ण साहा की गिरफ्तारी पर विस्फोटक बयान**

वहीं, आगे हुमायूं कबीर ने पार्टी नेताओं को लेकर कहा कि मेरे पास जानकारी है, मैं इसे सही समय पर दूंगा। मैं आपको सही समय पर जानकारी के साथ बताऊंगा कि कैसे इस जिला अध्यक्ष ने जीवनकृष्ण साहा के पिता विश्वनाथ साहा को प्रभावित करके जीवनकृष्ण साहा को गिरफ्तार करवाया। मेरे पास दस्तावेज हैं। इसके बाद, हुमायूं ने जीवनकृष्ण और अनुब्रत मंडल को एक ही साथ रखते हुए कहा कि जीवनकृष्ण एक बार गिरफ्तार हुए थे, तो क्या हुआ! अनुब्रत भी दो साल तिहाड़ जेल में रहे। कोई जिला अध्यक्ष नहीं है, लेकिन बीरभूम जिले में वे अभी भी सर्वोच्च पद पर हैं।

## स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता के लिए सियालदह डिवीजन में व्यापक सफाई अभियान संचालित



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन में राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान 2025 को उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। यह अभियान 1 अगस्त से 31 अक्टूबर 2025 तक चल रहा है और इसका उद्देश्य रेलवे नेटवर्क में सफाई, स्वच्छता और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना है। शुक्रवार को सियालदह डिवीजन के पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग द्वारा चाकदह, नैहाटी, कोलकाता और दमदम जंक्शन सहित विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान के तहत कई गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान यात्रियों और रेलवे कर्मियों को सफाई और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करने हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम और व्यापक सफाई अभियान चलाए गए। कोलकाता स्टेशन पर एक अमृत संवाद का आयोजन भी किया गया, जिसमें यात्रियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वच्छता पहलों पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव और फीडबैक साझा किया।

## सैमसंग अपनी गैलेक्सी वॉच में लेकर आया इंडस्ट्री की पहली न्यूट्रीशन ट्रैकिंग टेक्नोलॉजी

**कोलकाता :** गैलेक्सी वॉच8 पर सैमसंग के एंटीऑक्सीडेंट इंडेक्स ने उस साइंस फिक्शन को सच कर दिखाया, जो कभी नामुमकिन लगता था। बस 5 सेकंड में, अंगूठे को छूकर ये बता देता है कि आपके शरीर में कितने एंटीऑक्सीडेंट्स हैं – ये दुनिया का पहला ऐसा न्यूट्रीशन इंडेक्स है, जिसे सीधे मापा जा सकता है। सियोल नेशनल यूनिवर्सिटी की पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन विशेषज्ञ डॉ. ह्योजी जोंग जिन्होंने इस तकनीक के विकास के कुछ हिस्सों का मार्गदर्शन किया, बताती हैं, इस संदर्भ में, एंटीऑक्सीडेशन स्वाभाविक रूप से ध्यान खींचता है क्योंकि यह उम्र बढ़ने की गति को धीमा करने का एक तरीका है । अगर एंटीऑक्सीडेंट प्रबंधन की उपेक्षा की जाए, तो शरीर में रिएक्टिव ऑक्सीजन स्पीशीज़ जमा हो जाती हैं, जिससे हृदय रोग, डायबिटीज़ और कैंसर जैसी पुरानी बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है।

## हावड़ा आरपीएफ का शानदार प्रदर्शन, ऑपरेशन सतर्क के तहत बड़ी रकम की बरामदगी



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल लगातार रेलवे नेटवर्क में सुरक्षा सुनिश्चित करने और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए सतर्क प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में चल रहे अभियान ऑपरेशन सतर्क के तहत 22 अक्टूबर 2025 को हावड़ा डिविजन की आरपीएफ टीम ने विशेष सूचना के आधार पर हावड़ा और लिलुआ रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित सॉर्टिंग यार्ड आरआरआई कैबिन में एक व्यक्ति को पकड़ लिया। इस कार्रवाई के दौरान टीम ने नकद राशि 21,99,600/- बरामद की। पकड़े गए व्यक्ति ने इस नकदी के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। बरामद की गई राशि को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए कोलकाता आयकर विभाग को सौंप दिया गया है। पूर्व रेलवे आरपीएफ की यह पहल यात्रियों और रेलवे परिसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## बिष्णुपुर में एक बस ने दूसरे बस को मारी टक्कर, 25 यात्री घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के बिष्णुपुर थाना इलाके में शुक्रवार को दो बसों के आगे निकलने की होड़ में आपसी टक्कर हो गई और इसमें 25 यात्री घायल हो गए। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह लगभग 8 बजे यात्री बस संख्या 235 आमतला की दिशा से आ रही थी। उसी समय, रायचक से आ रही एक यात्री बस ने रेस लगाते हुए यात्री बस संख्या 235 के पिछले हिस्से को टक्कर मार दी। दोनों बसों के यात्रियों को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलते ही बिष्णुपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से, पुलिस घायल यात्रियों को आमतला ग्रामीण अस्पताल ले गई। उनमें से कुछ का इलाज किया गया और उन्हें छुट्टी दे दी गई। हालांकि, दुर्घटना के कारण, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 117 पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा।

## छठ पूजा पर पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित की

**कोलकाता, समाज्ञा :** छठ पूजा के पावन अवसर पर अपने घर लौट रहे लाखों यात्रियों की सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूर्व रेलवे ने व्यापक प्रबंध किए हैं। प्रमुख स्टेशनों जैसे हावड़ा, सियालदह, कोलकाता, आसनसोल और मालदह टाउन से कुल 1,300 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जो खटीपुरा, उधना, जयनगर, पटना, लखनऊ, गांधीधाम, गोरखपुर, नई दिल्ली, रक्सौल और आनंद विहार सहित देश के विभिन्न प्रमुख गंतव्यों से जुड़ती हैं। त्योहारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए सियालदह, हावड़ा, आसनसोल, जसिडीह और भागलपुर जैसे स्टेशनों पर अस्थायी होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं,



जिससे यात्रियों को ट्रेन में सुव्यवस्थित चढ़ाई का मौका मिलता है और प्लेटफॉर्म पर भीड़ नियंत्रण में मदद मिलती है। स्टेशन परिसरों में पारंपरिक छठ गीतों का प्रसारण किया जा रहा है, जिससे यात्रियों के सफर में उत्सव का माहौल और भक्ति का अनुभव बढ़ रहा है। पूर्व रेलवे ने सुरक्षा और सुविधा के लिए एंबुलेंस तैनात की हैं, अधिकारियों की नियुक्ति कर भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित किया है, सीसीटीवी निगरानी के माध्यम से सतत सुरक्षा दी जा रही है, और मोबाइल टिकटिंग एवं आरपीएफ की बढ़ी हुई तैनाती से यात्रियों को सहज और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की गई है।

## काकद्वीप में सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के काकद्वीप के नारायणपुर में सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान अनिमेष भुइयां (35) के रूप में की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अनिमेष नारायणपुर बाजार से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 117 की ओर जाने वाली कनेक्टिंग रोड पर बाइक से जा रहा था। बाद में, जब वह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 117 के पास पहुंचा, तो अनिमेष ने बाइक से अपना नियंत्रण खो दिया और एक खड़े टोटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से अनिमेष बाइक से गिर गया। स्थानीय लोग उसे बचाकर काकद्वीप सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले गये। वहां उसकी हालत बिगड़ने पर उसे एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया। लेकिन, बचाया नहीं जा सका। फिलहाल, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया जाएगा।

## कैनिंग में गलत इलाज से किशोरी की मौत, नर्सिंग होम के सामने प्रदर्शन

❑ **नर्सिंग होम का मालिक गिरफ्तार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग क्षेत्र में एक निजी नर्सिंग होम पर गलत इलाज का गंभीर आरोप लगा है। आरोप है कि चिकित्सकीय ला-परवाही के कारण 16 वर्षीय छात्रा प्यू सरदार की मृत्यु हो गई। घटना के बाद परिजनों तथा स्थानीय निवासियों ने शुक्रवार को नर्सिंग होम के सामने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान, नर्सिंग होम के कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शनकारियों पर हमला किए जाने की भी शिकायत है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कैनिंग थाने की पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। पुलिस तथा स्थानीय सूत्रों के अनुसार, निकरिघाटा ग्राम पंचायत के मौखाली निवासी प्यू



सरदार को पेट में तीव्र दर्द की शिकायत पर गत 20 अक्टूबर को सातमुखी बाजार स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने अपेंडिक्स का ऑपरेशन आवश्यक बताया और अगले दिन शल्यक्रिया की। 22 अक्टूबर को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घर लौटने के बाद प्यू को पुनः तेज दर्द होने लगा। परिजन उसे तत्काल कैनिंग महकमा अस्पताल ले गए, जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई गई। इसके बाद, चिकित्सकों ने उसे कोलकाता के नेशनल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया, जहां शुक्रवार के तड़के उसकी मृत्यु हो गई। मृतका का शव जब कैनिंग लाया गया, तो परिजन व स्थानीय लोग शव लेकर नर्सिंग होम के सामने सड़क पर बैठ गए और करीब डेढ़ घंटे तक मार्ग अवरुद्ध कर प्रदर्शन किया। बाद में, पुलिस हस्तक्षेप के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। पुलिस ने नर्सिंग होम के मालिक शाहादाद हुसैन को हिरासत में लेकर पूछताछ प्रारंभ की है। शुक्रवार की शाम तक मृतका के परिवार की ओर से कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। पुलिस ने नर्सिंग होम के चिकित्सकीय अभिलेखों को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### उप्र: स्कूल वैन और स्कूटर के बीच आमने-सामने की टक्कर में दादी-पोती की मौत

**झांसी :** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में शुक्रवार को एक स्कूल वैन और स्कूटर की आमने-सामने की टक्कर में 60 साल की एक महिला और उनकी 19 वर्षीय पोती की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसे में स्कूल वैन का चालक और एक छात्र घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अरविंद कुमार ने बताया कि हादसा सुबह करीब आठ बजे उस समय हुआ, जब 'हिबिस्कस मोंटेसरी स्कूल' की एक वैन बिछोदना गांव से बच्चों को चिरगांव ला रही थी। उन्होंने बताया कि बेहटा के पास दूसरी गाड़ी को ओवरटेक करने की कोशिश में वैन की सामने से आ रहे एक स्कूटर से आमने-सामने की टक्कर हो गई। अधिकारी ने बताया कि इस दुर्घटना में कमला और उनकी पोती दुर्गेश की मौके पर ही मौत हो गई।

### पुलिस ने 'सेक्स रैकेट' चलाने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट लगाया

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में किराए के एक फ्लैट में 'सेक्स रैकेट' चलाने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट लगाया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मामला चिलुआताल थाने के मिलेनियम सिटी कॉलोनी का है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान बृजेश साहनी (38), बिट्टू उर्फ अनीता शर्मा (30) और उनके साथी प्रेम साहनी चला रहे थे। बृजेश और अनीता सहजीवी संबंधों में रह रहे थे। पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए इस साल 13 जुलाई को एक फ्लैट पर छापा मारा था और तीनों को रंगे हाथों पकड़ लिया था। पुलिस ने आरोपियों के चंगुल से एक नाबालिग लड़की को छुड़ाकर आश्रय गृह भेज दिया। पुलिस ने छापेमारी के दौरान आपत्तिजनक सामान और कई मोबाइल फोन जब्त किये, जिनमें कई लड़कियों की तस्वीरें थीं।

### कोटा में एमबीबीएस छात्रा ने खराब अंकों के कारण आत्महत्या की

**कोटा :** कोटा राजकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की तृतीय वर्ष की छात्रा ने शुक्रवार को कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। छात्रा राजस्थान के कोटा में आकाशवाणी कॉलोनी स्थित अपने आवास में मृत पाई गई। छात्रा के परिवार के अनुसार, प्राची मीणा (21) मेडिकल कॉलेज की परीक्षा में हाल में खराब अंक आने के बाद से अवसाद में थी। प्राची झालावाड़ जिले में कार्यरत आकाशवाणी कर्मचारी की बेटी थी और उसका परिवार राजस्थान के दौसा का रहने वाला था। नयापुरा सर्किल इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि वह अपने तीन भाई-बहनों के साथ एक सरकारी क्वार्टर में रहती थी। पुलिस ने बताया कि प्राची ने शुक्रवार दोपहर अपने घर के एक कमरे में पंखे से कथित तौर पर फांसी लगा ली। उसकी बहन ने उसे लटकता हुआ देखा और मदद के लिए पड़ोसियों को बुलाया।

### प्रशांत किशोर ने गोपालगंज में भाजपा के बागी उम्मीदवार का समर्थन किया

**गोपालगंज :** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बिहार के गोपालगंज विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बागी उम्मीदवार अनूप कुमार श्रीवास्तव का समर्थन करने की शुक्रवार को घोषणा की और आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार शशि शेखर सिन्हा ने भाजपा के दबाव में चुनाव मैदान से नाम वापस ले लिया है। किशोर ने गोपालगंज में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीवास्तव का मामला उनकी पार्टी के लिए एक 'अपवाद' है। उन्होंने कहा कि अब तक उनकी पार्टी ने किसी भी अन्य दल से आए असंतुष्ट नेता को टिकट नहीं दिया था, लेकिन इस बार परिस्थितियां अलग हैं। उन्होंने कहा, 'श्रीवास्तव गोपालगंज के जाने-माने समाजसेवी हैं और भाजपा के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनका (श्रीवास्तव का) आरोप है कि पार्टी ने उन्हें नजरअंदाज कर एक ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया जिसके पास केवल धन है।

# बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग पिछले सभी चुनावी रिकॉर्ड तोड़ देगा: मोदी

## प्रधानमंत्री ने 'जननायक' कर्पूरी ठाकुर को नमन कर बिहार चुनाव अभियान शुरू किया



**समस्तीपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राज्य विधानसभा चुनाव में पिछले सभी चुनावी रिकॉर्ड तोड़ देगा। मोदी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) पर निशाना साधते हुए कहा कि इसका नेतृत्व ''ऐसे लोग कर रहे हैं जो जमानत पर छूटे हुए हैं।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राजग सरकार का जोर बिहार में निवेश बढ़ाने पर है। बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने भीड़ से अपने मोबाइल फोन की लाइट जलाने को कहा और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर कटाक्ष करते हुए कहा, ''जब सभी लोगों के पास ऐसे आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं, तो लालटेन की कोई जरूरत नहीं है।'' जनता दल (यूनाइटेड) अध्यक्ष नीतीश कुमार की प्रशंसा करते हुए मोदी ने आरोप लगाया, ''वह (कुमार) 2005 में सत्ता में आए, लेकिन उनके कार्यकाल का लगभग एक दशक, केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के कारण बाधित रहा, जिसे राजद द्वारा लगातार 'ब्लैकमेल' किया गया कि अगर बिहार में राजग सरकार को सहयोग दिया गया तो राजद समर्थन वापस ले लेगा।'' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''पिछले 11 वर्षों में बिहार को दी गई केंद्रीय सहायता, पूर्ववर्ती सरकार से प्राप्त सहायता की तुलना में तीन गुना अधिक है। राज्य ने प्रगति की है। अब यह मछली निर्यात कर रहा है, जो उन दिनों की तुलना में बड़ा बदलाव है जब यह अपनी आवश्यकताओं के लिए अन्य राज्यों पर निर्भर था। मखाने की पहुंच दूर-दूर तक के बाजारों तक है, जो बिहार का एक प्रसिद्ध उत्पाद है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि अब सरकार 'मखाना बोर्ड' के गठन के माध्यम से मखाना उत्पादकों की आय बढ़ाने पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''बिहार अब एक आकर्षक निवेश गंतव्य है। मैं एक ऐसे भविष्य की कल्पना करता हूं जिसमें प्रत्येक जिला स्थानीय युवाओं के स्टार्टअप से भरा होगा।'' मोदी ने परोक्ष तौर पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और राजद की गठबंधन सहयोगी कांग्रेस के चुनाव चिह्न की ओर इशारा करते हुए कहा, ''अगर बिहार में जंगल राज रहता तो यह सब संभव नहीं होता। क्या आपको याद नहीं है कि एक पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था कि सरकार द्वारा भेजे गए प्रत्येक रुपये में से केवल 15 पैसे ही लोगों तक पहुंचते हैं। उक्त पैसा खूनी पंजे द्वारा हड़प लिया जाता था।'' मोदी ने कहा, ''बिहार 'जंगल राज' को दूर रखेगा और सुशासन के लिए वोट देगा। 'नयी रफ्तार से चलेगा बिहार, फिर जब आएगी राजग सरकार'। राजद और कांग्रेस घोटालों में लिप्त होते हैं, उनके नेता जमानत पर बाहर हैं और अब वे भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की 'जननायक' की उपाधि चुराने की कोशिश कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि बिहार आर्यभट्ट जैसी प्रतिभा की भूमि है और यहां के लोग राजद-कांग्रेस गठबंधन पर भरोसा नहीं कर सकते, जिसने कानून के शासन को नष्ट किया था।'' उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राजद के शासनकाल में फिरौती, अपहरण, हत्या और रंगदारी उद्योग की तरह फल-फूल रहे थे। मोदी ने आरोप लगाया, जंगल राज' से सबसे अधिक पीड़ित हमारी माताएं और बहनें तथा कमजोर वर्ग के लोग थे।

## नीतीश का लालू पर प्रहार: 'कुप्रशासन फैलाने वाले' ने पहले पत्नी को आगे किया और अब बेटे-बेटियों को




**समस्तीपुर :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर तीखा हमला बोला और कहा कि राज्य में 'कुप्रशासन फैलाने वाले व्यक्ति' ने पहले अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाकर आगे बढ़ाया और अब बेटे-बेटियों को आगे बढ़ा रहे हैं। जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समस्तीपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को समर्थन देने का आह्वान किया और कहा कि बिहार नरेन्द्र मोदी सरकार की मदद से तेजी से प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी जनसभा से बिहार में चुनाव अभियान की शुरुआत की। कुमार ने लालू प्रसाद यादव पर बिना नाम लिए निशाना साधा और कहा कि राज्य में जिस व्यक्ति ने कुप्रशासन फैलाया, उसने पद छोड़ने की नौबत आने पर अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया। नीतीश कुमार 1997 की उस घटना का जिक्र कर रहे थे, जब चारा घोटाले के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो(सीबीआई) द्वारा आरोप पत्र दाखिल किए जाने के बाद लालू प्रसाद को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था और उनकी पत्नी राबड़ी देवी ने पदभार संभाला था। कुमार ने कहा, उन्होंने (लालू प्रसाद) अब तक अपनी आदतें नहीं बदली हैं। पहले अपनी पत्नी को आगे किया और अब बेटों-बेटियों को बढ़ावा देने में लगे हैं। उनका इशारा महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव और पाटलिपुत्र से सांसद मीसा भारती की ओर था। मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने थोड़े समय के लिए उनकी पार्टी से गठबंधन किया था, लेकिन जल्द ही समझ गया कि यह गलती थी। मैंने पाया कि मैं उसी गठबंधन में बेहतर हूं, जिसका मैं शुरू से हिस्सा रहा हूं।

## सीवान ने लालू-राबड़ी के 'जंगलराज' और शहाबुद्दीन के आतंक को झेला, ओसामा शहाब को हराना जरूरी: शाह



**सीवान :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि सीवान की धरती ने दो दशक तक लालू-राबड़ी के 'जंगलराज' और बाहुबली मोहम्मद शहाबुद्दीन के आतंक को झेला है, इसलिए अब जनता को यह सुनिश्चित करना होगा कि शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब को यहां की रघुनाथपुर विधानसभा सीट से हार का सामना करना पड़े। उन्होंने यहां एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि बिहार में महागठबंधन (इंडिया गठबंधन) अब पूरी तरह बिखर चुका है और जनता ने मन बना लिया है कि राज्य में फिर से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनानी है। शाह ने कहा, लालू प्रसाद ने एक बार फिर शहाबुद्दीन के बेटे को मैदान में उतारा है। सीवान की जनता को यह तय करना होगा कि ऐसे लोगों को अब मौका नहीं दिया जाएगा। बिहार असली दिवाली 14 नवंबर को तब मनाएगा, जब लालू के बेटे को करारी हार मिलेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए राष्ट्रीय सुरक्षा के फैसलों का उल्लेख करते हुए कहा, मोदी जी ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया और पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर करके पाकिस्तान की धरती पर आतंक के ठिकानों को ध्वस्त किया। यह है मजबूत नेतृत्व। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा, लालू ने सिर्फ घोटाले किए, चारा घोटाला, जमीन के बदले नौकरी घोटाला, बीपीएससी भर्ती घोटाला... और उन पर आय से अधिक संपत्ति का भी मामला दर्ज है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत-पाक सीमा के पास सेना का 'थार शक्ति' अभ्यास का जायजा लिया



**जैसलमेर :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को राजस्थान में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास भारतीय सेना के 'थार शक्ति' सैन्य अभ्यास का अवलोकन किया और जवानों के साहस, पराक्रम एवं समर्पण की सराहना की। सिंह ने अपने जैसलमेर दौरे के दूसरे दिन लोंगेवाला में इस अभ्यास का अवलोकन किया और यहां रेगिस्तान की रेत पर सैकड़ों जवानों ने आधुनिक युद्ध क्षमता का प्रदर्शन किया और अपना दमखम दिखाया। इस सैन्य अभ्यास में 'रोबोट डॉग', ड्रोन, 'एटॉर एन1200' जैसे उन्नत वाहन, अत्याधुनिक टैंक और हेलीकॉप्टर शामिल रहे, जिन्होंने भविष्य के युद्ध कौशल और गति-ताकत का अनोखा संगम दिखाया। सिंह ने सेना के अधिकारियों से बातचीत कर अभियानगत तैयारियों की जानकारी भी ली। उन्होंने 'एक्स' पर एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ''राजस्थान के लोंगेवाला युद्ध स्मारक पर 1971 के युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।'' इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार सुबह जैसलमेर जिले में तनोट माता मंदिर में पूजा की थी। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के शौर्य, निष्ठा और प्रतिबद्धता की सराहना की। अधिकारियों ने बताया कि रक्षा मंत्री के साथ सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और 'बैटल एक्स' डिवीजन के कमांडर मेजर जनरल आशीष खुराना भी मौजूद थे।

## राजद में वापसी से बेहतर मौत चुनूंगा : तेज प्रताप यादव



**हाजीपुर :** बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने शुक्रवार को कहा कि वह ''राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में लौटने से बेहतर मौत को चुनेंगे''। कुछ महीने पहले उनके पिता एवं राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था। तेज प्रताप ने 'पीटीआई-वीडियो' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि उन्होंने नयी पार्टी 'जनशक्ति जनता दल' (जेजेडी) बनाई है और वह महुआ विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। यह वही सीट है, जहां से उन्होंने 2015 में पहली बार चुनाव लड़ा था। तेज प्रताप ने अपने छोटे भाई और महागठबंधन (इंडिया ब्लॉक) के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव पर भी अप्रत्यक्ष रूप से टिप्पणी करते हुए कहा कि ''सत्ता उसी को मिलती है जिसे जनता का आशीर्वाद प्राप्त हो।' उन्होंने कहा, 'मैं राजद में लौटने से बेहतर मौत को चुनूंगा। मैं सत्ता का भूखा नहीं हूं। मेरे लिए सिद्धांत और आत्मसम्मान सर्वोपरि है।' उन्होंने दावा किया, 'मेरे लिए सबसे बड़ी बात जनता की सेवा करना है। मैं ईमानदारी से ऐसा करता हूं और लोग मुझसे प्यार व भरोसा करते हैं।'

### भाकपा (माले) बिहार में निकालेगी 'संकल्प यात्रा', 26 अक्टूबर को जारी करेगी 'संकल्प पत्र'

**पटना :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन बिहार के भोजपुर क्षेत्र में 26 अक्टूबर को अपने दिवंगत दलित नेता राम नरेश राम की 15वीं पुण्यतिथि पर 'संकल्प यात्रा' निकालेगी और इसी अवसर पर आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपना 'संकल्प पत्र' भी जारी करेगी। पार्टी सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, भाकपा (माले) लिबरेशन का यह 'संकल्प पत्र' महागठबंधन के घोषणा पत्र को लागू करने की गारंटी के रूप में काम करेगा। महागठबंधन में कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी), भाकपा (माले), भाकपा और माकपा शामिल हैं। यह विपक्षी गठबंधन 28 अक्टूबर को बिहार के लिए अपना संयुक्त घोषणा पत्र जारी करेगा। राम नरेश राम 1995 से 2010 तक बिहार विधानसभा के सदस्य रहे और भाकपा (माले) के संस्थापक सदस्यों में से एक थे।

## 'इंडिया' गठबंधन मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करता है: चिराग पासवान



**पटना :** केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने शुक्रवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव पर आरोप लगाया कि विपक्ष मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करता है, और उनके वास्तविक प्रतिनिधित्व से हमेशा किनारा करता है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पासवान ने कहा, 'इंडिया' गठबंधन यादवों और सहनी समाज के नाम पर राजनीति कर रहा है, लेकिन मुसलमानों की बात वह केवल वोट के समय करता है। मुसलमानों की जनसंख्या बिहार में लगभग 18 फीसदी है, फिर भी 'इंडिया' गठबंधन ने किसी मुस्लिम नेता को मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री या किसी प्रमुख पद का उम्मीदवार नहीं बनाया। उन्होंने कहा, तेजस्वी यादव, यादव समाज से हैं, जिनकी आबादी करीब 13 फीसदी है, जबकि मुकेश सहनी, साहनी समाज से आते हैं, जिनकी आबादी लगभग 2 फीसदी है। लेकिन 18 फीसदी मुस्लिम आबादी के बावजूद, मुसलमानों को सत्ता की भागीदारी से वंचित रखा गया है। ये लोग सिर्फ मुसलमानों को डराकर और भावनात्मक मुद्दों पर भड़का कर वोट लेना जानते हैं, उन्हें असली प्रतिनिधित्व देने की उनकी नीयत कभी नहीं रही। पासवान ने वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा सहनी समाज के नाम पर राजनीति करने वाले मुकेश सहनी ने अपने समाज को भुला दिया है। उन्होंने केवल अपने लिए उपमुख्यमंत्री का पद मांगा, समाज के अधिकारों के लिए एक शब्द नहीं कहा। अब वह केवल स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं। लोजपा (रामविलास) प्रमुख ने कहा कि महागठबंधन जाति और धर्म के आधार पर समाज को बांटने की कोशिश कर रहा है, जबकि केंद्र सरकार सभी वर्गों के लिए समान रूप से योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा, 2005 में मेरे पिता रामविलास पासवान ने कहा था कि बिहार में मुख्यमंत्री मुस्लिम समाज से बनाया जाना चाहिए, लेकिन तब भी किसी ने ध्यान नहीं दिया। आज भी मुसलमानों को सिर्फ वोट के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। पासवान ने दावा किया कि अब मुसलमान भी समझ चुके हैं कि तेजस्वी यादव और उनके सहयोगी केवल चुनाव के वक्त उन्हें याद करते हैं, शासन और सत्ता में उन्हें कोई जगह नहीं देते।

### मोकामा में 'छोटे सरकार बनाम सूरजभान' का मुकाबला, वीणा देवी ने उठाया बदलाव का बीड़ा

**मोकामा (बिहार) :** बिहार का मोकामा विधानसभा क्षेत्र और 'बाहुबली' अनंत सिंह राजनीतिक रूप से एक दूसरे के पर्याय माने जाते हैं, लेकिन इस बार 'छोटे सरकार' को उनके इस गढ़ में शिकस्त देने का बीड़ा दूसरे 'बाहुबली' सूरजभान सिंह की पत्नी वीणा देवी ने उठाया है। वीणा का कहना है कि मौका मिलने पर वह उसी तरह मोकामा तस्वीर भी बदल देंगी, जैसे अपने पति के व्यक्तित्व को बदला है। अनंत सिंह को उनके समर्थक 'छोटे सरकार' के नाम से पुकारते हैं, जो इस बार के विधानसभा चुनाव में जनता दल (यूनाइटेड) के उम्मीदवार हैं। उनके मुकाबले राष्ट्रीय जनता दल ने सूरजभान सिंह की पत्नी वीणा देवी को टिकट दिया है। चुनावी मैदान में उम्मीदवार के रूप में भले ही वीणा देवी हों, लेकिन जनता के बीच 'छोटे सरकार बनाम सूरजभान' का मुकाबला ही माना जा रहा है।

## न्यूज अपडेट

### उप्र : आदित्यनाथ ने छठ पर नदियों-घाटों को स्वच्छ रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को छठ महापर्व पर नदियों-घाटों को स्वच्छ रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रदेशवासियों को संबोधित एक संदेश अपने आधिकारिक एक्स खाते पर साझा करते हुए छठ महापर्व की सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पोस्ट में कहा मेरे सम्मानित प्रदेश वासियों... छठ महापर्व आस्था व परंपरा के साथ-साथ प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का अनुपम उत्सव है। एक जिला-एक नदी के अंतर्गत सरकार नदियों के संरक्षण के लिए सतत प्रयत्नशील है। आइए, छठ पर नदियों-घाटों को स्वच्छ रखने का संकल्प लें। योगी आदित्यनाथ ने अपने संदेश में कहा इस पर्व का एक गहरा संदेश है-नदियों और जलाशयों के प्रति सम्मान व उनका संरक्षण। हम नदी सभ्यता की संतान हैं। हमारे लिए नदियां धमनियों सी है, जिनमें जल की स्मृतियां सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार इन जीवन धाराओं के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। 2017 से अब तक 50 से अधिक नदियों को पुनर्जीवित किया जा चुका है।

### झारखंड की घाटशिला सीट के उपचुनाव के लिए 13 उम्मीदवार मैदान में

**जमशेदपुर :** झारखंड की घाटशिला विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए शुक्रवार को एक निर्दलीय उम्मीदवार के नामांकन पत्र वापस लेने के बाद 13 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि पर निर्दलीय उम्मीदवार विक्रम किस्कू ने अपना नामांकन वापस लेने का फैसला किया। पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन अधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि चुनाव मैदान में 13 उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन (भाजपा), सोमेश चंद्र सोरेन (झामुमो), रामदास मुर्मू (जेएलकेएम), पार्वती हांसदा (पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया-डेमोक्रेटिक), पंचानन सोरेन (भारत आदिवासी पार्टी) के साथ परमेश्वर टुडू, श्रीलाल किस्कू, मनसा राम हांसदा, नारायण सिंह, विकास हेम्ब्रम, बसंत कुमार टोपनो, मनोज कुमार सिंह और रामकृष्ण कांति महाली (सभी निर्दलीय उम्मीदवार) हैं। उपचुनाव के लिए मतदान 11 नवंबर को होगा। मतगणना 14 नवंबर को होगी। सत्यार्थी ने बताया कि उपचुनाव में 1,31,235 महिलाओं समेत कुल 2,56,352 मतदाता मतदान करने के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि उपचुनाव के लिए तीन सौ मतदान केंद्र स्थापित किये जायेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) विधायक रामदास सोरेन के 15 अगस्त को निधन के कारण घाटशिला सीट पर उपचुनाव कराना आवश्यक हो गया था। सत्तारूढ़ झामुमो ने उपचुनाव के लिए रामदास सोरेन के बेटे सोमेश चंद्र सोरेन को उम्मीदवार बनाया है, जबकि भाजपा ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को चुनाव मैदान में उतारा है।

### झारखंड: शनिवार से शुरू होगा छठ, तैयारियां अंतिम चरण में

**रांची :** शनिवार को शुरू हो रहे चार दिवसीय छठ महापर्व के लिए झारखंड में तैयारियां जोरशोर से जारी है। राज्य मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने शुक्रवार को छठ घाटों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को शेष कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। चार दिवसीय छठ महापर्व शनिवार को 'नहाय खाय' के साथ शुरू होगा। 26 अक्टूबर को 'खरना', 27 अक्टूबर को 'संध्या अर्घ्य' और 28 अक्टूबर को 'उषा अर्घ्य' के साथ इसका समापन होगा। मंत्री ने कहा, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि छठ पूजा के दौरान राज्य में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। छठी मैया का आशीर्वाद सभी झारखंडवासियों पर सदैव बना रहे। उन्होंने कहा कि छठी मैया की पूजा लोक आस्था, पवित्रता और अनुशासन का प्रतीक है। सोनू ने कहा, यह त्योहार सामाजिक सद्भाव और जनभागीदारी का प्रतीक है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक श्रद्धालु बिना किसी कठिनाई के आस्था और भक्ति के साथ पूजा कर सके। रांची नगर निगम (आरएमसी) के आयुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि नगर निकाय ने 73 छठ घाट और 50 अस्थायी घाट तैयार किए हैं, ताकि छठ व्रत रखने वाले श्रद्धालु 27 अक्टूबर की शाम को डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य दे सकें। इन घाटों की सफाई की जा रही है। सीढ़ियों की रंगाई से लेकर उनकी मरम्मत तक का काम अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है और आपातकालीन बिजली आपूर्ति के लिए जनरेटर की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। गौरव ने कहा, हमारा पूरा ध्यान सभी चिह्नित जलाशयों की सफाई और तालाबों की सीढ़ियों की मरम्मत पर है।

## युवाओं को रोजगार से जोड़ना केंद्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता : अनुप्रिया पटेल



**लखनऊ :** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शुक्रवार को कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ना केंद्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश के 40 स्थानों पर 17वें रोजगार मेले को संबोधित किया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया। अनुप्रिया पटेल ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में कौशल विकास और रोजगार सृजन को लेकर अनेक योजनाएं प्रभावी रूप से जारी हैं। पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री के दिए मंत्र नागरिक देवो भव: को लेकर चलना चाहिए क्योंकि ये सरकारी नौकरी सिर्फ रोजगार नहीं बल्कि देश निर्माण में योगदान का माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस सरकारी नौकरी को पाने के बाद आप सभी यह प्रयास करें कि देश का कोई भी नागरिक अगर आपके पास आता है तो उसकी अपेक्षाओं को बेहतर ढंग से आप पूरा कर सके क्योंकि हम सभी नागरिकों को बेहतर सेवाएं देकर ही अपने काम में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं। बयान के मुताबिक, इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 300 से अधिक प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए, जिनमें से 25 प्रतिभागियों को केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने नियुक्ति पत्र सौंपे।

## भाजपा ने नीतीश को 'हाईजैक' किया, राजग जीती तो नहीं बनेंगे मुख्यमंत्री: तेजस्वी



**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 'हाईजैक'' कर लेने का आरोप लगाया और दावा किया कि अगर बिहार में एक बार फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनी, तो नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री नहीं बनाया जाएगा। सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन की सरकार बनने पर मुकेश सहनी के अलावा अन्य समाज और धर्म के लोगों को भी उप मुख्यमंत्री का दायित्व सौंपा जाएगा तथा इस बारे में जल्द घोषणा की जाएगी। महागठबंधन ने तेजस्वी को मुख्यमंत्री और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के संस्थापक सहनी को उप मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। राजद नेता ने दावा किया, 'अमित शाह पहले ही कह चुके हैं कि चुनाव के बाद विधायक तय करेंगे कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा। स्पष्ट हो गया है कि अगर राजग को सत्ता मिली, तो नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री नहीं बनाया जाएगा।' उन्होंने भाजपा पर नीतीश को ''हाइजैक' करने का आरोप लगाया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह का नाम लिए बगैर दावा किया कि 'गुजरात के दो लोग' बिहार चला रहे हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि वे सत्ता में आने पर स्वच्छ, जवाबदेह और जनोन्मुखी सरकार देंगे। उन्होंने कहा, 'हम एक ऐसी सरकार देंगे जो जनता की शिकायतें सुनेगी, गरीबों को सस्ती दवाइयां देगी और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराएगी।'

## न्यूज इन ब्रीफ

### केंद्र ने कबाड़ निपटान से 377 करोड़ रुपये अर्जित किये

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने महीने भर चलने वाले विशेष स्वच्छता अभियान के तहत कबाड़ निपटान से 377 करोड़ रुपये अर्जित किये हैं। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग को नोडल प्राधिकार बनाकर सरकार द्वारा शुरू किया गया विशेष अभियान 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक क्रियान्वित किया जा रहा है। विशेष अभियान का यह पांचवां संस्करण है। बयान के अनुसार, विभाग के सचिव वी। श्रीनिवास ने 24 अक्टूबर 2025 को आयोजित बैठक में अभियान की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में 84 मंत्रालयों और विभागों के 200 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, स्वच्छता अभियान के अंतर्गत 4।95 लाख स्वच्छता अभियान स्थल शामिल किए गए। 130।54 लाख वर्ग फुट कार्यालय स्थान उत्पादक उपयोग के लिए कबाड़ मुक्त किया गया। कबाड़ निपटान से 377।8 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

### दिल्ली-एनसीआर में करीब 109 करोड़ रुपये मूल्य का प्रतिबंधित सामान जब्त, 26 विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में मादक पदार्थ निर्माण और वितरण नेटवर्क को ध्वस्त कर लगभग 109 करोड़ रुपये मूल्य का प्रतिबंधित सामान जब्त किया है तथा 26 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि एक समन्वित अभियान में 21 से 23 अक्टूबर के बीच डीआरआई अधिकारियों ने 16।27 किलोग्राम एम्फेटामाइन, 7।9 किलोग्राम कोकीन, 1।8 किलोग्राम हेरोइन, 2।13 किलोग्राम गांजा और अवैध पदार्थों के निर्माण के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला 115।42 किलोग्राम रसायन जब्त किया। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इन नशीले पदार्थों का अनुमानित अवैध बाजार मूल्य 108।81 करोड़ रुपये है। इस अभियान के दौरान कुल 26 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। बयान के अनुसार, इस जटिल अभियान को विभिन्न न्यायक्षेत्रों तथा चुनौतीपूर्ण क्षेत्रीय परिस्थितियों में अंजाम दिया गया।

### ओडिशा : पुरी में नाबालिग लड़की के साथ रिश्तेदारों ने किया 'दुष्कर्म'

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के पुरी जिले में 16 वर्षीय एक लड़की के साथ उसके दो रिश्तेदारों ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना 22 अक्टूबर की रात चंदनपुर थाना क्षेत्र में हुई, जब इलाके में काली पूजा मूर्ति विसर्जन शोभा यात्रा चल रही थी। पुलिस के अनुसार पीड़िता के गांव में ही रहने वाले उसके दूर के रिश्तेदार (भाई और चाचा) उस समय लड़की के घर में घुस आए जब वह अकेली थी और उन्होंने उसके साथ दुष्कर्म किया। चंदनपुर पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक भुबन मोहन सामंतराय ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' हमें पीड़िता की लिखित शिकायत मिल गई है और उसका मेडिकल परीक्षण भी करवा लिया गया है। दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है तथा मामले की विस्तृत जांच जारी है।''

### हिंदू समाज को 'कमजोर' करने के लिए जुबिन गर्ग का इस्तेमाल कर रहा विपक्ष: हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि विपक्ष जुबिन गर्ग को न्याय दिलाने की मांग के मुद्दे का इस्तेमाल ''हिंदू समाज को कमजोर करने'' के लिए कर रहा है। उन्होंने साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता रीता चौधरी की भी आलोचना की, जिन्होंने जुबिन गर्ग के अंतिम संस्कार स्थल पर आने-जाने के समय को सीमित करने वाली सरकारी मानक संचालन प्रक्रिया की निंदा की थी। चौधरी, राज्य के संसदीय कार्य मंत्री चंद्र मोहन पटवारी की पत्नी हैं। शर्मा ने पूछा, विपक्ष इस मुद्दे (जुबिन गर्ग के लिए न्याय की मांग) को हिंदू समाज के खिलाफ बनाये हुए है।

# आंध्र प्रदेश के कुरनूल में निजी बस में आग लगी, 20 लोगों की मौत



**कुरनूल (आंध्र प्रदेश) :** हैदराबाद से बेंगलुरू जा रही एक निजी बस में शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के कुरनूल में एक दोपहिया वाहन से टक्कर के बाद आग लग गई, जिससे 20 लोगों की मौत हो गई। अधिकतर मृतकों के शव इतने जल चुके थे कि उनकी पहचान नहीं की जा सकती। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों में वह बाइक सवार भी शामिल है जिसकी मोटरसाइकिल ट्रक से टकराई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख व्यक्त किया। कुछ शव इतने जल चुके थे कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही थी, जिसके कारण अधिकारियों को मृतकों के डीएनए नमूने एकत्र करने के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाना पड़ा। एक अधिकारी ने बताया कि कई यात्री इस दुर्घटना में बच नहीं पाए क्योंकि हादसा रात में हुआ और तब यात्री सो रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा भी की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल कुरनूल में चिन्नातेकुर के पास बस से टकरा कर उसके नीचे आ गई और उसकी ईंधन टंकी का ढक्कन खुल गया।

### आंध्र बस अग्निकांड के पीड़ितों के परिजनों के लिए पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा

तेलंगाना सरकार ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में बस में आग लगने की घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की शुक्रवार को घोषणा की। तेलंगाना के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने बताया कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के निर्देशानुसार दुर्घटना में घायल हुए लोगों को दो-दो लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

## युवाओं को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे हैं: रोजगार मेले में प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार युवाओं को सशक्त बनाने के लिए काम कर रही है और सरकारी नौकरी पाने से वंचित उम्मीदवारों को निजी क्षेत्र के संभावित नियोक्ताओं से जोड़ने के लिए रास्ते बनाए गए हैं। सत्रहवें रोजगार मेले में मोदी का पहले से रिकार्ड किया गया एक संदेश चलाया गया जिसमें उन्होंने कहा कि यहां तक कि देश की विदेश नीति भी युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर बनायी जा रही है। देश भर में आयोजित रोजगार मेलों में 51,000 से अधिक उम्मीदवारों को सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र सौंपे गए। मोदी ने कहा कि देशभर में रोजगार मेलों के जरिए अब तक 11 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने एक नयी पहल 'प्रतिभा सेतु पोर्टल' शुरू की है जो उन अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान करती है जो संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा के परिणाम की अंतिम सूची में तो पहुंच गए थे, लेकिन चयनित नहीं हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, उनके प्रयास व्यर्थ नहीं जाएंगे, क्योंकि निजी और सार्वजनिक दोनों संस्थान अब पोर्टल के माध्यम से इन प्रतिभाशाली लोगों से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा प्रतिभाओं का ऐसा इष्टतम उपयोग दुनिया को भारत की क्षमता का प्रदर्शन कराएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, ''युवाओं को सशक्त बनाना भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार की प्राथमिकता है।'' मोदी ने कहा कि भारत ने कई यूरोपीय देशों के साथ निवेश साझेदारी की है, जिससे रोज-गार के हजारों नये अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा, ''हमने निवेश को बढ़ावा देने और स्टार्टअप तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को सहयोग देने के लिए ब्राजील, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और कनाडा जैसे देशों के साथ कई समझौते किए हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों से छठ को समर्पित गीत साझा करने का आग्रह किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों से छठ पर्व पर आधारित गीत साझा करने का शुक्रवार को आग्रह किया। दिवाली के छह दिन बाद मनाया जाने वाला छठ पर्व सूर्य देव और छठी मैया की उपासना को समर्पित है। मोदी ने नागरिकों से छठी मैया को समर्पित गीत साझा करके भक्ति और सांस्कृतिक एकता की भावना से जुड़ने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''प्रकृति और संस्कृति को समर्पित महापर्व छठ आने वाला है। बिहार सहित देशभर में इसकी तैयारियों में श्रद्धालु पूरे भक्ति-भाव से जुट चुके हैं।''

## रेखा गुप्ता ने छठ घाटों का किया उद्घाटन, आप पर त्योहार की तैयारी को लेकर झूठ फैलाने का लगाया आरोप



**नयी दिल्ली :** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में कई छठ घाटों का उद्घाटन किया और कहा कि इस साल यह त्योहार पूरी भव्यता से मनाया जाएगा। उन्होंने विपक्षी दल आम आदमी पार्टी (आप) पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि पार्टी के नेता ''झूठ'' फैला रहे हैं। आप की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष समेत पार्टी नेताओं ने शहर में छठ की तैयारियों को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। गुप्ता ने कहा कि इस साल छठ की सुंदरता और भव्यता ऐसी होगी जो पहले कभी नहीं देखी गई होगी। उन्होंने कहा, ''हमारे काम में खामियां निकालने के लिए (सोशल मीडिया पर) वीडियो पोस्ट करने वाले कुछ भी कह सकते हैं लेकिन हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।'' उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली में कोई विकास कार्य किए बिना सत्ता में 11 साल बर्बाद कर दिए। गुप्ता ने लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में 70 लाख रुपये से निर्मित छठ घाट का उद्घाटन करते हुए कहा, ''झूठ फैलाना और प्रचार करना उनकी आदत है। लेकिन भाजपा सरकार जो वादा करती है उसे पूरा करती है। अभी तो केवल आठ महीने हुए हैं और अब भी बहुत काम किया जाना बाकी है।'' उन्होंने त्योहार से जुड़ी तैयारियों का भी निरीक्षण किया और द्वारका क्षेत्र में दो छठ घाटों का उद्घाटन किया।

### सिंगापुर पुलिस जुबिन गर्ग मामले में 10 दिनों में महत्वपूर्ण सबूत पेश करेगी: एसआईटी प्रमुख

**गुवाहाटी :** सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) अगले 10 दिनों के भीतर जुबिन गर्ग की मौत से संबंधित सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य उपलब्ध करा सकता है। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को दी। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीआईडी के विशेष डीजीपी मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने कहा कि असम पुलिस ने दक्षिण पूर्व एशियाई देश में अपने समकक्षों से अनुरोध किया है कि वे जांच को समय पर पूरा करने के लिए सभी प्रासंगिक जानकारी प्रदान करें। गुप्ता और तिताबोर के सह-जिला पुलिस अधीक्षक तरुण गोयल, जो गायक की अप्राकृतिक मौत की जांच के लिए चार दिन पहले सिंगापुर गए थे, बृहस्पतिवार को लौट आए।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर का भाग्य बदल गया: रीजीजू



**जम्मू :** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 को हटाये जाने के बाद जम्मू-कश्मीर का ''भाग्य'' बदल गया है और क्षेत्र में शांति एवं विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। रीजीजू ने बिहार विधानसभा चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि पूरे देश में ''मोदी लहर'' है और हर जगह लोगों का मानना है कि उनके नेतृत्व में भारत का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल है। रीजीजू ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैंने व्यक्तिगत रूप से महसूस किया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में और अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद, जम्मू-कश्मीर की नियति बदल गई है। आज जम्मू-कश्मीर शांति और विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, दुनिया कश्मीर देखना चाहती है। यह बहुत खूबसूरत जगह है। जब यहां शांति और प्रगति दोनों होगी, तो यह और भी शानदार लगेगा। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही, जहां प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कटरा में एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत युवाओं को नौकरी के पत्र सौंपे गए।

## रात में तेज रोशनी के संपर्क में रहने से 56 प्रतिशत तक बढ़ सकता है हृदय गति रुकने का खतरा: अध्ययन

**नयी दिल्ली :** रात में फोन चलाना सहित तेज रोशनी के संपर्क में रहना हृदय गति रुकने के जोखिम को 56 प्रतिशत तक बढ़ा सकता है और 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में यह हृदय संबंधी बीमारियों का एक बड़ा कारण बन सकता है। एक नए अध्ययन में यह जानकारी सामने आयी है। ऑस्ट्रेलिया के 'फ्लिंडर्स विश्वविद्यालय' के शोधकर्ताओं ने ब्रिटेन में लगभग 89,000 लोगों द्वारा कलाई में पहने गए सेंसरों से जुटाए गए 1.3 करोड़ घंटे से अधिक प्रकाश-संपर्क जानकारियों का विश्लेषण किया। इन लोगों को लगभग नौ साल तक अध्ययन में शामिल रखा गया। अध्ययन में पाया गया कि रात में रोशनी के संपर्क में रहने से दिल का दौरा पड़ने का खतरा 47 प्रतिशत, 'कोरोनरी आर्टरी डिजीज' का खतरा 32 प्रतिशत और 'स्ट्रोक' का खतरा 28 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। 'जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन नेटवर्क ओपन' में प्रकाशित इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने लिखा, रात में तेज रोशनी के संपर्क में रहना 40 साल से अधिक उम्र के लोगों में हृदय संबंधी बीमारियों का प्रमुख जोखिम बन सकता है। फ्लिंडर्स विश्वविद्यालय में शोध सहयोगी और प्रमुख लेखक डैनियल विंड्रेड ने कहा, यह पहला बड़ा अध्ययन है जिसमें साबित हुआ है कि रात में रोशनी में रहने मात्र से भी दिल की बीमारी का बड़ा जोखिम खड़ा हो सकता है।

## देश को 2047 तक विकसित बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी: मुर्मू



**कोच्चि :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि देश को अपनी जनसांख्यिकी का लाभ उठाने और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। यहां सेंट टेरेसा कॉलेज के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए, मुर्मू ने यह भी कहा कि महिला नेताओं के नेतृत्व वाला समाज अधिक मानवीय होने के साथ-साथ अधिक कुशल भी होगा। उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में जेंडर बजट आवंटन में साढ़े चार गुना वृद्धि हुई है और 2011 से 2024 के बीच महिलाओं के नेतृत्व वाले एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। राष्ट्रपति ने कहा, ''2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रमुख स्तंभों में से एक है -कार्यबल में महिलाओं की 70 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना।'' उन्होंने कहा, ''विभिन्न सामाजिक-आर्थिक वर्गों की महिलाएं भारत की प्रगति में अग्रणी रही हैं।'' उन्होंने आगे कहा कि केरल में देश में सबसे अनुकूल लिंगानुपात है और 'अन्य राज्य भी इसका अनुकरण कर सकते हैं।' राष्ट्रपति ने कहा कि केरल की महिलाओं ने राष्ट्र को नेतृत्व प्रदान किया है और संविधान सभा की 15 महिला सदस्यों में राज्य की तीन महिलाएं शामिल थीं। मुर्मू ने कहा कि तीनों महिलाओं - अम्मू स्वामीनाथन, एनी मस्कारेने और दक्षायनी वेलायुधन ने मौलिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और लैंगिक समानता के साथ-साथ कई अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार-विमर्श को प्रभावित किया था।

### वायुसेना प्रमुख ने वैश्विक खतरों से निपटने के लिए प्रशिक्षण प्रणाली में सुधार का आह्वान किया



**बेंगलुरु :** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने शुक्रवार को जोर देकर कहा कि उभरते ''वैश्विक खतरों'' और प्रौद्योगिकियों के मद्देनजर रक्षा बलों को अनुकूलनीय, सक्षम और युद्ध-कुशल बनाए रखने के लिए सैन्य प्रशिक्षण में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने 23 और 24 अक्टूबर को बेंगलुरु स्थित मुख्यालय प्रशिक्षण कमान (एचक्यू टीसी) में आयोजित प्रशिक्षण कमान कमांडर्स सम्मेलन 2025 की अध्यक्षता की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस सम्मेलन में प्रशिक्षण कमान के अंतर्गत सभी प्रशिक्षण संस्थानों के कमांडरों ने भाग लिया। बयान में कहा गया है कि सम्मेलन में कई विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनमें प्रशिक्षण दर्शन का आधुनिकीकरण, बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण और भारतीय वायु सेना की बदलती परिचालन आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षण प्रथाओं का समन्वय शामिल था। इसमें कहा गया, वायुसेना प्रमुख (सीएएस) ने सभी प्रशिक्षण संस्थानों के प्रदर्शन की समीक्षा की, उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की और सुधार के प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की।

### विद्यालय में हिजाब पहनने की अनुमति नहीं देना धर्मनिरपेक्ष शिक्षा से वंचित करना है: केरल सरकार

**कोच्चि :** केरल सरकार ने शुक्रवार को यहां उच्च न्यायालय में कहा कि एक मुस्लिम लड़की को स्कूल में हिजाब पहनने की इजाजत न देना उसकी निजता और गरिमा पर हमला है तथा उसे 'धर्मनिरपेक्ष शिक्षा के उसके अधिकार से इनकार' करना है। सरकार ने कहा कि लड़की का अपने घर में और घर के बाहर हिजाब पहनने का अधिकार,'विद्यालय के द्वार पर खत्म नहीं हो जाता है।' ये बातें एक हलफनामे में कही गई हैं, जो यहां पल्लुरुथी में चर्च संचालित 'सेंट रीटा पब्लिक स्कूल' की एक याचिका के जवाब में दायर किया गया था। इस याचिका में सामान्य शिक्षा विभाग के उस निर्देश को चुनौती दी गई थी जिसमें मुस्लिम लड़की को 'हिजाब' पहनकर कक्षा में जाने की इजाज़त दी गई थी। विद्यालय ने विभाग के नोटिस को भी चुनौती दी थी, जिसमें कहा गया था कि शिक्षण संस्थान में 'गंभीर गड़बड़ी' है। जब शुक्रवार को इस मामले पर सुनवाई हुई, तो लड़की की तरफ से पेश हुए वकील ने कहा कि उसके माता-पिता ने उसे इस स्कूल से हटाकर किसी दूसरे शिक्षण संस्थान में प्रवेश दिलाने का फैसला किया है। छात्रा के माता-पिता की ओर से दी गई दलील को देखते हुए, अदालत ने कहा कि विवादित मुद्दों पर जाने की जरूरत नहीं है। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के वकील की इस बात पर भी ध्यान दिया कि बच्चे के माता-पिता के रुख को देखते हुए, विभाग इस मामले में आगे बढ़ना नहीं चाहता है। न्यायमूर्ति वी जी अरुण ने कहा, ''यह अदालत यह देखकर खुश है कि अच्छी समझदारी दिखाई गई है और 'भाईचारा', जो हमारे महान संविधान की नींव के मुख्य सिद्धांतों में से एक है, मजबूत बना हुआ है।

## आईएसआईएस के दो संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

### दिल्ली स्थित घर से विस्फोटक सामग्री औंर आईईडी टाइमर बरामद



**नयी दिल्ली :** दिल्ली और मध्य प्रदेश से आईएसआईएस के दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित एक घर से प्लास्टिक बम, पेट्रोल बम, टाइमर उपकरण और आतंकी संगठन के झंडे समेत विस्फोटक बनाने की सामग्री जब्त की है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान दिल्ली निवासी मोहम्मद अदनान खान उर्फ अबू मुहरिब (19) और मध्य प्रदेश के भोपाल निवासी अदनान खान उर्फ अबू मोहम्मद (20) के रूप में हुई है, जो दक्षिण दिल्ली के एक मॉल और एक सार्वजनिक पार्क सहित शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में आतंकवादी हमला करने की साजिश रच रहे थे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) प्रमोद सिंह कुशवाह ने एक बयान में कहा, ''सादिक नगर में मोहम्मद अदनान के घर की तलाशी के दौरान तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनमें आईएसआईएस की प्रचार सामग्री, तस्वीरें और रिमोट से विस्फोट करने की प्रणाली तथा पेट्रोल बम के साथ प्लास्टिक बम बनाने के निर्देशों वाली जानकारी थी।'' बयान में कहा गया कि उसके घर से एक पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क, आईएसआईएस का एक झंडा-वफादारी की शपथ के दौरान इस्तेमाल किया गया कपड़ा- तथा आईईडी में इस्तेमाल होने वाली एक टाइमर घड़ी भी बरामद की गई है।

## पनडुब्बी रोधी पोत 'माहे' नौसेना को सौंपा गया



**नयी दिल्ली :** उन्नत रडार और सोनार से लैस एवं पनडुब्बी रोधी क्षमता वाले पोत 'एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट' (एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी) 'माहे' भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल), कोच्चि द्वारा निर्मित आठ एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसीएएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी में से यह पहला पोत है। केंद्र शासित पुडुचेरी के ऐतिहासिक बंदरगाह के नाम पर इस पोत का नामकरण हुआ है। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि 'माहे' को 23 अक्टूबर को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि यह तटीय जलक्षेत्रों में निगरानी, कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों, पनडुब्बी रोधी युद्ध (एएसडब्ल्यू) के लिए सुसज्जित है और इसमें उन्नत बारूदी सुरंग बिछाने की क्षमता है।

## मुंबई के राजभवन में 'मोदी का मिशन' पुस्तक का लोकार्पण



राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री समारोह में शामिल हुए

**मुंबई :** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जीवन, विचारों और कार्यशैली पर आधारित पुस्तक 'मोदी का मिशन' का आज लोकार्पण किया गया। इसके लिए मुंबई के राजभवन में भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे उपस्थित हुए। प्रसिद्ध वकील और लेखक श्री बर्जिस देसाई की यह पुस्तक मोदी जी के जीवन को एक विचार की कहानी के रूप में प्रस्तुत करती है जो राष्ट्रीय पुनर्जागरण और आत्मनिर्भर भारत का विचार है। लेखक प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को विकसित भारत के पुनरुद्धार के उद्देश्य से मिशन के रूप में वर्णित करते हैं। श्री देसाई ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दृढ़ संकल्प और उद्देश्य के माध्यम से शुरुआती पूर्वाग्रहों और झूठे आख्यानों पर विजय प्राप्त की। यह पुस्तक अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने, जीएसटी के कार्यान्वयन, विमुद्रीकरण और पारदर्शी शासन की दिशा में प्रयासों सहित प्रमुख नीतिगत निर्णयों का विश्लेषणात्मक विवरण प्रस्तुत करती है। इस अवसर पर राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि जो व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में भी अपना रास्ता स्वयं बनाता है, वह वास्तव में महान होता है, और मोदी जी ने ठीक वैसा ही किया है। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी जी ने कई जटिल राष्ट्रीय मुद्दों को शांतिपूर्वक और बिना किसी विवाद के सुलझाया है, और उनके नेतृत्व ने दुनिया भर में भारत और भारतीयों का सम्मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि 'मोदी का मिशन' पुस्तक मोदी जी के जीवन और दृष्टिकोण को विस्तार से प्रस्तुत करती है, यह दर्शाती है कि उन्होंने अपने मिशन को कैसे परिभाषित किया और उसे प्राप्त करने के लिए कैसे अडिग रहे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने की नींव रखी है, गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि जहाँ 20वीं सदी महात्मा गांधी की थी, वहीं 21वीं सदी नरेंद्र मोदी की है।

## इंदौर में 30 से ज्यादा लोगों की आंखों में चोट के मामले सामने आने पर 'कार्बाइड गन' प्रतिबंधित



**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** इंदौर के जिला प्रशासन ने 'कैल्शियम कार्बाइड' से चलने वाली देशी बंदूक के कारण बढ़ती दुर्घटनाओं के मद्देनजर शुक्रवार को इस खतरनाक खिलौने पर प्रतिबंध लगा दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी शिवम वर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी आदेश में कहा,''अवैध तौर पर तैयार कार्बाइड गन से आम जन के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लिहाजा इसका निर्माण, भंडारण, क्रय-विक्रय, वितरण, प्रदर्शन और इसे चलाना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।'' अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन के इस प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस कानूनी प्रावधान के तहत दोषी को एक वर्ष तक के कारावास या 5,000 रुपये तक के जुर्माने या दोनों सजाओं से दण्डित किया जा सकता है। इस बीच, इंदौर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि दीपावली के त्योहार के आस-पास शहर के अलग-अलग अस्पतालों में ऐसे 31 मरीज आए जिनकी आंखें कार्बाइड गन से जुड़ी दुर्घटनाओं में गंभीर तौर पर चोटिल हो गई थीं। उन्होंने बताया कि इनमें मध्यप्रदेश के इंदौर, देवास, आगर-मालवा, सीहोर, शाजा-पुर, खंडवा, खरगोन और राजगढ़ जिलों के मरीजों के साथ ही झारखंड का एक रोगी शामिल है। हासानी ने बताया कि कार्बाइड गन से जुड़ी दुर्घटनाओं में घायल मरीजों की उम्र तीन से 31 साल के बीच है और इनमें ज्यादातर बच्चे हैं। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटनाओं के चलते इंदौर से पहले भोपाल और ग्वालियर जिलों में भी कार्बाइड गन पर पाबंदी लगाई जा चुकी है।

### बारिश के कारण श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच महिला विश्व कप मैच रद्द

**कोलंबो:** श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच शुक्रवार को यहां आईसीसी महिला विश्व कप मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। इस मैदान पर 11 मैच में यह पांचवां मैच है जो बारिश के कारण बिना किसी नतीजे के समाप्त हुआ है जिससे टूर्नामेंट की योजना पर सवाल उठ रहे हैं। बारिश रुकने के बाद टॉस हुआ और उसके बाद पाकिस्तान ने 4.2 ओवर में बिना विकेट गंवाए 18 रन बना लिए थे। इसके बाद फिर बारिश आ गई। इससे पहले बारिश के कारण टॉस में तीन घंटे से ज्यादा की देरी के बाद मैच 34-34 ओवर का कर दिया गया था। यह हैरानी की बात नहीं है कि इस समय पूर्वोत्तर मानसून इस क्षेत्र में दस्तक देता है, फिर भी आयोजक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही चले जिससे टीमों और प्रशंसकों को मौसम की मार झेलनी पड़ी।

### भारत के पलाश मंडल ने एवाईजी में लड़कों की 5000 मीटर पैदल चाल में कांस्य पदक जीता

**रिफा (बहरीन):** भारत के पलाश मंडल ने शुक्रवार को यहां एशियाई युवा खेलों (एवाईजी) में लड़कों की 5000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। मंडल ने 24:48.92 सेकंड का समय निकालकर फाइनल में तीसरा स्थान हासिल किया। चीन के हाओजे झांग (21:43.82 सेकंड) ने पहला जबकि उनके हमवतन युजी लू (22:28.64 सेकंड) ने दूसरा स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा का मीट रिकॉर्ड भारत के नितिन गुप्ता के नाम है जिन्होंने 2025 में पटना में 19:24.48 सेकंड का समय निकाला था। भारत ने नाम 27 अक्टूबर तक चलने वाले इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में दो स्वर्ण, तीन रजत और सात कांस्य पदक है। चीन आठ स्वर्ण, 11 रजत और दो कांस्य के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है, उसके बाद थाईलैंड (छह स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य) और उज्बेकिस्तान (छह स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य) का स्थान है।

# ऑस्ट्रेलिया में आखिरी मैच खेल सकते हैं कोहली और रोहित, गेंदबाजी की पहेली सुलझानी होगी भारत को



**सिडनी:** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और उनके साथी रोहित शर्मा शनिवार को यहां जब तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में खेलने के लिए उतरेंगे तो भावनाओं का ज्वार अपने चरम पर हो सकता है क्योंकि यह ऑस्ट्रेलिया की धरती पर इन दोनों का संभवत: अंतिम मैच होगा। रोहित शर्मा ने दूसरे वनडे में 97 गेंदों पर 73 रन बनाकर कुछ राहत की सांस ली है, लेकिन कोहली दोनों मैच में खाता खोलने में असफल रहे। यह वनडे क्रिकेट में पहला अवसर है जबकि वह लगातार जो मैच में खाता नहीं खोल पाए। इसने निश्चित रूप से उनके कट्टर प्रशंसकों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या यह अंत की शुरुआत है। रोहित पहली बार 2007-08 में वन डे श्रृंखला के लिए यहां आए थे जबकि कोहली का सीनियर टीम के साथ पहला दौरा 2011-12 सत्र में था जब उन्होंने एडिलेड में टेस्ट शतक लगाकर अपना प्रभाव छोड़ा था। अगले दो वर्षों में ऑस्ट्रेलिया में कोई एकदिवसीय श्रृंखला नहीं होने के कारण यह सोचना असंभव है कि यह जोड़ी फिर से भारत की तरफ से ऑस्ट्रेलिया में खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने वर्तमान श्रृंखला के पहले दोनों मैच जीत कर सीरीज अपने नाम कर दी है लेकिन कोहली और रोहित की मौजूदगी के कारण तीसरा एकदिवसीय मैच क्रिकेट प्रेमियों के लिए महत्वपूर्ण बन गया है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर मौजूद दर्शक निश्चित तौर पर इन दोनों से अच्छी पारी की उम्मीद करेंगे। यह मैच इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि गौतम गंभीर की कोचिंग वाली भारतीय टीम 0-3 से क्लीन स्वीप से बचना चाहती है लेकिन आंकड़े भारतीय टीम के पक्ष में नहीं हैं। उसने यहां जो पिछले पांच वनडे मैच खेले हैं उनमें से उसे केवल एक मैच में जीत मिली है। कप्तान शुभमन गिल और कोहली दोनों से बड़ी पारी दरकार है और गंभीर को अंतिम मैच में दोनों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पिछले दो मैचों में बुरी तरह से पराजित होने वाली भारतीय टीम गेंदबाजी के अपने संसाधनों के साथ समझौता करने की कीमत पर बल्लेबाजी को मजबूत करने की अपनी रणनीति पर फिर से विचार करना चाहेगी क्योंकि कुलदीप यादव जैसे मैच विजेता खिलाड़ी को नजरअंदाज करना टीम के लिए अभी तक अच्छा साबित नहीं हुआ है। भारत ने अब तक स्पिन विभाग की जिम्मेदारी अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर पर डाली है जो अच्छी बल्लेबाजी भी कर सकते हैं लेकिन यह दोनों गेंदबाजी में प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं और ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को उन्हें खेलने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई है। भारत का वर्तमान टीम प्रबंधन ऑलराउंडर को प्राथमिकता देता रहा है लेकिन नीतीश कुमार रेड्डी जैसे बल्लेबाज को आठवें नंबर पर उतारना सही रणनीति नहीं लगती है। गेंदबाजी में भी वह प्रभाव छोड़ने में असफल रहे। हर्षित राणा के मामले में, दूसरे और तीसरे स्पैल में उनकी गति में आई उल्लेखनीय गिरावट इस बात का प्रमाण है कि वह अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। उनकी जगह पर प्रसिद्ध कृष्णा को अंतिम एकादश में शामिल किया जाना चाहिए।

## भारत में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप से हटा पाकिस्तान



**नयी दिल्ली:** पाकिस्तान ने नवंबर-दिसंबर में भारत में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप से नाम वापस ले लिया है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने शुक्रवार को पीटीआई को इसकी पुष्टि की। एफआईएच ने कहा कि 28 नवंबर से 28 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की जगह लेने वाली टीम की घोषणा जल्द ही की जाएगी। एफआईएच ने पीटीआई को जारी बयान में कहा, 'हम पुष्टि कर सकते हैं कि पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) को सूचित कर दिया है कि उनकी टीम भारत के तमिलनाडु में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप में भाग नहीं लेगी। पाकिस्तान ने इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया था।' बयान में कहा गया, ''इस प्रतियोगिता के लिए पाकिस्तान की जगह लेने वाली टीम की घोषणा जल्द ही की जाएगी।'' पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले और उसके बाद भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के रूप में की गई जवाबी कार्रवाई के बाद से दोनों देशों के बीच खेल संबंध प्रभावित हुए हैं।

## शाहबाज की वापसी, बारिश के खतरे के बीच बंगाल की नजरें दूसरी जीत पर

**कोलकाता:** स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर शाहबाज अहमद की वापसी से उत्साहित बंगाल शनिवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच में गुजरात के खिलाफ लगातार दूसरी जीत दर्ज करने की कोशिश करेगा। हालांकि चौथे दिन बारिश का खतरा मंडरा रहा है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुसार शुक्रवार को दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने निम्न दबाव मंगलवार तक एक चक्रवाती तूफान में बदल सकता है और कोलकाता में भारी बारिश तथा गरज के साथ बिजली गिरने का अनुमान है। स्पोर्ट्स हर्निया और बंगाल प्रो टी20 लीग के दौरान लगी कंधे की चोट से उबरने के बाद शाहबाज नवंबर 2024 के बाद पहली बार मैदान पर उतरेंगे। वह पिछली बार इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ खेले थे। उनके शामिल होने से टीम को संतुलन प्रदान करने की उम्मीद है जिससे बंगाल की बल्लेबाजी को जरूरी गहराई मिलेगी। शाहबाज ने मैच से पहले नेट्स पर लंबे समय तक बल्लेबाजी और गेंदबाजी की। गुजरात के खिलाफ मैच में युवा स्पिन ऑलराउंडर विशाल भाटी की जगह उन्हें अंतिम एकादश में शामिल किए जाने की संभावना है। मुख्य कोच लक्ष्मी रतन शुक्ला ने कहा, ''शाहबाज की वापसी से टीम का संतुलन निश्चित रूप से मजबूत होगा। हमें उम्मीद है कि वह गुजरात के खिलाफ अच्छी भूमिका निभा पाएंगे।' शाहबाज के आने से बंगाल के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी जिसकी अगुवाई भारत के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मोहम्मद शमी और आकाश दीप कर रहे हैं। अनुभवी शमी ने पिछले मैच में बंगाल को उत्तराखंड पर आठ विकेट से शानदार जीत दिलाई थी। उन्होंने मैच में सात विकेट लिए और आकाश, ईशान पोरेल और सूरज जायसवाल के साथ मिलकर एक मजबूत तेज गेंदबाजी चौकड़ी बनाई। हालांकि पहली पारी में शमी लय में नहीं थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी की और गेंद को स्विंग और रिवर्स स्विंग कराया जिससे बंगाल को पूरे छह अंक हासिल करने में मदद मिली। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन और आकाश दोनों को छह नवंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए भारत 'ए' टीम में शामिल किया गया है जिसका मतलब है कि वे त्रिपुरा और रेलवे के खिलाफ बंगाल के अगले दो मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

## सुपर कप के आगाज से भारतीय फुटबॉल में नई जान फूंकने की उम्मीद

**फातोर्दा:** बड़े बदलाव की आस देख रहे भारतीय फुटबॉल में शनिवार से यहां शुरू होने वाले सुपर कप सेक्लबों को अपनी टीमें बनाने, अपने खिलाड़ियों को तैयार करने, मैच खेलने काबहुमूल्य समय हासिल करने और महाद्वीपीय क्वालीफिकेशन की उम्मीदों को हौसला मिलेगा। सुपर कप का आयोजन आम तौर पर सत्र के अंत में भुवनेश्वर में होता है लेकिन इंडियन सुपर लीग के आयोजन को लेकर ऊहापोह की स्थिति के बीच इस बार इसका आयोजन गोवा में सत्र के शुरुआत में हो रहा है। टूर्नामेंट की शुरुआत ग्रुप ए में कोलकाता की दो दिग्गज टीमों के बीच मुकाबले के साथ होगी। ईस्ट बंगाल अपने अभियान की शुरुआत बम्बोलिम में डेम्पो एससी के खिलाफ करेगा, जबकि हाल ही में आईएफए शील्ड जीतने वाली मोहन बागान की टीम शाम में फातोर्दा में चेन्नइयिन एफसी की चुनौती का सामना करेगी। टूर्नामेंट में 16 टीमें प्रतिस्पर्धा कर रही है जिसमें आईएसएल से ओडिशा एफसी को छोड़कर 12 जबकि आई-लीग की चार टीमें भाग ले रही है। टीमों को चार ग्रुपों में विभाजित किया है और हर ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। इसका फाइनल 22 नवंबर को खेला जायेगा। सुपर कप चैंपियन एएफसी चैंपियंस लीग टू के प्रारंभिक चरण में जगह बना लेंगे, जिससे एएफसी रैंकिंग में गिरावट के बाद भारतीय क्लबों के लिए शुरुआती जीत महत्वपूर्ण हो जाएगी। भारत के रिकॉर्ड गोल स्कोरर दिग्गज सुनील छेत्री की यह आखिरी प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट हो सकता है। बेंगलुरु एफसी के 41 वर्षीय खिलाड़ी ने मार्च में अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापसी की थी। उन्होंने इस साल अभी तक प्रतिस्पर्धी मैचों में गोल नहीं किया है। आईएसएल सत्र पर कोई स्पष्टता नहीं होने के कारण, सुपर कप उनका आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है क्योंकि वह शानदार प्रदर्शन के साथ खेल को अलविदा कहना चाहेंगे। सुपर कप के लिए ग्रुप: ग्रुप ए: मोहन बागान एसजी, चेन्नइयिन एफसी, ईस्ट बंगाल एफसी, रीयाल कश्मीर एफसी ग्रुप बी: एफसी गोवा, जमशेदपुर एफसी, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी, इंटर काशी ग्रुप सी: बेंगलुरु एफसी, मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब, पंजाब एफसी, गोकुलम केरला एफसी ग्रुप डी: मुंबई सिटी एफसी, केरला ब्लास्टर्स एफसी, हैदराबाद एफसी, राजस्थान यूनाइटेड एफसी।

## भारत 'ए' पुरुष टीम अपराजित रही, महिला टीम ने चीन दौरे में दिखाया दम



**नयी दिल्ली:** भारत की पुरुष और महिला 'ए' हॉकी टीमों ने हाल में प्रतिस्पर्धी स्थानीय टीमों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन और बहुमूल्य अनुभव प्राप्त करते हुए चीन के अपने अंतरराष्ट्रीय दौरे का शानदार समापन किया। भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम ने 12 से 18 अक्टूबर तक जिआंगसु प्रांत के चांगझोउ शहर में गांसु क्लब के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला खेली और अपने सभी मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की। पुरुष टीम ने श्रृंखला की शुरुआत 7-0 की जीत के साथ की और उसके बाद 2-1 से जीत हासिल की। अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए मेहमान टीम ने तीसरे मैच में 8-0 से जीत हासिल की। श्रृंखला का समापन एक और बड़े स्कोर वाले मुकाबले के साथ हुआ जिसमें भारत 'ए' ने अंतिम मैच में गांसु को 8-3 से हराया। लालागे भारत 'ए' पुरुष टीम के लिए शीर्ष स्कोरर रहे जिन्होंने इतने ही मैचों में कुल चार गोल किए। उनके बाद संजय, कार्ति, केंचे और अंगद बीर सिंह ने श्रृंखला में तीन-तीन गोल किए। इस बीच भारत 'ए' महिला टीम ने 13 से 21 अक्टूबर तक डालियान के लियाओनिंग स्पोर्ट्स सेंटर में स्थानीय टीम लियाओनिंग के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेली। युवा टीम ने पूरे दौरे में चार ड्रॉ खेले और इसमें एक हार शामिल रही।



# जीएसटी अधिकारी ईमानदार करदाताओं के साथ विनम्र, सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करें: सीतारमण



**गाजियाबाद :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि जीएसटी अधिकारियों को ईमानदार करदाताओं के साथ विनम्र एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करना चाहिए। गाजियाबाद में सीजीएसटी भवन के उद्घाटन के अवसर पर सीतारमण ने कर अधिकारियों से तेजी से पंजीकरण मंजूरी एवं शिकायत निवारण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने और क्षेत्रीय इकाइयों से सक्रिय रूप से व्यापार करने में सुगमता लाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) स्पष्ट संदेश देगा कि कदाचार, कर्तव्य की उपेक्षा या अनैतिक व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा, ''आपके और व्यापारी के बीच कोई लोहे की दीवार नहीं है, बस हवा का एक झोंका है। आप समझ सकते हैं कि समस्या कहां है, बजाय इसके कि उसे और उलझाएं। उन्होंने कहा कि जीएसटी अधिकारियों को ईमानदार करदात-ाओं के साथ व्यवहार करते समय अधिक सहानुभूति एवं शिष्टाचार दिखाना चाहिए और उन्हें यह एहसास दिलाना चाहिए कि अगली पीढ़ी के जीएसटी के तहत उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जा रहा है। मंत्री ने कहा, '' अगर करदाताओं में कुछ लोग बुरे लोग हैं तो उन्हें पकड़ने के लिए नियमों का पालन करें लेकिन हर किसी को संदेह की नजर से न देखें। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''यह महत्वपूर्ण है कि आप विनम्र बने रहें। अगली पीढ़ी का जीएसटी केवल दरों, श्रेणियों, सरलीकरण के बारे में नहीं है। इससे करदाता को बेहतर महसूस होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विनम्रता को कानून व नियमों के साथ समझौते के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''अच्छे काम करते रहें, सुधारों की गति बनाए रखें और हमेशा याद रखें कि हमारा अंतिम लक्ष्य ईमानदार करदाताओं का जीवन आसान बनाना है। बेईमान करदाताओं को किसी भी तरह से राहत न दें। अगर हम ऐसा करेंगे, तो आर्थिक वृद्धि एवं समृद्धि निश्चित रूप से आएगी। उन्होंने कहा कि कर अधिकारियों को बेईमान करदाताओं से निपटते समय 'व्यक्तिनिष्ठ' होने की जरूरत नहीं है और उन्हें केवल निर्धारित नियमों या मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन करना चाहिए। विभागीय अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के मुद्दे पर सीतारमण ने कहा कि ऐसी कार्यवाही का शीघ्र निपटारा संगठन के भीतर जवाबदेही को मजबूत करता है। सीतारमण ने कहा, कार्यवाही लंबी चलने से संबंधित अधिकारियों, खासकर निर्दोष अधिकारियों के मनोबल एवं प्रतिष्ठा पर गलत असर पड़ता है। जिन पर गलत आरोप लगाया गया है उनके लिए जल्द फैसला राहत एवं सम्मान की बहाली लेकर आता है। अनुशासनात्मक मामलों का आदर्श वाक्य होना चाहिए, 'गलत किया है तो खैर नहीं, सही किया है तो कोई बैर नहीं'।

## घरेलू शेयर बाजार में छह दिनों के बाद गिरावट, सेंसेक्स 344 अंक फिसला

**मुंबई:** विदेशी पूंजी की निकासी और बैंकों एवं एफएमसीजी शेयरों में मुनाफावसूली के बीच घरेलू शेयर बाजार लगातार छह कारोबारी सत्रों की तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 344.52 अंक यानी 0.41 प्रतिशत गिरकर 84,211.88 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 599.25 अंक की गिरावट के साथ 83,957.15 अंक पर आ गया था। एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी 96.25 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,795.15 अंक पर बंद हुआ। इसके 50 में से 34 शेयरों में गिरावट रही। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर में सबसे अधिक 3.20 प्रतिशत की गिरावट आई। अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट रही। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सन फार्मा के शेयर लाभ में रहे। घरेलू शेयर बाजार लगातार छह सत्रों की तेजी के बाद नुकसान में रहे। इसके पीछे ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली हावी होने के अलावा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की टिप्पणी का भी हाथ रहा। गोयल ने जर्मनी में एक कार्यक्रम में कहा कि भारत जल्दबाजी में सौदे नहीं करता है और न ही समयसीमा तय करके या दबाव में आकर समझौते करता है। छुट्टियों से प्रभावित इस कारोबारी सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 259.69 अंक यानी 0.30 प्रतिशत चढ़ा जबकि निफ्टी में कुल 85.3 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की तेजी रही। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने बृहस्पतिवार को अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर को छुआ था।



### मिडवेस्ट का शेयर सूचीबद्धता के दिन निर्गम मूल्य से सात प्रतिशत चढ़कर बंद

**नयी दिल्ली:** मिडवेस्ट लिमिटेड का शेयर अपनी बाजार सूचीबद्धता के दिन शुक्रवार को अपने निर्गम मूल्य के मुकाबले सात प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर शेयर ने 1065 रुपये के निर्गम मूल्य से 9.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,165.10 रुपये पर कारोबार शुरू किया। बाद में यह 11.69 प्रतिशत बढ़कर 1,189.50 रुपये तक पहुंच गया। हालांकि कारोबार के अंत में 7.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,141.10 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर यह शेयर 9.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,165 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कारोबार के अंत में यह 7.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,140.50 रुपये पर बंद हुआ। इस तरह कंपनी का बाजार मूल्यांकन 4,126.31 करोड़ रुपये रहा।

## एनपीएस, यूपीएस में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए दो और निवेश विकल्प जोड़े गए

**नयी दिल्ली:** सरकार ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए दो नए निवेश विकल्पों- 'लाइफ साइकल' और 'बैलेंस्ड लाइफ साइकल' को मंजूरी दे दी है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह फैसला केंद्र सरकार के कर्मचारियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करता है। उनकी मांग थी कि उन्हें भी गैर-सरकारी कर्मचारियों की तरह इन पेंशन योजनाओं में अधिक निवेश विकल्प दिए जाएं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि ये विकल्प सेवानिवृत्ति योजना में लचीलापन बढ़ाने और कर्मचारियों को व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के अनुरूप अपने सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने की अनुमति देने के लिए तैयार किए गए हैं। एनपीएस और यूपीएस के तहत, केंद्र सरकार के कर्मचारी अब कई निवेश विकल्पों में से चुन सकते हैं। एक डिफ़ॉल्ट विकल्प है जो समय-समय पर पेंशन कोष नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा परिभाषित निवेश का 'डिफ़ॉल्ट पैटर्न' है। दूसरा विकल्प स्कीम-जी है जिसमें कम जोखिम, निश्चित रिटर्न के लिए 100 प्रतिशत निवेश सरकारी प्रतिभूतियों में होगा। 'लाइफ साइकल' (एलसी-25) विकल्प के तहत अधिकतम इक्विटी आवंटन 25 प्रतिशत है, जो 35 वर्ष की आयु से 55 वर्ष की आयु तक धीरे-धीरे कम होता जाता है, जबकि एलसी-50 विकल्प में अधिकतम इक्विटी आवंटन सेवानिवृत्ति कोष के 50 प्रतिशत तक सीमित है। 'बैलैंड लाइफ साइकल' (बीएलसी) विकल्प एलसी50 का ही एक संशोधित संस्करण है, जिसमें इक्विटी आवंटन 45 वर्ष की आयु से कम होता जाता है ताकि कर्मचारी लंबी अवधि के लिए इक्विटी में निवेश कर सकें।

## रूसी कच्चे तेल पर अमेरिकी प्रतिबंधों का पालन करेंगे: रिलायंस इंडस्ट्रीज

**नयी दिल्ली:** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने शुक्रवार को कहा कि वह रूसी तेल की खरीद से संबंधित ताजा अमेरिकी और अन्य पश्चिमी प्रतिबंधों का पालन करेगी। इसके साथ ही कंपनी ने कहा कि इन प्रतिबंधों को देखते हुए उसके रिफाइनरी परिचालन में बदलाव किए जाएंगे। तेल से लेकर खुदरा क्षेत्र की इस दिग्गज कंपनी ने कहा कि वह रूस से कच्चे तेल के आयात और यूरोप को परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और अमेरिका के प्रतिबंधों के प्रभावों का आकलन कर रही है। आरआईएल के एक प्रवक्ता ने कहा, 'हम यूरोप में परिष्कृत उत्पादों के आयात को लेकर यूरोपीय संघ के दिशानिर्देशों का पालन करेंगे।'' रिलायंस इंडस्ट्रीज ने कहा कि वह लागू प्रतिबंधों और नियामकीय ढांचों का पालन करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कंपनी के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज ताजा प्रतिबंधों के अनुपालन प्रावधानों को पूरा करने के लिए रिफाइनरी परिचालन में बदलाव करेगी।

## यूरोपीय संघ का उच्च-स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह भारत का दौरा करेगा

**नयी दिल्ली/ बर्लिन:** भारत और यूरोपीय संघ के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में बातचीत के लिए यूरोपीय संघ का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह भारत का दौरा करेगा। यह सात-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 27 से 29 अक्टूबर तक भारत में रहेगा और व्यापार, आर्थिक और निवेश संबंधों पर चर्चा करेगा। इस दल की अगुवाई क्रिस्टीना मेस्त्रे करेंगी। वह यूरोपीय संघ अंतरराष्ट्रीय व्यापार समिति की भारत के लिए स्थायी प्रतिनिधि हैं। इस दल में ब्रैंडो बेनिफेई भी शामिल हैं। मेस्त्रे और बेनिफेई ने एक संयुक्त बयान में कहा, इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत और यूरोपीय संघ के बीच जारी गहन व्यापार वार्ताओं के बीच आपसी समझ को और बढ़ाना है। बयान के मुताबिक, यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब 2025 के अंत तक एफटीए पर बातचीत पूरी करने की समयसीमा में कुछ ही महीने रह गए हैं।

## न्यूज अपडेट

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.49 अरब डॉलर बढ़कर 702.28 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई:** स्वर्ण भंडार के मूल्य में वृद्धि होने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 4.49 अरब डॉलर बढ़कर 702.28 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.176 अरब डॉलर बढ़कर 697.784 अरब डॉलर हो गया था। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 17 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.692 अरब डॉलर घटकर 570.411 अरब डॉलर रह गईं।

### एनएचएआई टोल प्लाजा पर मासिक, वार्षिक 'पास' की जानकारी करेगा प्रदर्शित

**नयी दिल्ली:** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने शुक्रवार को कहा कि मासिक और वार्षिक 'टोल पास' के बारे में राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को जानकारी देने के लिए टोल प्लाजा पर सूचना प्रदर्शित की जाएगी। एनएचएआई ने एक बयान में कहा कि उसने अपने क्षेत्रीय कार्यालयों को निर्देश जारी किए हैं कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित सभी टोल प्लाजा पर इन 'टोल पास' के बारे में विस्तृत जानकारी प्रमुखता से प्रदर्शित करें। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उपयोगकर्ताओं को स्थानीय मासिक और वार्षिक 'पास' सुविधा की उपलब्धता, दरों और प्रक्रियाओं के बारे में उचित जानकारी हो। यह जानकारी टोल प्लाजा के प्रवेश द्वार, ग्राहक सेवा क्षेत्र एवं प्रवेश/निकास बिंदुओं सहित दृश्यमान स्थानों पर 'साइन बोर्ड' पर प्रदर्शित की जाएगी।

### छोटे, मझोले उद्योगों को मुफ्त सलाहकार सेवाएं देगा आईसीएआई

**नयी दिल्ली:** लेखा सनदीकारों की शीर्ष संस्था आईसीएआई अनुपालन और वित्तीय मुद्दों पर छोटे और मझोले उद्योगों को मुफ्त सलाहकार सेवाएं देगा। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई), जिसमें चार लाख से अधिक सदस्य हैं, की पहल ऐसे समय में आई है जब उच्च अमेरिकी शुल्क और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताएं देश के एमएसएमई क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं। आईसीएआई के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने शुक्रवार को कहा कि आईसीएआई-एमएसएमई की पहल 'क्लिनिक' संस्थान की करीब 183 शाख-ाओं में उपलब्ध होगी, और इसका उद्देश्य विकसित भारत दृष्टिकोण के तहत ऐसी संस्थाओं को सशक्त बनाना है। उन्होंने यहां कहा कि एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) के हर सवाल का जवाब दिया जाएगा और सेवाएं नि:शुल्क होंगी। यह पहल शुक्रवार को शुरू की गई। उन्होंने कहा, ''हम एमएसएमई की मदद करेंगे... ऋण मंच के साथ ही निजी इक्विटी वित्त पोषण पर भी ध्यान दिया जा सकता है।' क्लीनिक वित्त, अनुपालन और एमएसएमई के क्रेडिट स्कोर में सुधार के तरीकों सहित कई मुद्दों पर सेवाएं प्रदान करेंगे।

### एयरलाइंस शीतकालीन सत्र में 26,495 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेंगी

**नयी दिल्ली:** विमानन कंपनियां 26 अक्टूबर से शुरू होने वाले शीतकालीन उड़ान कार्यक्रम के दौरान हर हफ्ते 26,495 घरेलू उड़ानें संचालित करेंगी जो 126 हवाईअड्डों को जोड़ेंगी। शीतकालीन उड़ान कार्यक्रम 26 अक्टूबर, 2025 से शुरू होकर 28 मार्च, 2026 तक के लिए लागू होगा। नागर विमानन मंत्रालय ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा, ''शीतकालीन उड़ान कार्यक्रम के अनुरूप 126 हवाईअड्डों से प्रति सप्ताह 26,495 प्रस्थान तय किए गए हैं, जबकि ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम 2025 में 129 हवाईअड्डों से प्रति सप्ताह 25,610 प्रस्थान थे।' मंत्रालय ने कहा कि इस बार के शीतकालीन कार्यक्रम में पिछले सत्र की तुलना में प्रति सप्ताह प्रस्थान में 5.95 प्रतिशत की वृद्धि होगी। मंत्रालय ने कहा कि नवीनतम शीतकालीन कार्यक्रम में अमरावती, हिसार, पूर्णिया और रूपसी नए हवाई अड्डे होंगे जिनमें उड़ान सेवाएं होंगी। वहीं अलीगढ़, मुरादाबाद, चित्रकूट, भावनगर, लुधियाना, पाक्योंग और श्रावस्ती हवाई अड्डों पर परिचालन निलंबित रहेगा।

वर्ष 10, पूर्णांक 3368 अंक 178, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in